वर्ष 19 | अंक 165 | पृष्ठ 12
देवघर
बुधवार, 18 दिसंबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 12 : गाबा टेस्ट वह जगह...

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com




## अब 'प्रगति यात्रा' करेंगे सीएम नीतीश

### 23 दिसंबर से बिहार के 5 जिलों का दौरा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 दिसंबर से 'प्रगति यात्रा' पर निकलेंगे। यह यात्रा पहले 'महिला संवाद' यात्रा के नाम से जानी जाती थी। इस यात्रा के जरिए वे राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे और



जनता से संवाद करेंगे। पहले चरण में 23 से 28 दिसंबर तक वे पांच जिलों का दौरा करेंगे। नीतीश कुमार अपनी 'प्रगति यात्रा' की शुरुआत 23 दिसंबर को पश्चिम चंपारण से करेंगे। इसके बाद 24 दिसंबर को वे पूर्वी चंपारण में रहेंगे। 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी के कारण यात्रा स्थगित रहेगी। 26 दिसंबर को यात्रा शिवहर और सीतामढ़ी पहुंचेगी। 27 दिसंबर को मुजफ्फरपुर में उनकी यात्रा होगी। पहले चरण का अंतिम पड़ाव 28 दिसंबर को वैशाली में होगा।

### नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा'

- 23 दिसंबर को प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे नीतीश
- पश्चिम चंपारण से होगी प्रगति यात्रा की शुरुआत
- पहले चरण में 28 दिसंबर तक नीतीश कुमार 5 जिलों की यात्रा करेंगे
- 24 दिसंबर को नीतीश कुमार पूर्वी चंपारण में रहेंगे
- 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी रहेगी
- 26 दिसंबर को नीतीश कुमार की यात्रा शिवहर और सीतामढ़ी में होगी
- 27 दिसंबर को मुजफ्फरपुर में नीतीश की प्रगति यात्रा
- 28 दिसंबर को वैशाली में पहले चरण की यात्रा का अंतिम दिन

## पेंट और कैमिकल के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

### मच गई भगदड़

**हाथरस (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में शहर के बीचो-बीच अज्ञात कारणों के चलते एक पेंट्स के गोदाम में भीषण आग लग गई। पेंट के गौदाम में आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पेंट और कैमिकल में लगी आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने जैसे-तैसे इस आग पर काबू पाया। पेंट के गौदाम में आग लगने से



लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।
सदर कोतवाली क्षेत्र में राहुल पेंट्स के नाम से दिनेश कुमार अग्रवाल का गोपीगंज की गली तेलियान में पेंट और कैमिकल का एक गोदाम है। आज इस गौदाम में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग गौदाम में रखे पेंट और कैमिकल में लगी। कुछ मिनटों में ही आग की तेज लपटें उठने लगी और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गोदाम के आस पास मौजूद लोगो में भगदड़ मच गई।

## भाजपा ने राज्यसभा सांसदों के लिए जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के चुनाव के लिए मतदान करने के लिए राज्यसभा सांसदों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। यह चुनाव गुरुवार को यानि 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कमरा नंबर 63, संविधान सदन में होगा।

## सोमनाथ नेशनल हाइवे पर हादसा छह की मौत, 20 घायल

**भावनगर/अहमदाबाद।** गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास आज सुबह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# बर्फीले मैदानों से कंपकंपाए कई राज्य

- राजस्थान समेत 10 राज्यों में शीतलहर, नोएडा-गाजियाबाद में 5वीं तक स्कूल बंद
- भोपाल में पारा 3.3 डिग्री, 53 साल का रिकॉर्ड टूटा
- एमपी-सीजी बॉर्डर पर बिछी बर्फ की चादर...2 डिग्री पहुंचा पारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिसंबर के तीसरे हफ्ते में देश के मैदानी इलाकों में तेज सर्दी जारी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर समेत 10 राज्यों में कोल्ड वेव और 13 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है। वहीं एमपी-सीजी बॉर्डर पर बर्फ की चादर बिछी हुई थी यहां 2 डिग्री पारा पहुँच गया है।

राजस्थान के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान -1 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश में 12 जिले शीतलहर की चपेट में हैं। भोपाल में 53 साल बाद दिसंबर में रात का टेंप्रेचर 3.3 डिग्री पहुंचा। यहां 1971 में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज हुआ था।

इधर दिल्ली में भी दिसंबर में चौथी बार तापमान 5 डिग्री से नीचे गया। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में प्रदूषण और ठंड के चलते 5वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बर्फबारी के बाद जम्मू-कश्मीर में शीतलहर जारी है। श्रीनगर में मंगलवार सुबह पारा माइनस 4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। कई जगह फव्वारों का पानी जमने लगा। पेड़-पौधों पर भी ओस





जम गई।

राजस्थान - 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट 14 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे।

आज भी 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। राज्य में तेज सर्दी से 22 दिसंबर तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। पिछले 24 घंटे में सीकर, झुंझुनूं के एरिया में शीतलहर का जबरदस्त असर रहा। 36 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे चला गया है।

### माउंट आबू में 2 डिग्री

राजस्थान के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में गत चौबीस घण्टे में न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां अलसुबह सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों और दुपहिया वाहनों को सीट पर बर्फ की चादर जमी नजर आ रही है। इसके अलावा मैदान में भी बर्फीली चादर दिख रही है। उत्तर प्रदेश में 31 जिलों में कोहरा, पारा 5 डिग्री, विजिबिलिटी 80 मीटर, बारिश की संभावना 31 जिलों में सुबह से कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी 80 मीटर रह गई। मौसम विभाग का कहना है कि आज बूंदाबांदी हो सकती है। मंगलवार को यहां का न्यूनतम पारा 5डिग्रीदर्ज किया गया।

**मध्य प्रदेश - 8 दिन से चल रही शीतलहर, 8 जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे-** मध्यप्रदेश में इस बार जनवरी से भी ठंडा दिसंबर है। मौसम विभाग ने भोपाल, जबलपुर समेत 20 जिलों में आज शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीती रात की तुलना में 0.9 डिग्री की बढ़ोतरी जरूर हुई है। भोपाल में 3.3 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 2.3 डिग्री रहा।

# लोकसभा में पेश हुआ एक देश-एक चुनाव बिल

- बिल को लेकर हुआ मतदान, पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े
- कांग्रेस बोली- सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव बिल के लिए 129वां संविधान बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ।

बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं।

### पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़े

12:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए।

### मेघवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का बिल भी पेश किया

मेघवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का बिल भी पेश किया। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं। इसके जरिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।

## सेना ने कहा- 1971 युद्ध की तस्वीर हटाई नहीं, उसे आर्मी चीफ लाउंज से मानेकशॉ सेंटर में शिफ्ट किया

### ताकि ज्यादा लोग देख सकें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्मी चीफ के लाउंज में लगी पाकिस्तानी सेना के समर्पण की तस्वीर को लेकर सेना का बयान आया है। सेना ने अपने एक्स हैंडल पर बताया कि 1971 युद्ध की तस्वीर हटाई नहीं गई है। इसे दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में जानबूझकर शिफ्ट किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सकें। दरअसल, सेना प्रमुख के लाउंज में 1971 के पाकिस्तानी सेना के सरेंडर वाली पेंटिंग को बदलकर एक नई कलाकृति लगाई गई है। इसमें लद्दाख के पैंगोंग त्सो, महाभारत से प्रेरित विषय-वस्तु और आधुनिक युद्ध को दर्शाया गया है, जो संभवतः चीन के साथ उत्तरी सीमा पर भारत के बढ़ते रणनीतिक फोकस को दर्शाता है।

- **सेना ने कहा- हमारी सबसे बड़ी जीत का सबूत अब ज्यादा लोग देखेंगे-** दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में तस्वीर के साथ खड़े आर्मी चीफ और अन्य अधिकारी, इस तस्वीर को एडीजी पीआई डल पर पोस्ट किया गया है।

सेना ने 16 दिसंबर को एक्स पर पोस्ट में लिखा- यह पेंटिंग भारतीय सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी सैन्य जीतों में से एक और सभी के लिए न्याय और मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में इसकी प्रदर्शनी से बड़ी संख्या में दर्शकों को लाभ मिलेगा, क्योंकि इस स्थान पर भारत और विदेश से विविध दर्शक और गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में आते हैं।

### मुख्यमंत्री ने भाजपा सांसदों से की अपील

# केंद्र से झारखंड सरकार का बकाया दिलवाने में करें मदद

**रांची (एप्र)।** केंद्र सरकार के जरिये झारखंड सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये से इनकार करने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों से अपील की है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है। उल्लेखनीय



है कि केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया नहीं है। केंद्र सरकार के इस जवाब के बाद केंद्र और राज्य के बीच इस मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ने की संभावना है। यह झारखंड के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है, जिसमें सालों से कहा जाता रहा है कि केंद्र सरकार पर रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपया का बकाया है, उसे वापस करना चाहिए।

# हाईकोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम के प्रकाशन पर लगाई रोक

**रांची (एप्र)।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता तब तक रिजल्ट जारी ना किया जाये। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे और अनुसंधान कर रिपोर्ट दें। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जनवरी, 2025 को होगी। इस संबंध में राजेश कुमार की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

### पेपर लीक को लेकर बड़ी संख्या में आंदोलित हैं छात्र

पूर्व की सुनवाई के दौरान वादी की ओर से बताया गया था कि 28 जनवरी को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 हुई थी। बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल भी हुए लेकिन छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगाया था और विरोध-प्रदर्शन किया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया था। इस परीक्षा में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है उसी प्रकार 21 एवं 22 सितंबर की भी परीक्षा में पेपर लिखा हुआ है। राजेश प्रसाद ने इस संबंध में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज की है, जिस पर भी कोई कार्रवाई नहीं करना संदेह उत्पन्न कर रहा है।

## एक नजर

### दिव्यांगों ने नियमित पेयजल, बिजली व सड़कों की समस्या को लेकर किया कांटा घर परिवहन ठप



**लोयाबाद (एप्र)।** करकेन्द कांटा घर के नजदीक स्थित गाँधी ग्राम लेप्रोसी कॉलोनी के दिव्यांगों ने नियमित पेयजल, बिजली और सड़कों की समस्याओं के खिलाफ कांटा घर की सड़क को जाम कर दिया, जिससे परिवहन ठप हो गया। लगभग पांच घंटे बीतने के बाद बीसीसीएल के गोपालीचक कोलियरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर एलएल बर्णवाल धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन समाप्त करने की अपील की, लेकिन दिव्यांग समस्या का त्वरित समाधान चाहने पर अड़े रहे। अंततः, साढ़े पांच घंटे बाद झमाडा के कर्मचारियों को बुलाकर पेयजल सप्लाई के लिए पंप लाइन का कार्य शुरू किया गया, तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ। इस घटना में गोपालीचक कोलियरी प्रोजेक्ट ऑफिसर एलएल बर्णवाल, एमके सिंह के साथ ही दिव्यांगों में बूढेश्वर टुडू, त्रिलोकी यादव, मैना मुर्मू, झगडू तुरी, सारोमणि देवी, रास मनी देवी, नीमा महतो, रवि केवट, बालिका देवी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने जलाया हेमंत सरकार का पुतला



**धनबाद (एप्र)।** रांची में सीजीएल परीक्षा का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने हेमंत सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने जेएससीसी सीजीएल परीक्षा को रद्द करने और इसमें हुई धांधली की सीबीआई जांच का भी मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम में भाग लेते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों पर बर्बरता से लाठीचार्ज करवाया।भाजपा ने पहले भी कहा है कि परीक्षा में धांधली हुई है, जिसके कारण छात्र आक्रोशित हैं। इसके बावजूद हेमंत सरकार बार-बार यह कहती रही कि परीक्षा सही तरीके से हुई है, और जब छात्र विरोध करने निकले तो उन पर लाठियाँ चलाई गईं। रांची हाईकोर्ट ने भी परीक्षा की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। भाजपा छात्रों के साथ खड़ी है और परीक्षा में धांधली की सीबीआई जांच की मांग करती है।

### शहीद शशिकांत पांडेय की मनाई गई 8 वीं पुण्यतिथि



**लोयाबाद (एप्र)।** पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक 2 नंबर में मंगलवार को ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय कार्यालय में कोयलांचल के शहीद शशिकांत पांडेय की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने अपने संबोधन में शशिकांत पांडेय को कोयलांचल का गौरव बताते हुए उनके बलिदान को नमन किया और सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से उनके साहस से प्रेरणा लेने की अपील की। श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने बारी-बारी से शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए, इसके बाद सभी लोग जोड़ापोखर स्थित शहीद शशिकांत चौक की प्रतिमा पर गए और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुभाष पासवान,अनिल शर्मा, दिलीप सिंह, अनिकेत कुमार, नंदलाल चौधरी,राजेश भारती,विकास चौधरी, विनोद सिंह,कमलेश उपाध्याय,गौरव पांडे,ज्वाला सिंह, भोला शर्मा,नरेश भारती सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### लाठीचार्ज करानेवाले पदाधिकारियों पर हो कार्रवाई : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में बरती गई अनियमितता की सीबीआई जांच कराने व विरोध कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्वक की गयी लाठीचार्ज के दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी कि कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के पुत्र-पुत्रियों, सगे संबंधियों व नाते-रिश्तेदारों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों का नाम सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बेहतर यही होता कि राज्य सरकार सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे आंदोलनकारी छात्राओं पर लाठी बरसाने के बजाय चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर स्थिति को स्पष्ट करती। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं व अभ्यर्थियों में इस बात को लेकर गुस्सा व आक्रोश है कि इस परीक्षा के संचालन में व्यापक रूप से अनियमितता व गड़बड़ी की गई है। इस स्थिति में जेएसएससी व राज्य सरकार को यह बताना चाहिए की ऐसी कोई बात नहीं है और जिन लोगों का चयन किया गया है या पास हुए हैं उन सबों का परीक्षा परिणाम आम जनों के बीच सार्वजनिक करना चाहिए।

## महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर

# धनबाद पुलिस का पांच स्थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**धनबाद (एप्र)।** पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार ने मंगलवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसम्बर को आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान शिविर अभियान के तहत 18 दिसम्बर को धनबाद के पांच स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जिसमें बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के लिए शिविर कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला में आयोजित की जाएगी, सिंदरी अनुमंडल के लिए जोरापोखर स्थित टाटा कम्युनिटी हॉल डिगवाडीह, निरसा अनुमंडल के लिए निरसा पॉलिटेक्निक कॉलेज, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 एवं 2 के क्षेत्र की जनता के लिए अल इकरा कॉलेज टुंडी गोविंदपुर रोड तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के अंतर्गत सभी थानों के लिए शिविर का आयोजन अभय सुंदरी बालिका उच्च विद्यालय हीरापुर में किया जाएगा। सिटी एसपी ने कहा कि जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल अपर भी सीधे दर्ज करा सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा




लिगल वॉलेंटियर भी शिविर में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा वरीय पदाधिकारी के माध्यम से उसका निवारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, नये कानून के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, डायल 112, डायल 1930 इत्यादि की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही संपत्ति मूलक अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध, नॉन बैंकिंग फाइनेंस, मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव के द्वारा अत्याधिक लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान 18 दिसम्बर को शिविर में आने वाले नागरिकों द्वारा संबंधित शिकायतों को प्राप्त कर उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाएगा।शिविर में प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मामले का निस्तारण उसी वक़्त शिविर मे किया जाएगा। शिविर के दौरान जिन शिकायतों का निबटारा तत्काल संभव नहीं होगा, वैसे मामलों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा। अभियान के उद्देश्य से गठित विशेष सेल यह सुनिश्चित करेगी कि जिन शिकायतों का निबटारा शिविर में नही हुआ वैसे मामलों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जा सके। पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इस कार्यक्रम के दौरान शिविर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि आम जनता को इसकी जानकारी दी जा सके। धनबाद मे रहने वाले नागरिक अपनी किसी भी तरह की शिकायत को अपने घर के नजदीक आयोजित होने जा रहे जन समस्या समाधान शिविर में जाकर दर्ज करा सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिटी एसपी अजीत कुमार के साथ डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका भी मौजूद थे।

## डीसी के जनता दरबार में एसबीआई द्वारा पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं करने की शिकायत



**धनबाद (एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। इसमें एक सेवानिवृत व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की डुमरा मोड़ ब्रांच को वर्ष 2017 में पुनरीक्षित पेंशन एवं पुनरीक्षित ग्रेच्युटी की मूल प्रति भुगतान के लिए भेजी गई थी। इसके बहुत दिनों के बाद बैंक ने उक्त दोनों प्राधिकार पत्र खोने की सूचना दी। प्राधिकार पत्र की द्वितीय प्रति निर्गत कराने के लिए बैंक से उपरोक्त दोनों के खोने के संबंध में जानकारी मांगी गई। परंतु बैंक द्वारा न तो कागजात खोने का प्रतिवेदन भेजा जा रहा है और न ही पुनरीक्षित पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा रहा है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के चिफ मैनेजर से फोन पर बात कर शीघ्र ही कागजात उपलब्ध कराने और पीड़ित व्यक्ति की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, बेड़ा नियामतपुर से सुवरियां तक के कम गुणवत्ता वाली सड़क निर्माण की जांच कराने, जबरन जमीन हड़प लेने, दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा कर रास्ता बंद कर देने, बारंबार दाखिल खारिज आवेदन रद्द कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उपायुक्त में सभी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## राम-रहीम ने किया क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन



**लोयाबाद (एप्र)।** लोयाबाद प्रीमियर लीग (लाँग पिच क्रिकेट लीग) क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का आयोजन मंगलवार को लोयाबाद 6 नंबर स्थित मजार के ग्राउंड में आर स्पोर्टस और फूड एण्ड फन रिस्टोरो की तरफ से किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिलामहासचिव व समाजसेवी (रामरहीम) असलम मंसूरी व राजकूमार महतो और जेएमएम पार्टी के बाघमारा विधानसभा के वरीय उपाध्यक्ष व समाजसेवी हरेंद्र चौहान ने फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया और सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वही कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे।

## डीसी की अध्यक्षता में की गई आयुष्मान योजना की क्रियान्वयन की समीक्षा




**धनबाद (एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सरकारी एवं निजी अस्पताल संचालकों से कहा कि उक्त योजना का लाभ हर हाल में लोगों को मिले। सरकारी एवं निजी अस्पतालों को समन्वय स्थापित कर काम करने को कहा गया।बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि योजना का संचालन सही तरीके से हो। भुगतान की प्रक्रिया कैसे सुगम हो, इसपर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर डॉक्टरों ने योजना के क्रियान्वयन, संचालन एवं भुगतान में आने वाली परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराया। कंपनी को अस्पतालों को ससमय भुगतान करने एवं भुगतान की प्रक्रिया सुगम बनाने को कहा। जिसे लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त, प्रभारी सिविल सर्जन, आयुष्मान भारत योजना के नोडल पदाधिकारी, जिले के कई डॉक्टर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## होमगार्ड जवानों की पुनः नामांकन प्रक्रिया सात से होगी शुरू



**रांची।** होमगार्ड जवानों की पुनः नामांकन प्रक्रिया सात जनवरी से शुरू होगी। जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने रांची जिले के सभी पुराने और नये महिला और पुरुष होमगार्ड के पुनः नामांकन के लिए सूचना जारी की है। जिला समादेष्टा कौशिक कुमार ने मंगलवार को बताया कि सभी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए मूल प्रमाण पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लेकर आना है और निर्धारित तिथि को वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होना है। शहरी और ग्रामीण सभी गृह रक्षकों के पुनः नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है।

## योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : सुमन ठाकुर



**रांची (एप्र)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान तिसरे दिन रातू और मांडर में प्रभात फेरी निकाली गयी। कार्यक्रम में पीएलवी सुमन ठाकुर, पम्मी देवी, पुनम देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, स्वेता वर्मा, वार्डेन इंदू लकड़ा पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, शिक्षिका शाहिदा और रोशनी उपस्थित थे। प्रभात फेरी के बाद पंचायत भवन मुड़मा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डालसा के पीएलवी के द्वारा किया गया। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मिलने वाले लाभ और उनके लिए सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना के बारे में भी जानकारी दी। लगभग 150 मजदूरों का मजदूरी कार्ड बनाया गया। पंचायत भवन में उपस्थित लोगों को झालसा प्रोजेक्ट, आत्मनिर्भरता, मानवता, शक्ति, निरोगी भवः एवं वात्सल्य, सहयोग पर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया गया।

## रक्षा राज्य मंत्री से वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**नई दिल्ली/ रांची (एप्र)।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के दिल्ली स्थित आवास पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों सहित आर्मी के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों और उनके कोच ने मुलाकात की। इस दौरान आर्मी में वुशु के विकास पर गहन चर्चा की गयी।

जहां मंत्री ने उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों का स्वागत किया और देश के लिए पदक जितने पर खिलाड़ियों को शॉल उढाकार उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सुहेल अहमद, शिवेंद्र नाथ दुबे, उदय साहू सहित सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के जॉइंट सेक्रेटरी ग्रुप कैप्टेन एम एल एस प्रसाद, वुशु खिलाडी सर्जेन्ट कुशल कुमार, हवलदार विक्रांत बालियान, हवलदार रजत चरक, सिपाही एम सूरज सिंह, सर्जेन्ट एच कारणजीत सिंह, आर्मी वुशु कोच नायब सूबेदार अमित पॉल, जूनियर वारंट ऑफिसर संतोष कुमार,लांस हवलदार चिराग शर्मा।



### आर्मी नोड को शुरुआत करने का अनुरोध

ग्रुप कैप्टेन प्रसाद ने सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एक विस्तृत जानकारी मंत्री को दी। इसपर मंत्री ने वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। अहमद ने वुशु के नये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और नोड खोलने और ताऊलु के पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं हेतु अनुरोध किया। शिवेंद्र दुबे ने आर्मी नोड के झारखंड में शुरूआत करने का अनुरोध किया ताकि झारखंड के वुशु खिलाड़ियों के लिए संभावनाओं के द्वार खुल सकें।

## सीएम के आदेश के बाद डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड़ में

# अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

### खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया

**रांची (एप्र)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में है। अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं।

डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार की देर रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी। इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था। वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

मेसरा थाना क्षेत्र से तीन स्टोन चिप्स लदे हाईवा पकड़े गये हैं वाहन संख्या जेएच-01-एफक्यू 7387, जेएच-01-एफक्यू 2185 और जेएच 01-एन 1793 है। वहीं दलादली टीओपी क्षेत्र से अवैध बालू लदे तीन हाईवा और एक टर्बो पकड़े गये हैं।



इनमें से एक हाईवा और एक टर्बो में नंबर प्लेट नहीं लगा था। वाहन संख्या जेएव-01-एन - 9988 और 01-एफएन -2526 है। तुपुदाना थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक टर्बो (वाहन संख्या जेएच 01 एउन-6799) पकड़ा गया है। बेड़ो थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो हाईवा जब्त की गयी है।

वाहन संख्या जेएव 01-एफएन- 3469 और जेएच 07-जे - 6346 है। लापुंग थाना क्षेत्र से पांच अवैध बालू लदे टर्बो वाहन पकड़े गये हैं। इनमें से चार वाहनों की संख्या जेएच-01-एफभी- 6923, खल-01-ऋक्र-9296, जेएच -01-एफआर- 5727 और जेएच 01- एएक्स-8026 है। वहीं एक वाहन पर नंबर प्लेट अस्पष्ट है।

## एक नजर

### घोरमारा व मोहनपुर में विधायक का किया गया स्वागत



**मोहनपुर (एप्र)।** देवघर विधायक सुरेश पासवान का मोहनपुर बाजार के सभा भवन कार्यकताओं ने स्वागत किया। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी के नेतृत्व में घोरमारा बाजार में स्वागत समारोह आयोजित कर विधायक का स्वागत किया गया। जिप अध्यक्ष ने अपने क्षेत्र की समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि इस बार सभी के सहयोग से परिवर्तन हुआ है। जिस पर हम खरा उतरने का काम करेंगे। हमारे विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को काफी तेजी से बढ़ाएंगे। सबसे पहले उन गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम करेंगे, जहां लोगों को दिक्कत हो रही है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य गीता मंडल, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भवेंद्र मंडल, राजद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, समाजसेवी प्रमोद यादव, विष्णु मंडल एवं अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### मधुपुर में नगर परिषद् ने चार ठेला किया जब्त



**मधुपुर (निसं)।** नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु के निर्देश पर नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा के नेतृत्व में शहर के थाना रोड व गांधी चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले चार ठेलों को जब्त कर नगर परिषद में लाया गया।जब्त ठेला वालों में मोहम्मद इस्लाम, काले मियां,सलटन, एवं झंटु बैरागी शामिल हैं।वहीं नगर परिषद के पदाधिकारियों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया कि रोड का अतिक्रमण न करें अन्यथा नगर परिषद के द्वारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मोहम्मद मंसूर आलम, मेराज रब्बानी, मिथुन रवानी, जयलाल बर्मा, औरंगजेब अंसारी, मोहम्मद अशफाक, अमरजीत पासवान, नंदू पासवान समेत नगर परिषद कर्मी उपस्थित थे।

### सखाराम गणेश देउस्कर की मनी जयंती

**करौं (एप्र)।** स्वतंत्रता संग्राम के आन्दोलनकारी, पत्रकार, लेखक, देशेर कथा के रचियता सखाराम गणेश देउस्कर की 155 वीं जयंती करौं ग्राम में मनाई गई। इस अवसर पर केन्टवेरिया, सिरिया, कमलकरडीह, डूमरतर, डिण्डाकोली, सालतर, रान्हा, गोविन्दपुर, पंचगड़िया और चांदचौरा आदि गांवों से आए दर्जनाधिक लोगों ने सखाराम की प्रतिमा में फूल-माला चढ़ाकर उन्हें याद किया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर, शांति निकेतन आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर उनके बलिदानों याद दिलाया। मौके पर जिला परिषद सदस्य ललन सिंह, अनादिशंकर सिंह , निरंजन चन्द्र, पलटन सिंह, अजीत सिंह, जयन्ती सिंह, जगन्नाथ सिंह, दिलीप सिंह, विष्णु चौधरी, परिमल बल, शक्ति सिंह, दीपक कुमार सिंह, साधन सिंह, किशोर राय, डोमन मंडल उपस्थित थे। उधर, सखाराम/ जयप्रकाश प्रांगण में एक सादे समारोह में सखाराम गणेश देउस्कर की तस्वीर पर पुष्ण अर्पित कर उनके शिक्षा के प्रति विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

### राज्यपाल को दिया गया पुस्तक मेले का आमंत्रण



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आगामी 11 से 21 जनवरी 2025 तक स्थानीय बीएड कॉलेज में 22 वां देवघर पुस्तक मेला आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए पुस्तक मेला के सचिव निर्मल कुमार राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले और उनका आमंत्रण-पत्र सौंप कर मेला में आने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने अपनी सहमति देते हुए आने का हर संभव प्रयास करने की बात कहीं। उन्होंने पुस्तक मेला आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षा पुस्तकों से प्रेम साहित्यिक रचनात्मक कार्यों में प्रोत्साहन मिलता है। ये जानकारी पुस्तक मेला आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी नवीन शर्मा ने दी।

### महिला की फंदे से लटकी मिली लाश ससुरालवालों पर हत्या का आरोप

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के जारा गांव में मंगलवार सुबह में उषा देवी (28) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घर में ही उसकी फंदे से लटकी लाश मिली है। ससुरावाले आत्महत्या की बात कह रहे हैं, जबकि मायकेवाले ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका का मायका मोहनपुर थाना क्षेत्र के तिउरनगर (तीरनगर) गांव में है और उसके पिता का नाम केला गोस्वामी है। उधर, घटना की जानकारी पाकर सोनारायठाढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका के पिता ने बताया कि तीन दिन पूर्व बेटी ससुराल गई थी। वहां बेटी की सास, ननद के अलावा अन्य लोगों ने मिलकर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए लाश को फंदे से लटका दिया। आठ माह पहले ही दामाद की मौत हो गई थी, जिससे बेटी का अवसाद में थी।

### सेविकाओं को टैब चलाने की दी गई जानकारी

**मधुपुर (निसं)।** आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए सरकार के द्वारा नयी मुहिम की शुरूआत की गई है। इसी के तहत सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में आधुनिक चयनित 7 आंगनबाड़ी सेविकाओं को 14 टैबलेट दिया गया।जिन्हें जिले से आए कोऑर्डिनेटर इनायत जमाल ने टैबलेट का प्रशिक्षण दिया। बताया जाता है कि इसका लाभ महिलाओं और बच्चों को मिलेगा। महिलाओं और बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु महिला बाल विकास विभाग ने नई पहल की है। बच्चों को खेलकूद पढ़ाई इत्यादि गतिविधियों पर ध्यान देगा। मौके पर सुपरवाइजर सलवंती हेंब्रम उपस्थित थे।

### जागरूकता अभियान चलाया गया

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लालपुर में तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। तम्बाकू निषेध पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता अव्वल आने वाली मुस्कान कुमारी, संस्कार सिंह, लकी कुमार व अन्य पांच को एनसीडी कोषांग की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रभारी प्रचार्य रामाश्रय कुमार पासवान, कविता कुमारी, समदड हुसैन, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी, विजय सिंह उपस्थित थे।

### बाइक के धक्के से जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** सोनारायठाढ़ी के बालीडीह कुशमाहा के पास बाइक के धक्के से साइकिल सवार कुंदन दास घायल हो गया। वह जरका गांव का रहने वाला है।

## नंदन पहाड़ : जूठे पत्तल, गंदगी और शराब की बोतलें पर्यटकों का करेगी स्वागत







- पर्यटन स्थल पर साफ-सफाई का इंतजाम नहीं
- पौष मास शुरू होते ही पिकनिक मनाने आने लगे सैलानी



**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।**

पौष का महीना आ गया है और देवघर में सैलानियों का आना भी शुरू हो गया है। लेकिन शहर के पिकनिक स्थलों का हाल बुरा है। साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा तक का अभाव दिख रहा है। शहर के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नंदन पहाड़ की स्थिति सबसे बुरी है। यहां जगह-जगह कूड़े-कचरे का अंबार लगा है। शराब की खाली बोतले बिखरी हुई है और पॉलिथीन का ढेर लगा है। पहाड़ पर जहां-तहां जूठे पत्तल, ग्लास और पिकनिक के बाद बचे अपशिष्ट से दुर्गंध पैदा हो रही है। इससे सैलानियों को परेशानी हो रही है, लेकिन नगर निगम बेखबर है। दिसंबर महीने में देवघर के पिकनिक स्थलों पर सबसे अधिक भीड़ जुटती है, लेकिन उसके अनुरूप पर्यटकों को सुविधाएं नहीं मिलती है। नंदन पहाड़ में पानी का संकट है, जिससे पिकनिक को आने वाले सैलानियों को परेशानी होती है।

### त्रिकूट पहाड़ पर भी साफ-सफाई मुकम्मल नहीं

वहीं सुरक्षा के नाम पर दो होमगार्ड की तैनाती की गई है, लेकिन अक्सर वे ड्यूटी छोड़कर फरार रहते हैं। त्रिकूट पहाड़ का भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां भी साफ-सफाई और सुरक्षा सबसे गंभीर समस्या है। जबकि त्रिकूट पहाड़ से पर्यटन विभाग को सालाना करोड़ों के राजस्व की प्राप्ति होती है। फिर भी पर्यटकों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा जाता है। शाम ढलते ही यहां नशेड़ियों का जुटान होने लगता है। पर्यटन विभाग के अनुसार प्रतिवर्ष देवघर में एक करोड़ से अधिक सैलानी पहुंचते हैं। फिर भी पर्यटकों की सुविधाओं के नाम पर राज्य सरकार खानापूर्ति करती है।

### पिकनिक मनाएं, लेकिन गंदगी न फैलाएं

श्वेत पत्र लोगों से अपील करता है कि शहर के पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाएं, लेकिन वहां गंदगी नहीं फैलाएं। पिकनिक के बाद जूठे पत्तल-दोना, ग्लास, पॉलिथीन और अपशिष्ट का अवश्य निपटान कर दे, ताकि दूसरे सैलानियों को परेशानी न हो। साथ ही पहाड़ और जंगल को भी नुकसान न पहुंचे।

### गंदगी देख पिकनिक नहीं किया : देवीकांत



सीतामढ़ी से आए पर्यटक देवीकांत झा ने बताया कि वे सपरिवार देवघर दर्शन करने के लिए आए हुए थे। पूजा-अर्चना के बाद नंदन पहाड़ पिकनिक मनाने गए। लेकिन यहां गंदगी देखकर वह उल्टे पांव ही होटल लौट गए।

### साफ-सफाई नहीं होने से परेशानी : विकास



पौड़ेयाहाट के स्कूल संचालक सह मुखिया विकास यादव ने बताया कि वह अपने स्कूल के बच्चों को लेकर नंदन पहाड़ पिकनिक मनाने के लिए आए हुए थे। लेकिन यहां साफ-सफाई नहीं होने के कारण काफी परेशानी हुई।

## ट्रक के धक्के से आजसू के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य की मौत, दूसरा जख्मी

- बैद्यनाथपुर-कुंडा बाइपास पर राइस मील के पास हुआ हादसा
- हादसे के बाद ड्राइवर-खलासी ट्रक छोड़ कर हुआ फरार



**देवघर (का.प्र.)।**

बैद्यनाथपुर-कुंडा बाइपास पर राइस मील के पास मंगलवार को दोपहर में ट्रक के धक्के से बुलेट सवार रामानंद मिश्रा (46) की मौत हो गई, जबकि दूसरा सवार विनोद राउत (कुंडा मोड़) जख्मी हो गया। मृतक मूल रूप से सारवां के लोहारडीह गांव का रहने वाला था और वर्तमान में करनीबाद के आजादनगर में रहता था। रामाकांत मिश्रा आजसू के पूर्व केंद्रीय समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। वहीं जख्मी विनोद का इलाज कुंडा स्थित प्राइवेट क्लीनिक में चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक को बीच सड़क पर छोड़ कर ड्राइवर और खलासी फरार हो गए। ट्रक में बुलेट मोटरसाइकिल लोड था, जिसे शोरूम ले जाया जा रहा था। हादसे की जानकारी पाकर रिखिया और कुंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक के पुत्र प्रणव मिश्रा ने बताया कि सुबह में उसके पिता अपनी बुलेट से किसी काम को लेकर बैद्यनाथपुर गए थे। वहां से वापस लौटने के क्रम में बंधा बाइपास रोड पर ट्रक के चालक ने तेजी और लापरवाही से बुलेट में धक्का मार दिया। हादसे में उसके पिता जख्मी हो गए। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने उन्हें जख्मी हालत में इलाज के लिए कुंडा स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक ले गए। लेकिन रामाकांत मिश्रा की हालत नाजुक देख उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लाश के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : मातृ मंदिर स्कूल की छात्राओं को खिलाई गई दवा



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत मंगलवार को मातृ मंदिर प्लस टू उच्च विद्यालय में सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को एल्बेंडाजोल का टेबलेट खिलाया गया। सिविल सर्जन ने कहा गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के दौरान सभी एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल का टेबलेट चबाकर खाना है। जिससे कृमि संक्रमण से बच्चों को बचाया जा सके। कृमि के कारण खून की कमी और कुपोषण होता है। यह दवा सभी बच्चों और किशोर किशोरियों को उनके स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क खिलाई जाएगी। छूटे हुए बच्चों को पुनः ये दवा मॉप उप राउंड के दौरान 23 दिसंबर को खिलाई जाएगी। बच्चों में कृमि नियंत्रण की दवाई से बहुत कम साइड इफेक्ट्स होते हैं। इसमें उल्टी दस्त पेट में हल्का दर्द थकान अनुभव होने की संभावना हो सकती है। यह साइड इफेक्ट अस्थाई होते हैं और आमतौर पर आसानी से स्कूल आंगनबाड़ी में संभाले जा सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**मधुपुर (निसं)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में सोमवार को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत परियोजना स्तर पर दूसरे चरण में आंगनबाड़ी सेविकाओं के तीन दिवसीय नई शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक महिला सुपरवाइजर नविदिता नटराजन एवं प्रियंका कुमारी ने उपस्थित सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।उन्होंने बच्चों को पोषण के साथ-साथ पढ़ाई कैसे करायी जाए इस दिशा में सेविकाओं को विशेष ध्यान देने की बात कही। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 0 से 6 वर्ष के बच्चों के विकासात्मक आयाम को विकसित करने के लिए 0 से 3 वर्ष के व 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए आधारशिला के माध्यम से विकास पर ध्यान देना होगा। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और रचनात्मक विकास की बेहतर नींव रखी जाएगी। साथ ही केंद्र को समय पर संचालन करने और साफ सफाई किए जाने की बात भी कही। ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को कैसे ख्याल रखा जाए उसके बारे में भी बताया गया।

## डीसी ने किया मधुपुर अनुमंडल ऑफिस का निरीक्षण



**देवघर (का.प्र.)।** डीसी विशाल सागर ने मधुपुर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में बैठक जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमंडल कोर्ट की पेंडेंसी के अलावा प्रधानी वाद से जुड़े मामलों को निपटाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीसी ने मधुपुर अनुमंडल अन्तर्गत सुगम व सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही वाहनों के सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु डालमिया कूप से लेकर गांधी चौक को अतिक्रमण मुक्त करते हुए सुदृढ़ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपुर और नगर परिषद के अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने साफ-सफाई व्यवस्था एवं कचड़ा उठाव की व्यवस्था पर विशेष फोकस करने का निर्देश नगर परिषद मधुपुर के अधिकारियों को दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि समय-समय पर अपने अधीनस्थ प्रखण्ड व अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करते रहें, ताकि आमजनों के समस्याओं का निराकरण ससमय होता रहे। डीसी ने अनुमंडल परिसर अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए कर्मियों व कार्यालयों के क्रियाकलापों से अवगत हुए। उपायुक्त ने कार्यालय निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति, उपस्थिति पंजि एवं बायोमेट्रिक एटेंडेंस की स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी विनय कुमार पांडेय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, अंचल अधिकारी मधुपुर यामुन रवि दास एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## रेलवे ने 425 यात्रियों से 1 लाख 67 हजार जुर्माना वसूला




**मधुपुर (निसं)।** रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में आसनसोल डिविजन अंतर्गत मधुपुर, चितरंजन व जसीडीह स्टेशन में मंगलवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । उन्होंने पटना हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, दरभंगा सिकंदराबाद एक्सप्रेस, पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन व स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना टिकट यात्री के अलावे विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य कई मामलों में कुल 425 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए रेल यात्रियों से 167025 रुपए जुर्माना वसूला गया । जांच अभियान से बिना टिकट रेल यात्रियों में खलबली रही । टिकट चेकिंग अभियान में सीआईटी मधुपुर विजय कुल्लू, सीनियर टीई प्रमोद कुमार, टीटीआई श्याम सुंदर पासवान, घनश्याम, (टीई), भुवनेश्वर मांझी टीटीआई, फुलेंद्र कुमार टीटीआई, रोहित मंडल सीसीटीसी, वापी मिश्रा, गौरव कुमार सीसीटीसी, सीआईटी जसीडीह अजीत गोंड़, टीटीआई एसआर रजक, विनीत कुमार, संजय कुमार सिंह कौशल कुमार, केके दास टीटीआई समेत रेलवे सुरक्षा बल आसनसोल, जामताड़ा मधुपुर, बराकर के अधिकारी और जवान जीआरपी समेत कोर्ट कर्मी मोहम्मद रमीज, प्रभाष झा, उदय सिन्हा, नुनु लाल हेंब्रम आदि शामिल थे।

## 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का शत प्रतिशत आधार बनाएं : डीडीसी

**देवघर (का.प्र.)।** डीडीसी नवीन कुमार की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय को सभी टैबलेट को एक्टिव करने का निर्देश दिया गया, ताकि 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का शत प्रतिशत आधार बनाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आईपीपीबी के टैब द्वारा देवघर जिला के छूटे हुए 0-5 आयु वर्ग के आधार कार्ड से वंचित सभी बच्चों का नया आधार कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिया गया। डीडीसी ने शिक्षा विभाग द्वारा बीआरसी में कार्यरत आधार कीट का उपयोग करते हुए स्कूल में अध्यनरत सभी बच्चों का शत प्रतिशत आधार पंजीकरण/अद्यतन एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला मुख्यालय (समाहरणलय परिसर)में एक आधार पंजीकरण केंद्र का स्थापना करने का निर्देश दिया। उन्होंने सारठ, सारवां तथा देवीपुर प्रखंड मुख्यालय में अधिष्ठापित आधार पंजीकरण केंद्र को एक्टिव करने का निर्देश दिया गया। 18 आयु वर्ग के लोगों का नया आधार बनाने के लिए स्टेट पोर्टल में आये हुए सभी आवेदनों को निष्पादन यथा शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा 10 वर्ष से अधिक बने हुए आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

## एक नजर

### उपायुक्त ने की जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक



**पाकुड़(एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों,शाखा प्रबंधक के साथ बैठक किया। सभी को निर्देश दिया गया कि नीलाम पत्र से संबंधित मामलों पर नीलाम पत्र पदाधिकारी के साथ संपर्क स्थापित कर मामलों का निष्पादन करें। संचालित बैंकों के शाखा प्रबंधकों से नीलाम पत्र वादों के वैसे बकाएदारों की सूची मांगी है,जिन पर बैंक का कर्ज वर्षों पूर्व से लंबित है। वहीं मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर एलडीएम को कहा कि कितने लाभुकों का खाता,आधार से लिंकेज है उसका सूची 20 दिसम्बर तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सीएसआर के तहत शहर में सौन्दर्यीकरण एवं बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी कांति रश्मि, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह,जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम पहुंच पीडीजे ने जाना हाल मेडिकल कैंप लगाकर कराई स्वास्थ्य जांच



**पाकुड़(एप्र)।** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित वृद्धाश्रम में पहुंच कर मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेषनाथ सिंह ने वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना। उन्होंने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से हाल-चाल पूछते हुए उनकी बातों को गौर से सुना। इस क्रम में सभी वृद्धों के बीच फल बांटा गया। साफ-सफाई, पानी, बिजली सहित रह रहे वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें सभी वृद्ध जनों का बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य की जांच उपस्थित डॉक्टरों से कराई गई। वहीं स्वास्थ्य जांच में वृद्ध जनों के बीच दवा का भी वितरण किया गया। जांच के दौरान वृद्ध आश्रम में खिड़की के शीशे टूटे मिले। इस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेषनाथ सिंह ने मरम्मती को लेकर सचिव अजय कुमार गुड़िया को दुरुस्त करवाने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों को किसी प्रकार के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी ना हो, इसके लिए अटल क्लिनिक खुलवाने की बात कही गई। मेडिकल टीम को भी सप्ताह में एक बार स्वास्थ्य जांच को लेकर कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया, वृद्ध आश्रम के संचालक विनोद प्रमाणिक, कर्मी मो. मंगरू अंसारी, डीएलएसए के कर्मी, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उत्पल मंडल, नीरज कुमार राउत सहित अन्य मौजूद थे।

### स्कूली छात्राओं को वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक



**पाकुड़(एप्र)।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के निर्देश पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा सदस्यों के द्वारा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल तथा रानी ज्योतिर्मयी गर्ल्स हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों स्कूलों को मिलाकर पांच सौ से सात सौ छात्राओं और शिक्षकों को वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी गई। वहीं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को वाहन चलाते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान हेलमेट एवं बेल्ट का इस्तेमाल करने को कहा गया। कहा कि सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।अपनी और अन्य व्यक्तियों की जान की रक्षा की जा सकती है। कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। यह बेहद ही खतरनाक हो सकता है। आयोजित कार्यक्रम में रोड क्रॉस करने एवं अन्य जानकारियां भी दी गई। वहीं छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों से अपने परिवार, रिश्तेदार एवं समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील भी की गई। इस दौरान यातायात नियमों की कड़ाई से पालन करने के लिए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ भी दिलाई गई। वहीं सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट भी छात्र-छात्राओं के बीच बांटा गया। इस अवसर पर हिट एंड रन तथा गुड समारिटर्न (नेक नागरिक ) के बारे में भी बताया गया। कहा कि मोटर वाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2,000 रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान देने का प्रावधान है। एक घंटा के अंदर (गोल्डन आवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को दूसरी परिस्थिति में पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ-साथ हिट एंड रन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2 लाख एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए का प्रावधान है। मौके पर मुख्य रूप से मोटर यान निरीक्षक अमित कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक अमित कुमार राम भी मौजूद थे।

# भारतीय संविधान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी: निसात आलम

**पाकुड़(एप्र)।** पाकुड़ विधानसभा सीट से नव निर्वाचित विधायक निसात आलम मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय पहुंची। कांग्रेस भवन में पहुंचते ही कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्हें गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बैठक किया। कार्यकताओं का हाल-चाल जाना और सभी का हौसला अफजाई भी किया। इस दौरान बैठक में कांग्रेस की ओर से देश भर में 26 नवंबर 2024 से चलाई जा रही संविधान रक्षा अभियान को लेकर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक निसात आलम ने





संविधान की विशेषताओं और उसकी रक्षा क्यों जरूरी है, इस पर बातें रखी। वहीं विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से विजयी रही विधायक निसात आलम ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संविधान रक्षा अभियान को लेकर कहा कि कांग्रेस की ओर से गत 26 नवंबर से पुरे देश में संविधान रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 26 दिसंबर तक चलाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस अभियान में सभी को शामिल होना है। आप सभी की भागीदारी ही अभियान को सफल बनाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। यह संविधान सिर्फ कोई दस्तावेज नहीं है, बल्कि इसमें सबको समान अधिकार देने, देश की अखंडता को बनाए रखने, एकता और भाई-चारा बनाए रखने, गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाने के मजबूत जरिए है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, अर्धेंदु शेखर गांगुली, देबू विश्वास, पप्पू गंगवानी, रामविलास महतो, कृष्णा यादव, नगर अध्यक्ष वंशराज गोप, हबिबुर शेख, नजरुल शेख, मिरजहान विश्वास, मनीरामपुर मुखिया मजिबूर रहमान, काबिबूर रहमान, शहनाज बेगम आदि मौजूद थे।

## मुखिया की मौजूदगी में 234 बच्चों को बांटा गया यूनिफॉर्म

**पाकुड़(एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मनीरामपुर में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। इसमें यूनिफॉर्म के साथ-साथ स्वेटर एवं जूते मोजे भी शामिल थी। इस यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मजिबूर रहमान शामिल हुए। प्रधान अध्यापक मुबाशिर हुसैन ने मुखिया मजिबूर रहमान के साथ मिलकर छात्रों के बीच यूनिफॉर्म एवं स्वेटर तथा जूते मजे का वितरण किया। इस दौरान बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधान अध्यापक मुबाशिर हुसैन ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा 234 बच्चों के लिए यूनिफॉर्म और स्वेटर तथा जूते मोजे उपलब्ध कराया गया था। शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार बच्चों को वितरण कर दिया गया। वहीं मुखिया मजिबूर रहमान ने कहा कि विद्यालय में सरकारी योजनाओं का लाभ हर बच्चें को मिले। इसका हमें ध्यान रखना होगा। इस दिशा में विद्यालय को कोशिश करनी होगी कि विभाग के जो भी नियम है, उसका पालन करें। अभिभावकों को भी विभागीय नियमों की जानकारी रखना होगा। अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजेंगे। निश्चित रूप से बच्चों को सरकारी की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुखिया मजिबूर रहमान ने बच्चों से यूनिफॉर्म में नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष मंजरुल इस्लाम, जोहर शेख, खुर्शीद आलम, रहमतुल्ला शेख आदि मौजूद थे।

## अतिक्रमण को लेकर भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पाकुड़(एप्र)।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने पाकुड़ में उपायुक्त से मिला व पूरे हिरणपुर में अतिक्रमण मुक्त को लेकर ज्ञापन सौपा। इस संबंध में जिला अध्यक्ष ने कहा कि हिरणपुर बाजार में लगातार जाम की समस्या से परेशानी आए दिन होती रहती है। जिसका संज्ञान उपायुक्त द्वारा लिया गया है। जिसके लिए हम अभिनंदन करते हैं! निश्चित रूप से अतिक्रमण हटाने से हिरणपुर में जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाने का दायरा जो है ,अभी हिरणपुर वन विभाग कार्यालय से सुभाष सुभाष चौक तक है इसको बढ़ाते हुए संत लुक्स



अस्पताल तक व सुभाष चौक से उच्च विद्यालय हिरणपुर मोड हाथकाठी तक बढ़ाने की आवश्यकता है। बाजार क्षेत्र के मुख्य पथ से अधिकतर पत्थर वाहनों का आवागमन इसी पथ से ही अधिक होता है व बाजार में जाम का मुख्य कारण यह पथ है ,जो कि काफी अतिक्रमित है ! खाली कोयला डंफरो का परिचालन होने से हिरणपुर - पाकुड़ मुख्य मार्ग में अक्सर दुर्घटना व जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। कोयला डंपर का परिचालन इस मार्ग से बंद कर उसे निर्धारित पथ पर चलाया जाए.बीते 15 दिसम्बर को हिरणपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के समय सरकारी अमीन मंजूर हुसैन द्वारा बाजार के महिलाओं को अपशब्द व अभद्र व्यवहार किया गया है.आग्रह है कि इसकी संज्ञान में लेते हुए उक्त अमीन पर उचित करवाई किया जाए।बाजार के स्थानीय दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए पांच जनवरी तक का समय दिया जाए। इस प्रतिनिधि मंडल में अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास ,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष सुकुमार मंडल, आईटी के आशीष सेन, संथाल प्रगणना आईटी संयोजक जयंत मंडल, रामचंद्र साह , रूपेश भगत आदि उपस्थित थे।

## दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**पाकुड़(एप्र)।** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पाकुड़ की ओर से आयोजित दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को वरिष्ठ संकाय आरसेटी पाकुड़ अमित कुमार बर्धन और पलाश (जेएसएलपीएस) जिला प्रबंधक (आजीविका) विरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिया। अमित बर्धन ने दीदियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने दीदियों को व्यवसाय करने के लिए यथासंभव बैंक से सहायता करने की बात कही। प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यवसाय शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि होना जरूरी है। विरेंद्र कुमार ने कहा कि मशरूम की खेती यह एक ऐसी व्यवसाय है, जिसकी मांग बाजार में बहुत अधिक है। अतः इसका व्यवसाय कर आय में वृद्धि हो सकती हैं। उन्होंने मशरूम से संबंधित विभिन्न प्रकार के तकनीकी जानकारी दिए। आज के कार्यक्रम का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ आरसेटी के द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी अरुण नाथ तिवारी और विजय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षिका स्नेहली हेंब्रम थी। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम के मौके पर संकाय बापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई और मोतीलाल साहा भी मौजूद थे।

## आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

### ऑन द स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन

**पाकुड़(एप्र)।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले,रोजगार,अबुआ आवास आदि



से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## दूसरे दिन भी डीपीएस के बच्चों ने खेलकूद में दिखाया जलवा

**पाकुड़(एप्र)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह स्पोर्टसोविटा- 24 के दूसरे दिन विभिन्न खेलों में बच्चों के प्रतिभाओं का जलवा बिखेरा। वहीं खेल के दूसरे दिन कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों ने बैलून फोड़ो, म्यूजिकल चेयर, थ्री लेग्स रेस, बनाना रेस, स्पून



एंड मार्बल रेस, बॉल इन बकेट, अंडर-14 वर्ग बालक एवं बालिका बैडमिंटन, चैस के सेमी फाइनल आदि जैसे खेलों में भाग लिया। इन सभी खेलों में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बनाना रेस और बॉल इन बकेट में अपने प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। वहीं थ्री लेग्स रेस में कक्षा तीन के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन का खेल के समापन अंतरसदनीय रस्साकशी मुकाबले के साथ हुआ। रस्साकशी में बच्चों के साथ-साथ उनके सदन के प्रभारियों का भी जोश देखते ही बन रहा था। खेल के दौरान विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार तथा प्रधानाचार्य जेके शर्मा के साथ-साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी बच्चों का उत्साह वर्धन करते दिखे। इधर खेल के तीसरे दिन 18 दिसंबर को प्राथमिक नर्सरी से कक्षा पांचवीं का फ्रॉग रेस, बटरफ्लाई रेस (तितली दौड़), बत्तख दौड़, स्कूल के लिए तैयार होने के अलावा अंडर-14 व अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग में जैवलिन, शॉर्ट पुट, बेडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन्ग जंप, कब्बड्डी,अंतर्सदनीय खो-खो व वॉलीबॉल के क्वार्टर फाइनल आदि खेल खेले जाएंगे।

# साल 2024: अप्रिय घटनाओं से सांप्रदायिक सौहार्द घायल तो हुआ, पर उपद्रवियों की मंशा पर फेर गया पानी

**पाकुड़ (एप्र)।** दिसंबर में खड़े हो जब, पाकुड़ पीछे झांकता है, तो एक ऐतिहासिक भाईचारे, प्रेम और सौहार्द की कहानी गौरवान्वित करता नजर आता है। छिटपुट घटनाओं को अगर छोड़ दें, तो साम्प्रदायिक तनाव की कोई कहानी दूर तलक अतीत में नजर नहीं आती। लेकिन 2024 ने इस बाबत पाकुड़ को काफी शर्मिंदा किया। इस साल 2024 में विभिन्न कारणों ने पाकुड़ के साम्प्रदायिक सौहार्द को घायल किया। हांलांकि कुशल प्रशासनिक सक्रियता और कार्रवाइयों ने घायल भावनाओं की अतीत को ज्यादा चोटिल तो नहीं होने दिया, लेकिन तात्कालीन उत्पन्न




परिस्थितियों ने यहां की अमनपसंद जनता को एक अस्वाभाविक अहसास जरूर कराया। कुछ पल तो ऐसा लगा कि पाकुड़ और यहां के साम्प्रदायिक सौहार्द और प्रेम को किसी की नजर लग गई हो। पर प्रशासन की तकनीकी तथा संतुलित कार्रवाइयों ने इसमें कड़ाई से पूर्णविराम लगा दिया।उधर महेशपुर के गायबथान में जमीनी विवाद को लेकर आदिवासी और मुस्लिम के बीच जमकर विवाद और खूनी संघर्ष ने यहां की जनता को चौंका दिया। पाकुड़ सदर ब्लॉक के गोपीनाथपुर में बकरीद पर्व को लेकर हिन्दू मुस्लिम विवाद, बंगाल के असामाजिक तत्वों के द्वारा पुलिस पर हमला, हिन्दुओ पर हमला, गोली फायरिंग, बमबाजी और आगजनी की घटना ने तो मानो पाकुड़ को झंकझोर दिया। बहुत ही मामूली सी आपसी कहासुनी को एक नहर के उसपार से आये बंगाल के लोगों ने एक बड़ी साम्प्रदायिक घटना का रूप दे दिया। पुलिस पर भी पत्थरबाजी आदि सबकुछ ने मानो यहां नोमेन्स लेंड जैसी परिस्थितियों का अहसास कराया। पाकुड़ सदर ब्लॉक के तारानगर पंचायत के उल्लुपाड़ा में सोशल मीडया पर आपत्तिजनक फोटो डालने के बाद उत्पन्न विवाद को भी आपसी नासमझी और बाहरी हस्तक्षेप ने विषाक्त बना दिया।हांलांकि प्रशासन ने उपद्रवियों की मंशा पर पानी फेर दिया। लेकिन राजनीति को एक बना बनाया मैदान मिल गया। ठीक विधानसभा चुनाव से पहले हुई इन घटनाओं पर जमकर राजनीति भी हुई।लेकिन अगर कोई लहूलुहान हुआ तो पाकुड़ की शांति और सकून। 8 दिसंबर 1992 के अपवाद को अगर नजरअंदाज कर दें तो पाकुड़ सौहार्द का हमेशा उदाहरण रहा है। हर बार प्रशासन ने भी बखूबी अपनी भूमिका निभाई है और वो भी इसलिए संभव हो पाया क्योंकि यहां समाज के हर पहलू में शांति और सौहार्द की पहल करने वाले लोगों की संख्या उपद्रवियों से ज्यादा है। लेकिन कुल मिलाकर 2024 की कुछ अप्रिय घटनाओं ने पाकुड़ को जहां एक ओर शर्मिंदा किया। वहीं प्रशासन की तकनीकी ढंग से सक्रियता ने गौरवशाली शांति का अहसास भी कराया। इन घटनाओं ने राजनीति को कितना पोषण दिया, इसपर अगली कड़ी परोसूंगा।

## एक नजर

### अपूर्ण एवं लंबित आवासों का जल्द से जल्द कराएं निर्माण : मंत्री



**गोड्डा एप्र।** झारखंड के मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में ईसीएल गेस्ट हाउस ऊर्जा नगर महागामा में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के क्रम में मंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग संचालित योजनाल का समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी आम जानता से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने पंचायत सचिवालयों को सशक्त व सुविधा संपन्न बनाने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही की जा सके। इसके अलावा समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री ने कहा कि अधिकारी लंबित पड़े कार्यों में तेजी लाएं और ग्रामीण विकास की पेंडिंग योजनाओं को जल्द पूरा कराएं। इसके अलावा मंत्री ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं। ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास और मिलने वाले किस्त की राशि के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। मौके पर उपरोक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, नजारत उप समाहर्ता, श्रवण राम संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कर्मी मौजूद थे।

### शीघ्र होगा जन समस्याओं का समाधान : दीपिका

**गोड्डा एप्र।** उर्जा नगर के राजमहल हाउस में झारखंड मजदूर कल्याण संघ के बैनर तले सम्मान समारोह आयोजित कर सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राजेश रंजन ने मंत्री को स्मारपत्र के साथ अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डा. राधेश्याम चौधरी ने किया। मौके पर अर्जुन महतो, विनय सिंह, रामप्रीत शर्मा, कामदेव महतो, किशोरी मरांडी, संजय रविदास, कमलेश्वरी यादव, विभूति रंजन, सुदामा प्रसाद एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्रामीण सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य पर जोर देकर लोगों से समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की अपील की। आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### बीडीओ ने की बैंकर्स के साथ बैठक

**रानीश्वर एप्र।** उपायुक्त दुमका के आदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में बैंकर्स के साथ बैठक की। लीड बैंक अधिकारी दुमका की उपस्थिति में विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बीएलबीसी की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जेएसएलपीएस से फर्स्ट लिंकेज सीसीएल, मुद्रा लोन उद्योग विभाग से पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, कृषि विभाग से केसीसी ऋण, केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर चर्चा हुई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी बैंक के योग्य आवेदकों को शीघ्र ऋण देने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी शाखा प्रबंधक को अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची उपलब्ध करा कर जिन लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि बैंक खाता एवं आधार लिंक के कारण नहीं हुई हैं, उन लाभुकों को भुगतान हेतु शीघ्र निराकरण करने को कहा। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय उद्योग विभाग एवं बीपीएम जेएसएलपीएस दुमका एसबीआई बैंक शाखा प्रबंधक कुमिरदहा रानीश्वर आसनबनी एवं जेआरजीबी शाखा प्रबंधक रानेश्वर आसनबनी बासकुली रानीबहाल आदि उपस्थित रहे।

### बिछियापहाड़ी और पिपरा पंचायत सचिव के साथ मारपीट

**काठीकुंड, दुमका।** काठीकुंड प्रखंड कार्यालय के सामने मंगलवार को प्रखंड के सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से दो पंचायत सचिवों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट मामले को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, बीते सात दिसंबर को प्रखंड में पदस्थापित पंचायत सचिव महिला चंदा कुमारी और पंचायत सचिव प्रदीप कुमार दास के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट की गई थी। लेकिन मामला दर्ज होने के बाद भी अभी तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस पर सभी ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही कर्मियों ने बताया कि 16 से 18 दिसंबर तक सभी क्षेत्रीय कर्मी काला बिल्ला लगाकर अपने काम करेंगे तथा तीन दिनों के अंदर दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर 19 से 21 दिसंबर तक कलमबंद कर कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो सभी क्षेत्रीय कर्मी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### बालगृह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुमका ( काप्र )।** 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के सचिव उत्तम सागर राणा ने मंगलवार को धड़किया स्थित बालगृह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां आवासित बच्चों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाबत प्राधिकार के सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम 90 दिनों तक जारी रहेगा इसके तहत जिले के सभी प्रखंड व पंचायत में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, बाल श्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उपस्थिति कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत की सदस्य सुश्री काजल कुमारी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह, अधिवक्ता नेहा पांडे तथा पारा लीगल वोलटियर्स उपस्थित थे।

### एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा एप्र।** जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा के तत्वावधान में एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय गोड्डा तथा बिसरा मुंडा पब्लिक स्कूल गोड्डा में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा की हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर के द्वारा टी4 कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 431 छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई, जिसमे 96 माइल्ड और 105 मोडरेट छात्राएं पाई गई। जिसे आयरन को गोली एवं खानपान की सलाह दी गई। उक्त कार्यक्रम में 230 नार्मल हीमोग्लोबिन स्तर वाली छात्राएं पाई गई। लड़कियों में एनीमिया न हो और आयरन की कमी ना हो इसको देखते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। एएनएम रीना कुमारी ने बताया कि अनीमिया एक गंभीर समस्या है। जो बच्चों, किशोरों व गर्भवती महिलाएं एवं प्रजनन आयुवर्ग के लोगों को शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को अधिक प्रभावित कर सकता है। इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या से उबरने के लिए बिहार में अनीमिया मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

श्रम नियोजन मंत्री ने परिसंपत्तियों का किया वितरण, कहा

# जनता के कार्य में न बरतें लापरवाही



**पथरगामा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर युवाओं ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव, जिप सदस्य पूनम देवी, अमित भगत, प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में श्रम नियोजन मंत्री ने अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र, साइकिल, स्वेटर सहित एसएचजी ग्रुप को चेक वितरण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक भवन स्थित विधायक कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रोजगार के नए सृजन खोले जाएंगे ताकि यहां के लोगों को बाहर कार्य करने न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि पथरगामा में जल्द भव्य पार्क का निर्माण किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि जनता के कार्य में लापरवाही ना बरतें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुदर्शन कुमार भगत, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी राम सूरत यादव, सहित राजद नेता सुरेश यादव, लालू भारद्वाज , मिथुन यादव, अमित कुमार भगत, ललन श्रीवास्तव प्रसेंजीत सिंह, प्रदीप भगत, मदन साह, राजकुमार भगत, आलम जी सहित अन्य मौजूद थे।

## एसकेएमयू के पदाधिकारियों ने हड़ताल पर बैठे शिक्षकेतर कर्मचारियों से की वार्ता



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने मंगलवार को धरना स्थल पर जाकर हड़ताल व तालाबंदी कर रहे विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों से वार्ता की। वार्ता में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेंद्र यादव, सभी संकायों के डीन व विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। वार्ता के दौरान कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि शिक्षकेतर कर्मचारियों की मांगों से राजभवन व सरकार को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक नहीं बल्कि दो बार निदेशालय व राजभवन को पत्र भेजा गया है, जिसके आलोक में राजभवन ने निदेशालय को यथाशीघ्र सातवें वेतनमान के अनुसार वेतन निर्धारण करने का निर्देश भी दिया है। उसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग में मामला लंबित है। कुलपति ने कहा कि निदेशालय से प्राप्त 14 दिसंबर के पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वेतन निर्धारण से संबंधित कोई भी दस्तावेज निदेशालय को नहीं भेजा गया है।

## धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पेंशनर्स डे

**दुमका ( काप्र )।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज दुमका के प्रशाल में अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर के सभापतित्व में राष्ट्रीय पेंशन दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर किया गया। समाज के सचिव तारणि प्रसाद कामत ने कहा कि आज के दिन ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनरों के लिए पेंशन सुविधा का प्रावधान किया है जिसके फलस्वरूप ही आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। पुराने पेंशन को पूरे देश में लागू करने का आह्वान केंद्र सरकार से उन्होंने किया। कहा कि भारतीय स्टेट बैंक हमेशा पेंशनरों की सुविधा के लिए तत्पर है। एसबीआई पेंशनर पोर्टल के माध्यम से अब पेंशनर घर बैठे लोन सहित हर सुविधा को प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि श्री कुमार ने समाज को इस बार पेंशनरों के जीवन प्रमाणन में सहयोग देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इसी प्रकार भविष्य में भी हम आपस में सहयोग करते रहेंगे। मौके पर एसबीआई के कुणाल कांति सिन्हा, राम सुंदर पाण्डेय नीरेन कुजूर एवं समाज के जगन्नाथ झा, हीरालाल साह, रामानंद मिश्र अरुण झा श्यामा देवी यादव माधव कुमार सिंह बासुदेव प्रसाद आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा ने बताया कि 80 वर्ष से उपर के 15 पेंशनरों को भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया जिनमें महावती हेंब्रम शिकारी पाड़ा सुबोध ठाकुर रामगढ़, सविता देवी दुमका, दशरथ मंडल जरमुंडी, नून मनी मंडल सरैया हाट,तारिणी प्रसाद मंडल सरैयाहाट, देवनारायण मंडल दुमका, जगदीश झा सरैयाहाट, नजीबुल्लाह अंसारी शिकारीपाड़ा, विष्णु देव प्रसाद दुमका, वीरेंद्र कुमार ओंडवार दुमका, इग्नेश मुर्मू शिकारीपाड़ा आदि शामिल थे।

## आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता : दीपिका



**दुमका (एप्र)।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में परिसदन दुमका में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता है। पंचायत भवन में ग्रामीणों के जरूरी कागजात बनाने की व्यवस्था हो जाने से उनकी काफी समस्या दूर हो जाएगी। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु कई कार्य कर रही है एवं करने जा रही है। मुख्यमंत्री के निदेश पर विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जिलावार समीक्षा की जा रही है, ताकि बजट तैयार करने में आसानी हो। साथ ही जिले में चल रहे विभाग की योजनाओं को गति दी जा सके। वैसे आदिवासी एवं पिछड़े गांव जो सड़क तथा पुलिया के अभाव में शहर से नहीं जुड़ पाए, उन्हें प्राथमिकता पर लेकर प्राक्कलन तैयार करते हुए उक्त कार्य किया जाएगा, ताकि उक्त गांव के ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। कहा कि ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े, उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो, इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कहा कि पंचायत कार्यालय को और भी सशक्त किया जाएगा ताकि गांव के लोग पंचायत कार्यालय जाकर अपने जरूरी कार्य कर सकें। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत जिले में चल रहे रोजगार सृजन व कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराएं और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत होकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर चर्चा की गई। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर जोर दिया। आवास योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर मकान एवं मकान निर्माण के लिए पैसा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों से क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही। बैठक में अपर समाहर्ता सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सहारा पंचायत में विशेष जांच शिविर आयोजित



**जरमुंडी (एप्र)।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दुमका एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जरमुंडी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दीनबंधु रक्षित एवं मुखिया राजेंद्र पूजहर के अगुवाई में सहारा पंचायत भवन में टीबी रोग के लक्षण वाले लोगों की पहचान एवं उनका स्वास्थ्य जांच सह बलगम का नमूना संग्रह हेतु विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को टीबी रोग के लक्षणों, मुफ्त जांच एवं इलाज की सुविधा, इस रोग से बचाव के उपायों एवं सरकारी सहायता निक्षय पोषण एवं निक्षय मित्र योजना के संबंध जानकारी दी गई। शिविर में पहुंचे आमजनों स्वास्थ्य जांच कर इलाज भी प्रदान किया गया। इस कैंप में कुल 157 व्यक्तियों ने अपने बलगम का नमूना जांच हेतु प्रदान किया, जिनकी जांच अगले कुछ दिनों में कर के सहिया के माध्यम से परिणाम उपलब्ध करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रयोगशाला तकनीशियन निर्भय कुमार सिंह, वरिष्ठ यक्ष्मा पर्यवेक्षक आनंद हंसदा, पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पिनाकी रंजन मोदक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ऊषा कुमारी, स्वयं सेवक गणेश सोरेन, सहिया साथी एवं सहारा पंचायत के सभी सहिया कैंप को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## नाबालिग का अपरहण व दुष्कर्म करने के आरोपित को सश्रम कारावास

**गोड्डा एप्र।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने नाबालिग का अपरहण करने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित मेहरमा थाना क्षेत्र के डोय निवासी शशि कुमार मंडल को दोषी पाकर पोक्सो एक्ट के अपराध में 12 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए जुमार्ना भरने की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया। जबकि 366 भादवि के तहत दोषी पाकर पांच वर्ष सश्रम करावास व 10 हजार रुपए जुमार्ना भरने की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त करावास से दंडित किया गया। दोनों सजा साथ- साथ चलेगी। जुमार्ना की राशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए भुगतान किया जाएगा। वहीं विक्टिम कंपनशेषण स्कीम के तहत पीड़िता के पुर्नवास एवं आर्थिक सहायता हेतु विधिक सेवा प्राधिकार ,गोड्डा को अग्रसारित किया गया। निर्णय की एक प्रति सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ,गोड्डा को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष 11 गवाहों का परीक्षण किया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने 12 वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनाई।

### गोड्डा को मिला बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन अवार्ड

**गोड्डा एप्र।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ का रांची में संपन्न वार्षिक आम सभा एवं स्थापना के रजत जयंती समारोह के दौरान गोड्डा जिला कुश्ती संघ को बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन का अवार्ड दिया गया। रांची के होटल पार्क प्राइम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कार के तहत गोड्डा जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरजीत झा को हॉकी इंडिया के महासचिव एवं झारखंड कुश्ती के भीष्म पितामह भोला नाथ सिंह तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार द्वारा ट्रॉफी, अंगवस्त्र एवं दस हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

### चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित

**महागामा।** आगामी 1 से 4 मार्च तक होने वाले चार दिवसीय 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर मेला मैदान ऊर्जानगर परिसर में मंगलवार को आयोजन समिति की ओर से बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बताया गया कि विश्व शांति की कामना को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चार दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कि शांतिकुंज हरिद्वार से संगीतमय प्रवचन की टोली शामिल होंगी। बैठक के दौरान धूमधाम से यज्ञ कराने पर विचार विमर्श किया गया। यज्ञ आयोजन को लेकर अन्न घट का वितरण गांव-गांव में कराने तथा 24 गांव मोहल्ले में दीप हवन यज्ञ कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस यज्ञ की तैयारी को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से आयोजन समिति के सरस्वती रंजन, शशिकांत जयसवाल, मुकेश कुमार सिन्हा, मोनू दुबे, देवकांत जायसवाल, ऋतिक कुमार,निक्की श्वेता,कलावती देवी, शोभा देवी, पूनम केसरी, श्यामा देवी, मीना देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, सुषमा देवी,हेमंत कुमार भगत, अजय शर्मा, नीरज जायसवाल, हिमांशु शेखर द्विवेदी, गोपाल भगत, कैलाश महतो एवं सुभाष महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अभियान की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों ने निकाली रैली



**गोड्डा एप्र।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों व अभिवंचितों के बीच जन जागरुकता अभियान चलाने को लेकर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 15 दिसंबर 24 से 15 मार्च 25 तक आउटरिच कैम्पेन का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रैली निकालकर किया गया। रैली व्यवहार न्यायालय से निकलकर जिला मुख्यालय के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरती हुई न्यायालय परिसर पहुंची। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि एक्सक्यूटिव चेयरमेन झालसा के निर्देश पर पूरे राज्य में 90 दिनों तक जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में जिले के प्रखंड, पुलिस स्टेशन एवं पंचायत स्तर पर पदस्थापित अधिकार मित्र सह पीएलवी घर- घर जाकर लोगों को जागरुकता का पाठ पढ़ायेंगे। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर मेगा लीगल सर्विस सह इमपावरमेंट कैंप लगाकर अभिवंचितों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गठित लीगल लिटरेशी क्लब की ओर से लेख, पेंटिंग, वाद- विवाद प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। एससी-एसटी, समाज के कमजोर वर्गों , अभिवंचित वर्गों , बच्चे, दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं बाल विवाह, साइबर ठगी, नशाखोरी, डायन निरोधक सहित अन्य कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव डा. प्रदीप कुमार कर रहे थे। रैली में न्यायिक पदाधिकारी के साथ- साथ दर्जनों अधिकार मित्र शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया श्रम एवं उद्योग मंत्री का भव्य स्वागत




**गोड्डा एप्र।** स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में गोड्डा विधायक सह श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव का मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने सम्मानित किया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण परशुरामका एवं मंच के वर्तमान अध्यक्ष प्रीतम गाडिया ने शाल देकर उनका स्वागत किया। मंच के संस्थापक कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश टेकरीवाल ने गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। मंच के पूर्व अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल सचिव पियूष प्रियदर्शी और सभी सदस्यों ने मिलकर मंत्री जी को मंच का स्मृति चिन्ह देकर अभार व्यक्त किया। संस्थापक अध्यक्ष ने मंत्री जी के द्वारा पूर्व में एम्बुलेंस देने और उनके द्वारा मंच को हर संभव सहयोग देने की स्मृतियों से सभी को अवगत करवाया। मंत्री श्री यादव ने मंच को धन्यवाद देते हुए बताया कि मारवाड़ी समाज उनके हृदय में वास करता मैं जब गोड्डा की धरती पर आया था उस समय गोड्डा का जो माहौल था उस समय भी मैं मारवाड़ी समाज के प्रत्येक कार्यों में सहभागिता दिया हु, और इस कार्यकाल में भी मैं आपका बेटा भाई बनकर आपके प्रत्येक कार्यो में साथ साथ रहूँगा आप सभी का सहयोग हमेशा मिला मैं आप सभी को निराश नहीं करूंगा। आप भय मुक्त होकर व्यापार करे आपका बेटा आपका भाई संजय यादव आपके साथ हैं। मंत्री जी के स्वागत समारोह में कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल,महेश बजाज,शुभकरण भगत, ललित बजाज, अनिल अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल,राकेश बजाज,मुकेश बजाज,रितेश टेकरीवाल, राकेश अग्रवाल ,सज्जन शिवानीवाला आदि शामिल थे।

## श्रम मंत्री का किया गया जोरदार स्वागत



**महागामा।** झारखंड सरकार के कैबिनेट में शामिल श्रम नियोजन एवं कौशल विकास तथा उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव का बसंतराय क्षेत्र के आगमन होने पर बीते सोमवार की रात्रि राहा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राहा प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में राहा पंचायत के ग्रामीण, बड़े बुजुर्ग एवं महिलाएं शामिल थी। आजाद स्पोर्ट्स एण्ड यूथ क्लब राहा के केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान जहांगीर आजाद, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा कमाल, मोहम्मद फारूक आजम, मोहम्मद महीर आलम, अब्दुल मजीद, शाहनवाज फरहत व्यास मुनि यादव एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहम्मद कलीम एवं कैलाश ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मोहम्मद सुलेमान जहांगीर आजाद एवं गुलाम मुस्तफा कमाल ने क्षेत्र के नागरिकों की ओर से शॉल भेंट कर मंत्री संजय प्रसाद यादव को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के बाद मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र के युवा एवं आमजन मजबूत इच्छा शक्ति से ओत प्रोत हैं। मुझे इस मुकाम तक लाने में क्षेत्र के युवाओं की अविस्मरणीय भूमिका रही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का कार्य किया जायेगा। कहा कि वे पूरे विधानसभा के समस्याओं से अवगत हैं। आने वाले दिनों में क्षेत्र को विकासात्मक सौगात देंगे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 18 दिसम्बर, 2024



## सुभाषितम्

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है। - प्रेमचंद

## घोषित आपातकाल और अघोषित आपातकाल पर संसद में चर्चा

**भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 1975 का** आपातकाल एक काला अध्याय है। जब नागरिकों के मूल संवैधानिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। देश की जनता को मौलिक स्वतंत्रताओं से वंचित कर दिया गया। वह दौर घोषित आपातकाल का था। जिसे तत्कालीन सत्ता ने एक कानूनी जामा पहनाया था। घोषित आपातकाल की समयावधि 18 माह की थी। जैसे ही आपातकाल खत्म हुआ, नागरिकों के सारे संवैधानिक अधिकार वापस आ गए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, संविधान विशेषज्ञ अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा अघोषित आपातकाल पर की गई टिप्पणी वर्तमान परिस्थितियों पर गहरा सवाल उठाया है। उन्होंने इस बात को स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में वर्तमान आपातकाल कानूनी तौर पर घोषित नहीं है। सत्ता की विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से अघोषित रूप से नागरिकों के ऊपर थोपा जा रहा है। उनके संवैधानिक मूल अधिकारों को अघोषित रूप से खत्म किया जा रहा है। इसके सबसे बड़े शिकार भाजपा के स्वयं के बड़े नेता लालकृष्ण आडवाणी हैं, जिन्हें राजनीति से बाहर कर दिया गया। उन्होंने ही सबसे पहले अघोषित आपातकाल की बात कही थी। घोषित आपातकाल में 1975 में तत्कालीन सरकार ने देशभर में लोकतांत्रिक संस्थाओं, मीडिया और स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा दिया था। नागरिक अधिकारों को दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लागू हुई। संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत घोषित आपातकाल जनता के समक्ष एक कानूनी सच्चाई थी। मनु सिंघवी ने कहा कि अघोषित आपातकाल का स्वरूप हमें आज के दौर में दिख रहा है। जहां लोकतांत्रिक अधिकारों को बिना किसी औपचारिक कानूनी प्रावधान के, धीरे-धीरे अघोषित रूप से कमजोर और समाप्त किये जा रहे हैं। मीडिया पर परोक्ष दबाव बनाकर असहमति की आवाज को कुचलने के लिए एजेंसियों का गैर संवैधानिक तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए कठोर कानूनों का दुरुपयोग, और न्यायिक स्वतंत्रता पर सवाल अघोषित आपातकाल की स्थिति को बता रहे हैं। उन्होंने कहा आज का दौर घोषित आपातकाल से अलग है। इसके प्रभाव उतने ही गंभीर हैं, जैसे घोषित आपातकाल के दौरान थे। उस समय सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी थी। इस समय असंवैधानिक तरीके से सरकार मौखिक आदेश पर संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हस्तक्षेप कर उन्हें कमजोर कर रही है। मीडिया का बड़े पैमाने पर पक्षपाती रवैया लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरा बन गया है। सिंघवी का यह आरोप था, सत्ता के संरक्षण में भय का माहौल बनाया गया है, जो घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक और चिंताजनक है। मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, लोकतंत्र की सफलता के लिए, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और नागरिक के मौलिक अधिकारों पर टिकी होती है। चाहे घोषित आपातकाल हो या अघोषित आपातकाल हो, दोनों ही लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। संविधान को बचाने के लिए सभी पक्षों को आगे आकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी। नागरिक समाज, मीडिया और राजनीतिक नेतृत्व को यह सुनिश्चित करना होगा। सत्ता के वर्तमान दौर का लोकतंत्र अघोषित आपातकाल की छाया में नागरिक अधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। लोकतंत्र में मौन रहना भी एक तरह का आपातकाल है। इसे समाप्त करने के लिए डर और भय का माहौल खत्म करना होगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत होना चाहिए। उनके द्वारा राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच राज्यपाल को सर्वोपरि बनाने की कोशिश की गई है। उस पर भी कटाक्ष करते हुए अघोषित आपातकाल को समाप्त करने की बात कही। पिछले 10 वर्ष के दौरान अघोषित आपातकाल में जो हो रहा है, उसे उन्होंने घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खराब बताया। संविधान को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में जो चर्चा हो रही है।

## चिंतन-मनन

### अनुशासन का पाठ

**गुरु अंबुजानंद के पास** अनेक शिष्य शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। उनका आश्रम लंबे समय से चल रहा था। अब चूंकि अंबुजानंद काफी वृद्ध हो गए थे, गुरुकुल चलाना उनके लिए कठिन हो रहा था। वह अपने शिष्यों में से ही किसी एक को गुरुकुल का सारा कार्यभार सौंपना चाहते थे। एक दिन उन्होंने अपने 18 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अपने पास बुलाया। उन्होंने उनसे कहा, आप सभी प्रतिभाशाली, मेहनती और ईमानदार हैं। यदि मैं आपको शिक्षा के लिए किसी विशेष क्षेत्र में नियुक्त करना चाहूं तो आप कौन-कौन से क्षेत्र को चुनना चाहेंगे? यह सुनकर सभी शिष्य कुछ देर सोचते रहे और फिर 17 विद्यार्थियों ने अपने-अपने मनपसंद क्षेत्रों के नाम गुरु को बता दिए। अठारहवां शिष्य आयुष अभी तक कुछ सोच ही रहा था। उसे चुप देखकर गुरु ने पूछा, बेटा आयुष, तुमने अपने लिए किसी क्षेत्र का चुनाव नहीं किया? गुरु की बात सुनकर आयुष ने सिर झुकाकर कहा, गुरुजी, मैंने आपसे ही शिक्षा ग्रहण की है। मैं आपके द्वारा सीखी गई शिक्षा को जन-जन तक फैलाना चाहता हूं। इसके लिए मुझे किसी क्षेत्र विशेष का चुनाव करने की आवश्यकता नहीं है। मैं हर क्षेत्र में आपके द्वारा प्रदान की गई शिक्षाओं को दूसरों तक पहुंचाना चाहूंगा। हालांकि क्षेत्र से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है आपके दिए गए मूल्य या संस्कार का प्रसार, जो शास्त्रों से अलग है। मैं चाहता हूं कि लोग उसे जानें ताकि वे नैतिक दृष्टि से भी श्रेष्ठ हों। मात्र पुस्तकीय ज्ञान से कुछ नहीं होने वाला है। आपने जो अनुशासन का पाठ हमें पढ़ाया है, उसे तो मैं विशेष रूप से सिखाना चाहूंगा। ज्ञान पाने के लिए व्यक्तित्व को एक खास सांचे में ढालना पड़ता है।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

**ललित गर्ग**

**अल्पसंख्यक अधिकार** दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम विविधता और समावेश का जश्न मनाना है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत लोकतंत्र की जननी कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर,




राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। सबका शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने वसुधैव कुटुम्बकम का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं।

भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है।

# कभी टोले से डरती है ,कभी झोले से डरती है

**राकेश अचल**

**आजकल जैसे संसद में** मुद्दों पर काम नहीं हो रहा उसी तरह मुझे भी लिखने के लिए ऐसे मुद्दे मिल रहे हैं जिनके बारे में लिखने में मुझे तकलीफ होती है। आज मै फिर उस गैर जरूरी मुद्दे पर लिख रहा हूँ उसके बारे में लोकसभा का कीमती वक्त तो अभी बर्बाद नहीं हुआ लेकिन भाजपा का कीमती वक्त जरूर बर्बाद हो गया। मुद्दा था कांग्रेस संसद प्रियंका वाड्रा का झोला। जी हाँ झोला। हमारी प्रिय भाजपा के पास किसानों के मुद्दों पर बहस के लिए वक्त नहीं है लेकिन प्रियंका के झोले को लेकर पूरी सरकारी पार्टी बहस में उलझ गयी। किस्सा यूं है कि प्रियंका वाड्रा लोकसभा में जो झोला लटका कर गयीं उसके ऊपर फिलिस्तीन अंकित था और फिलस्तीन का खरबूजा वाला ध्वज भी। बस यही भाजपा को खटक गया। इस कदम की भाजपा ने आलोचना की और उनके इस कदम को तुष्टिकरण करार दिया. बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, गांधी परिवार तुष्टिकरण का झोला ढो रहा है. उन्होंने कहा, इसी तुष्टिकरण की वजह से उन्हें (कांग्रेस) चुनावों में हार मिली है। भाजपा द्वारा की गयी झोले की आलोचना के बाद प्रियंका भी कहाँ चुप रहने वाली थीं। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि यह आलोचना पितृसत्ता है, जहां उन्हें बताया जा रहा है कि क्या पहनना है और क्या नहीं पहनना है. उन्होंने कहा, मैं पितृसत्ता का समर्थन नहीं करती. मैं वही पहनूंगी जो मैं चाहती हूं। आपको याद होगा की इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री भाई किरेन रिजिजू प्रियंका के भाई राहुल गांधी की टीशर्ट पर आपत्ति कर चुके है। वे कह चुके हैं कि राहुल टीशर्ट पहनकर संसद का अनादर करते हैं। दरअसल भाजपा राहुल गांधी से तो पहले से डरी हुई थी और अब प्रियंका के लोकसभा में आने के बाद भाजपा का डर दोगुना हो गया है। तभी तो कभी भाजपा को राहुल के टीशर्ट के बाहर झांकते टोले परेशान करते हैं तो कभी प्रियंका के कंधे पर लटका झोला। संविद पात्रा के बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने प्रियंका को राहुल गांधी से भी बड़ी आपदा कहा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, इस संसद सत्र के अंत में, कांग्रेस में सभी के लिए दो मिनट का मौन रखें, जो मानते थे कि प्रियंका वाड्रा लंबे समय से प्रतीक्षित समाधान थीं, उन्हें पहले ही इसे अपना लेना चाहिए था। वह राहुल गांधी से भी बड़ी आपदा हैं, जो सोचते हैं कि संसद में फिलिस्तीन के समर्थन में बैग लेकर चलना पितृसत्ता से लड़ना है। यह सही है. मुसलमानों को सांप्रदायिक सद्गुणों का पैगाम देना अब पितृसत्ता के खिलाफ रुख के रूप में सामने आ रहा है! कोई गलती न करें, कांग्रेस नई मुस्लिम लीग है। आपको याद हो या न हो किन्तु मै बता दूँ कि पिछले सप्ताह नई दिल्ली स्थित फलस्तीनी दूतावास के चार्ज. डिअफेयर्स ने प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें वायनाड से सांसद निर्वाचित होने पर बधाई भी दी थी. पूर्व में कांग्रेस नेता गजा में इसराइली बमबारी की निंदा भी कर चुकी है। भाजपा के ही सांसद अनुराग ठाकुर जो पहले कभी केंद्र में मंत्री होते थे वे भी प्रियंका के फिलिस्तीनी झोले से आतंकित हैं। उन्होंने कहा की प्रियंका केवल फैशन स्टेटमेंट बनाने में लगी रहती हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के बारे में तो कुछ नहीं बोला।भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता प्रियंका के झोले को लेकर प्रियंका को कोस रहे हैं।

दरअसल प्रियंका के झोले ने भारत सरकार को फिलस्तीन के मामले में कटघरे में ला खड़ा किया है। भारत सरकार अभी तक ये तय नहीं कर पायी है कि वो भारत के पुराने मित्र फिलिस्तीन के साथ है या इजराइल के साथ ? फिलस्तीन के मामले में नेहरू और इंदिरा गाँधी के युग में जो नीति थी उसे अटल जी के युग में भी दोहराया गया ,लेकिन मोदी युग में फिलिस्तीन को लेकर भारत की नीति अचानक बदल गय। भारत अब फिलिस्तीनियों के संघर्ष और उनके मानवीय अधिकारों का दमन करने वाले इजराइल के साथ खड़ा है। भारत ने इजराइल के फेर में फिलिस्तीन को एकदम भुला दिया है क्योंकि फिलिस्तीन में इजराइली बर्बरता का शिकार हो रहे लोग मुसलमान हैं। मुमकिन है कि कांग्रेस की संसद प्रियंका वाड्रा ने एक झोले के जरिये फिलिस्तीन मुद्दे को जिस ढंग से उठाया है उसके बारे में आज नहीं तो कल संसद में भी बहस हो। संसद में बहस हो या न हो लेकिन संसद के बाहर तो ये बहस शुरू हो गयी है। बहस इस बात पर भी हो रही है की क्या अब विपक्षी सांसदों को भाजपा यानि भाजपा सरकार से पूछना होगा की वे कौन से कपड़े पाहणकर संसद में आएं और कौन से कपड़े न पहने? कौन सा झोला लटकाएं और कौन सा नहीं? आपको याद होगा कि भाजपा पहले भी लोगों के खान-पान और पहनावे को लेकर सवाल खड़े करती रही है। कभी उसके निशाने पर हिजाब रहता है तो कभी हलाल और गैर हलाल किया हुआ भोजन। असम में भाजपा की डबल इंजिन की सरकार होटलों में गौमांस बेचने पर प्रतिबन्ध लगा चुकी है लेकिन देश से गौमांस बाहर भेजने पार कोई प्रतिबन्ध नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को हलाल के मुद्दे पर तकलीफ रही है। कर्नाटक में भाजपा और उसके सहयोगी हिजाब पार तेजाबी रुख अख्तियार कार चुके हैं। लेकिन किसानों, मजदूरों के मुद्दे पर भाजपा का कोई प्रवक्ता, कोई नेता या संसद अपना मुंह नहीं खोलता। राहुल की टीशर्ट और प्रियंका के झोले से बौखलाई भाजपा का डर लोकसभा में इस जोड़ी की वजह से दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा ने राहुल गांधी को पप्पू साबित करने में अपनी तमाम ताकत झौंक दी थी लेकिन आम चुनाव में राहुल की अगुवाई में विपक्षी गठबंधन ने जो शानदार कामयाबी हासिल की थी उसे कोई भूला नहीं है। अब प्रियंका के लोकसभा में आने के बाद भाजपा को भय है कि कहीं प्रियंका भाजपा को बेनकाब करने में राहुल से भी आगे न निकल जाएँ, इसलिए अब भाजपा प्रियंका के पहनावे के साथ ही उनके झोले पर भी निगाह रखने लगी है। हाल के दिनों में आपने देखा होगा कि पहले राहुल गाँधी ने भाजपा की सरकार को संविधान के मुद्दे पर अपने पाले में खींचा और अब फिलिस्तीन के मुद्दे पर प्रियंका वाड्रा ने महज एक झोला लटकाकर भाजपा और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवर लाल जिम्मेवार कौन

**देश में महानगरों से लेकर गांव** तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई हैक्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं ' एक समाचार के अनुसार ताजा मामला ऊना में घटित हुआ है जहाँ दौलतपुर चौक में एक ए टी एम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रुपए निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा जो लोगों के पैसों को लूट रहे है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैंक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करे तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रह है ।एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं ।बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे है। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड जीम रहती है वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है ओर न ही बैंक के कर्मचारी होतें है। जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए ।एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूट कर लाखों का चूना लगा रहें हैं। हिमाचल में सैंकड़ों मामले घटित हो चूके है मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे है मगर आज तक कोई पकड़ मे नहीं आ सका है ।2018 के फरवरी माह में उना के भटोली व मरवाडी. में ठगी के दो मामलों में ठगों ने महिलाओं के एटीएम कार्ड बदल कर 2 लाख रुपये उडा.लिए थे। अंब में एक फौजी का कार्ड बदल कर खाते से 2 लाख रुपये उडा. लिए थे। जोगिन्द्र नगर में भी एसे ही मामले घटित हुए थे। प्रदेश में बडे पैमाने पर ऐसी वारदातें हो रही है मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है। प्रदेश में काफी समय से ऐसे गिरोह लोगों का पैसा लूट रहे है इन पर शिकंजा कसना होगा ताकि ऐसी वारदातों पर रोक लग सके। इसे पुलिस की अर्कमणयता की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी ।इन घटनाओं में बैंक के अधिकारियों की लापरवाही भी देखने को मिल रही है। कुछ वर्ष पहले जिला मण्डी के रिवालसर व नेरचैक में एक शातिर युवक ने ने एक युवती व युवक के एटीएम कार्ड बदलकर 60 हजार रुपये निकाल लिए थे। इस वारदात से पहले 15 अप्रैल 2015 को जिला ऊना के खानपुर में एक शातिर युवक ने उसकी मदद की एवज में उसका एटीएम कार्ड बदल दिया बाद में शातिरों ने उसके खाते से 65 हजार रुपये निकाल दिये जब पैसे निकाले जाने का संदेश आया तब उसे शातिरों द्वारा पैसे उड़ाने का पता चला।

## आज का राशिफल

- **मेष** – दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में आपके प्रदर्शन को देखकर कुछ लोगों का मूड खराब हो सकता है।
- **तुला** – आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं।
- **वृषभ** – आज दिन सफलता से भरा होगा और परिजनों के साथ आपका अच्छा वक्त बीतेगा।
- **वृश्चिक** – करियर में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपकी तरक्की होगी।
- **मिथुन** – उच्चाधिकारियों की तरफ से शुभ समाचार की कृपा से संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।
- **धनु** – आज करियर के मामले में लाभ होगा और गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका धन काफी खर्चा होगा।
- **कर्क** – आज लाभ होगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी का अनुभव होगा।
- **मकर** – आज करियर के मामले में दिन शुभ है। आपके मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा।
- **सिंह** – आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी।
- **कुंभ** – आज दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपको फालतू खर्च काफी करना पड़ सकता है।
- **कन्या** – दिन सफलता से भरा रहेगा आपको वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय करने से खुशी होगी।
- **मीन** – आपको किसी मामले में पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है।

## विशेष

### अडानी ने इंडिया के सहयोगी दलों को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा किया?

**स्वतंत्रता की लड़ाई कांग्रेस ने** लड़ी थी. अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्रता दिलाई. संविधान बनाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान था. संविधान ने आम आदमी को अधिकार संपन्न बनाकर सरकारों का भाग्य विधाता बनाया. संविधान को बचाने का दायित्व कांग्रेस का है. कांग्रेस के वोट बैंक पर क्षेत्रीय दल सत्ता में आए.विपक्षी दल सत्ता के होकर रह गए.राहुल गांधी वर्तमान सत्ता के खिलाफ लड़ रहे हैं. वर्तमान सत्ता द्वारा, अदानी को जिस तरीके से पाला पोसा जा रहा है. इसका विरोध गांधी परिवार के राहुल गांधी कर रहे हैं. संविधान को बचाने के लिए जो लड़ाई विपक्ष को एकजुट होकर लड़नी थी. ऐसे समय पर अदानी के मामले में इंडिया समूह के सहयोगी दल कांग्रेस के खिलाफ खड़े हो गए. हों भी क्यों ना, अदानी चंदा जो देता है,राहुल गांधी तो चंदा देते नहीं है. कांग्रेस मजबूत होगी,तो क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे. यह क्षेत्रीय दलों का भय है. इस भय पर अदानी का फामूर्ला चला. इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भारी भरकम चंदा दिया. क्षेत्रीय दलों को राहुल गांधी और कांग्रेस के विरोध में खड़ा कर दिया. अडानी ने राहत की सांस ली. हजारों वर्षों का भारत का इतिहास है. भारत में हमेशा से जयचंद अपने ही लोगों के खिलाफ खड़े हुए हैं. वह अभी भी हो रहा है. राहुल गांधी संविधान और नागरिक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं. कांग्रेस ने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी थी. सत्ता में रहते हुए कांग्रेस लड़ना भूल गई थी. आम आदमी से दूरी बन गई थी. अब सत्ता से बाहर रहकर राहुल ने लड़ाई लड़ना सीखा है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1398 अमीर तैमूर ने दिल?ली पर कब्जा कर लिया. 1865 अमरीका में दास प्रथा समाप्त हुई. 1916 दस महीने बाद बर्डन की लड़ाई समाप्त हुई जिसमें पांच लाख से अधिक फ्रांसीसी और चार लाख से अधिक जर्मन सैनिक मारे गए. 1919 बिना रुके अटलांटिक पार उड़ान भरने वाले ब्रिटेन के विमानचालक सर जान अल्काक का निधन विमान दुर्घटना में हो गया. 1935 थामस मसारिक के इस्तीफे के बाद एडुआर्ड बेनेस चेकोसलोवाकिया केराष्ट्रपति चुने गए. 1940 एडोल्फ हिटलर ने रूस पर हमले का आदेश दिया. 1960 राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन किया गया. 1965 तेल प्रतिबंध लगने के बाद रोडेशिया ने पड़ोसी जांबिया को तेल की आपूर्ति बंद कर दी. 1971 अमरीका के प्रसिद्ध गोल्फर राबर्ट टायर का निधन. 1972 अमरीकी इतिहास के सबसे बड़े भेदिया कारोबारी इवान बोएस्की को तीन साल की सजा हुई. 1980 सोवियत संघ और यूरोपीय समुदाय के बीच आर्थिक सहयोग समझौता हुआ.

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मकर | 08.34 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.20 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.24 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.02 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.31 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कन्या | 23.43 बजे से |
| | | तुला | 01.54 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.09 ब.से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 353 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 10.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 00.59 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** इन्द्र 19.34 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 10.07 बजे तदनन्तर बव 21.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 24'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872197
**जूलियन दिन** 2460662.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 15
**विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत, महाराज छत्रसाल परमधाम वास दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# डीएसओ ने किया रामेश्वरम राइस मिल का औचक निरीक्षण, जांचोपरांत मिल को सील करने का दिया निर्देश

## एफसीआई का चावल अवैध रूप से भेजा जा रहा बांग्लादेश

**जामताड़ा (एप्र)।** उपायुक्त कुमुद सहाय के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम के द्वारा जिले के बेना स्थित रामेश्वरम राइस मिल में औचक छापेमारी की गई। जिसमें जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अबिश्वर मुर्मू मौजूद रहे। छापेमारी के क्रम में एफसीआई का चावल और बांग्लादेशी पैकेट बरामद किया गया। छापेमारी में मिल के अंदर रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश लिखे बोरे में चावल पैक किया जा रहा था। जिस पर प्रशासन द्वारा सख्ती बरतते हुए उक्त राइस मिल को सील कर दिया गया। वहीं राइस मिल से करीब 32 क्विंटल जन वितरण प्रणाली के चावल समेत अन्य सामग्री एवं चावल लदे1 ट्रक को जब्त कर लिया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर ने बताया कि यह राइस मिल संगठित सिंडिकेट की तरह काम कर रहा था। चावल की तस्करी इतने गुप्त तरीके से की जा रही थी कि आसपास के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लगी। जांच में यह सामने आया है कि यहां एफसीआई का चावल अवैध रूप से बांग्लादेश भेजा जा रहा था। इतना ही नहीं, जन वितरण प्रणाली के चावल को भी अन्य बोरों में पैक कर बाजार में खपाया जा रहा था। बताया गया कि जिला प्रशासन को उक्त के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त मिल में जन वितरण प्रणाली के चावल का दुरुपयोग हो रहा है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बांग्लादेशी पैकेट में चावल बरामद होने पर जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



वहीं इस संबंध में उपायुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से सूचना प्राप्त हुई कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के मिलीभगत से सरकारी चावल की कालाबाजारी की जा रही है। जिसके लिए उन्होंने जिले में पीडीएस दुकानों एवं राइस मिलों का औचक निरीक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। आज उसी क्रम में छापेमारी के दौरान मिल में व्याप्त अनियमितता की जानकारी मिली है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस संबंध में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि इस मामले को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। कहा कि इस मामले की गहन जांच जारी है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### डोभा में तैरता मिला अज्ञात का शव



**मिहिजाम (एप्र)।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के जियाजोड़ी कुल्डंगाल के एक डोभा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मंगलवार की सुबह पानी में तैरता हुआ बरामद किया गया। जहां देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गया। इस घटना की खबर उस वक्त लगी जब गांव के लोग सुबह सुबह शौच के लिए उस दिशा में निकले थे। जहां डोभा में शव तैरता हुआ देखकर लोग शोरगुल करना शुरू कर दिया। उसके बाद इसकी सूचना मिहिजाम थाना को दी गई। जहां मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे अपने सहयोगी पुलिस पदाधिकारी सूबेदार यादव, राजेश्वर यादव के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने आशंका जताते हुए कहा कि इसकी हत्या कर साक्ष्य छूपाने की नियत से शव को डोभा में फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू जामताड़ा भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद से सब कुछ क्लियर हो जाएगा।

### जेसीबी ने दो युवक सहित एक छोटी बच्ची को किया घायल



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के खामारवाद पंचायत के बारमेसिया गांव में अपने घर के चारदिवारी उपर विक्रम गोस्वामी, नितेश गोस्वामी अपनी बच्ची के साथ बैठा हुआ था। ज्ञात हो कि भेलाडांगाल से बिन्दापाथर लगभग 7 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी गाड़ी संख्या जेएच 11 टी 9211 से सड़क के किनारे मिट्टी की खुदाई कर रही थी। तभी अचानक जेसीबी गाड़ी ने चारदिवारी को तोड़कर कर वहां बैठे दो युवक सहित एक छोटी बच्ची को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी गाड़ी के द्वारा सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया जा रहा है। जेसीबी गाड़ी जैसे भारी उपकरणों का संचालन करते समय सावधानी नहीं बरत रही है। जिससे ग्रामीणों के लिए खतरा बना रहता है। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि जेसीबी गाड़ी मालिक को तीन गंभीर घायलों को जब तक ठीक ना हो ईलाज का खर्चा देना चाहिए। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया है, जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**नारायणपुर (एप्र)।** गोबिन्दपुर साहेबगंज हाईवे स्थित थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव के समीप मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल व्यक्ति का इलाज सीएचसी नारायणपुर में किया गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार तरणी निवासी सनातन टुडू का 20 वर्षीय पुत्र छोटू टुडू बाइक से अपने मामा घर बरियारपुर से अपने घर वापस तरणी जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव के पास वह अपने बाइक से नियंत्रण खो बैठा और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसका इलाज सीएचसी नारायणपुर किया गया।

### किसानों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नाला (एप्र)।** नाला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एग्री स्मार्ट विलेज जगन्नाथपुर में किसानों का दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी जामताड़ा लव कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी ने फसल लगाने के पूर्व बीज को उपचारित करने तथा विभिन्न कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करने आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही खेतों में ड्रिप से खेती करने तथा इससे होने वाले फायदों के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा जामताड़ा सुजीत कुमार सिंह, बीटीएम नाला गंगाधर मंडल, सीआरपी वासुदेव गोरांई, किसान सोमन गोरांई, विमल मंडल, मागाराम गोरांई, भोलानाथ गोरांई सहित अन्य किसान मौजूद थे।

### फरार अभियुक्त शरीफ अंसारी के घर चिपकाया गया इश्तिहार



**करमाटांड़ (एप्र)।** मंगलवार को करमाटांड़ थाना क्षेत्र के ओंकरी गांव में थाना के एसआई अनुज कुमार एवं पुलिस बल द्वारा शरीफ अंसारी के घर मे इश्तिहार चिपकाया गया। थाना के एसआई अनुज कुमार ने बताया कि शरीफ अंसारी पोक्सो एक्ट का प्राथमिकी अभियुक्त है। गिरफ्तारी के डर से वह भागता फिर रहा है। इसके विरुद्ध पूर्व में न्यायालय जामताड़ा से वारंट निर्गत किया गया है। उक्त अभियुक्त के घर पर कई बार छापेमारी की परंतु उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। यदि वह एक महीना के अंदर अपने आप को सिलेंडर नहीं करता है तो उसके घर का कुर्की किया जाएगा।

### जिप उपाध्यक्ष ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**करमाटांड़ (एप्र)।** मंगलवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी एवं उनके प्रतिनिधि महेंद्र मंडल ने अपने आवास पर बिराजपुर पंचायत के मोहनपुर गांव के दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान महेंद्र मंडल ने बताया कि प्रतिदिन ऐसे कई जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करते हैं। आगे भी निःस्वार्थ भाव से गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करते रहेंगे। इसके साथ ही वे क्षेत्र की समस्या से भी अवगत हुए तथा हर समस्या का जल्द से जल्द निदान करने की बात कही।

## केन्द्रीय विद्यालय चित्तरंजन में मना स्थापना दिवस



**मिहिजाम (एप्र)।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चित्तरंजन का 62वां स्थापना दिवस दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य टेक धारनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जहां अपने संक्षिप्त संबोधन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गरिमामयी भूमिका पर प्रमुखता से चर्चा की। स्नातकोत्तर शिक्षक अमित कुमार पांडेय ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस पर अपने विचार एवं अनुभव विस्तार से साझा किये। विद्यालय की छात्रा तृप्ति कुमारी लाल ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित नृत्य, संगीत प्रस्तुत किया गया। जबकि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों (एलुमनी मीट) का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस दौरान सभी (भूतपूर्व छात्र-छात्राओं) स्वागत किया गया। इसके उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, सामूहिक नृत्य एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया। तदुपरात विद्यालय की प्राचार्य अपने संबोधन में सभी स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के पूर्व छात्र रहे, दिनेश पाठक और छात्रा रहीं रश्मी यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपना विचार प्रकट किए और सभी ने मिलकर विद्यालय गीत गाया। भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लाएगा, तक्षशिला और नालंदा का इतिहास लौटकर आएगा को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक मिथुन चक्रवर्ती ने विद्यालय की अनेक रुपान्तर स्थितियों से अवगत कराते हुए अपने अनुभव व विचार व्यक्त किए। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या ने सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट की। कार्यक्रम का संचालन श्रिया नंदी और ब्रजेश भट्टाचार्य ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्नातकोत्तर शिक्षक राकेश कुमार ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**करमाटांड़ (जामताड़ा)।** करमाटांड़ मकाठी कोठी मैदान में मंगलवार को केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र मंडल रहे। जिन्होंने टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जामताड़ा जिले का यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट है जो आईपीएल के तर्ज पर खेला जाता है इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन यहां के युवाओं को प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर प्लेटफार्म देने का काम कर रही है। उद्घाटन मैच मधुपुर व देवघर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवघर का टीम ने 20 ओवर में 164 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रनों का पीछा करने उतरे मधुपुर की टीम 162 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिससे टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच देवघर ने अपने नाम कर लिया। यह टूर्नामेंट 17 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी 7 जनवरी तक संचालित होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपया दिया जाएगा।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड के घाटी बडबहाल गांव में आगामी 17 फरवरी से श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ 22 फरवरी तक चलेगा। छह दिन के आयोजन में 5 दिनों तक श्री राम कथा आयोजित होगी। यह निर्णय यज्ञ कमेटी के बैठक में हुआ। बैठक की अध्यक्षता आनंद मोहन तिवारी ने किया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांव के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सदस्यों ने चर्चा किया कि श्रीराम कथा के कथावाचक कन्हैया द्विवेदी जी महाराज होंगे। जबकि 22 फरवरी को यज्ञ का पूर्णाहूर्ति, प्रसाद वितरण, भंडारा और संध्या में भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। सदस्यों ने तय किया कि महायज्ञ के दौरान 17 फरवरी को कुम्हरगढ़िया नदी से जल यात्रा होगा। इसमें क्षेत्र से अधिक से अधिक कन्याएं शामिल हो इसके लिए अभी से ही तैयारी करना है। बैठक में यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर धन संग्रह पर भी चर्चा हुआ। निर्णय लिया कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर महायज्ञ में होने वाले खर्च को संग्रह करना है। मौके पर राजकिशोर तिवारी ,मुरारी रवानी, कुंदन तिवारी, चंदन तिवारी ,पंकज सिंह, कन्हैया ओझा, मुकेश तिवारी ,आनंद मोहन तिवारी, उत्तम ओझा, पुरुषोत्तम ओझा, राहुल ओझा ,शिव शंकर दास, गोविंद दास, सूरज तिवारी, कृष्ण कांत साह, राजू ओझा आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो यहां इसी वर्ष बजरंगबली का मंदिर का निर्माण हुआ है। इसी मंदिर में बजरंगबली के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होगा। इसी निमित्त यज्ञ आयोजित किया जाएगा।

## बागडेहरी में चल रहा पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण सम्पन्न



**कुंडहित (एप्र)।** कुंडहित प्रखंड के बागडेहरी में जिला उद्यान कार्यालय जामताड़ा तत्वाधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन जिला कृषि पदाधिकारी सह जिला उद्यान पदाधिकारी जामताड़ा की उपस्थिति में हो गया। जिला उद्यान पदाधिकारी ने किसानों को उद्यानिक फसलों की जानकारी एवं इसके देखभाल व रागों के बारे एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्नत तकनीक से सब्जी की खेती के बारे सभी को बताया गया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को खेती शुरू करने के पहले बिजमृत, जीवामृत, मिट्टी की जांच, खेतों में फसलों के बीच मलचिंग एवं ड्रिप से खेती करने के तरीके एवं इसके उपयोग से किसानों के फायदे के बारे में बताया। वहीं प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं बीज देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी लब कुमार, जिला तकनीकी प्रबंधक सुजित कुमार, प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा, बीटीएम अमिर हेम्बरम, उद्यानी मित्र श्यामल फौजदार सहित अनेक उपस्थित थे।

## अवैध कोयला लदा दो मोटरसाईकिल जब्त

**कुंडहित (एप्र)।** एसआई नाजिम खॉं के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे खाजुरी बागडेहरी मुख्य मार्ग पर स्थित मंडल टोला के समीप अवैध कोयले के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर करीब 6 क्विंटल अवैध कोयला 2 मोटरसाइकिल के साथ जब्त किया गया। वहीं चालक मौके पर से फरार होने में कामयाब रहा। जानकारी के अनुसार एसआई नाजिम खान थाना क्षेत्र के खाजुरी बागडेहरी मुख्य सड़क पर मंडल टोला के समीप जैसे ही पहुंचे और वहां से मोटरसाइकिल में कोयला लादकर गुजर रहे दो मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया। पुलिस ने जब्त मोटरसाइकिल व करीब 6 क्विंटल अवैध कोयला को कुंडहित थाना परिसर लाया। वहीं एसआई नाजिम खान के फर्द बयान पर काले रंग के हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित किए हुए एवं काला रंग का होंडा मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यू बी 54 के 0733 पर लोड करीब 6 क्विंटल अवैध कच्चा कोयला के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## करमाटांड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द मिलेगा प्रखंड का दर्जा



**करमाटांड़ (एप्र)।** करमाटांड़ गणपत चौक बाजार में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का भव्य स्वागत ग्रामीण एवं व्यवसाय के द्वारा किया गया। व्यवसाय एवं ग्रामीण वर्ग के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री को बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने सर्वप्रथम शहीद गणपत महतो चौक पर मलयार्पण किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य से संबंधित कई योजनाओं का मांग किया। मंत्री ने जल्द से जल्द मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि करमाटांड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द मिलेगा प्रखंड का दर्जा। यहां यहां के लोगों को इलाज के लिए अब डर-डर नहीं भटकना पड़ेगा। सारी सुविधा हमारे ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होगी। साथ ही कहा कि यहां के लोगों का स्वास्थ्य संबंधित कई शिकायतें है जिसे दूर करने के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। करमाटांड़ क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए में भरसक प्रयास करूंगा। यहां के जो भी समस्या है उसका निदान करने के लिए तत्पर रहूंगा। इस मौके पर रामरतन मंडल, बजन मंडल, तनवीर अंसारी, संतोष मंडल, इम्तियाज अंसारी, संजय मंडल उर्फ सुग्गू, इम्तियाज अंसारी, कंचन पोद्दार,मोहन साह, पोरेश मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आज से शाम 6 बजे तक लोगों को मिलेगी सरकारी अस्पताल में ओपीडी सेवा




**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा जिला के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है, यहां के मरीजों को अब शाम 6 बजे तक ओपीडी सेवा की सुविधा बुधवार से मिलने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जिला में यह सुविधा बुधवार 18 दिसंबर से लागू किया जा रहा है। इसकी शुरूआत सदर अस्पताल जामताड़ा से हो रही है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ आलोक विश्वकर्मा ने इस बाबत नया रोस्टर जारी किया है। जिसमें नई व्यवस्था के तहत चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नई व्यवस्था में लोगों को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक ओपीडी की सेवा मिलेगी। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद जामताड़ा विधायक सह मंत्री इरफान अंसारी ने सिविल सर्जनों के साथ रांची में बैठक कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर चर्चा किया था। इस बैठक में उन्होंने निर्देश जारी किया था कि ओपीडी की सेवा शाम 6 बजे तक बहाल की जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। मंत्री के उक्त निर्देश के आलोक में हीं यह व्यवस्था जामताड़ा सदर अस्पताल में बहाल की जा रही है। शायद झारखंड का यह पहला जिला होगा जहां इस नई व्यवस्था की शुरूआत हो रही है। इस संदर्भ में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विश्वकर्मा ने कहा की नई व्यवस्था के तहत ड्यूटी रोस्टर बनाया जा रहा है। इसमें सभी ओपीडी सेवाएं, पैथोलॉजी लैब एवं एक्स-रे इत्यादि की सुविधा लोगों को नए रोस्टर के हिसाब से मिलेगा। उन्होंने बताया कि जो चिकित्सक सुबह 9 बजे ओपीडी का संचालन करेंगे वह 1 से 3 तक इमरजेंसी सेवा देंगे। वहीं 3 से जो चिकित्सा इमरजेंसी ड्यूटी में आते हैं वे 1 घंटे इमरजेंसी के बाद 2 घंटा ओपीडी चलाएंगे। पुनः रात 9 बजे तक इमरजेंसी सेवा देंगे और रात 9 बजे से सुबह के 9 बजे तक इमरजेंसी सेवा बहाल रहेगी। इसी अनुसार पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, ईसीजी सहित अन्य विभागों की सेवा लोगों को सुबह 9 बजे से 1 बजे तथा 4 बजे से 6 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी।

## मंत्री ने विस अध्यक्ष के पिता को दी श्रद्धांजलि



**नाला (एप्र)।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को बड़वा स्थित विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर पहुंची। यहां उन्होंने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के पिता स्वर्गीय गलोक बिहारी महतो को श्रद्धांजलि अपर्ति किया। मालूम हो कि पिछले दिनों झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के पिता स्वर्गीय गलोक बिहारी महतो का निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति कामना को लेकर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को पैतृक गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष इस विषम परिस्थिति में भी राज्य की जनता के हित में सामाजिक के साथ-साथ राजनीतिक कर्तव्यों का निर्वहन किया यह बहुत ही चुनौती पूर्ण समय रहा। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष पंकज झा, काशीनाथ मंडल, धरम माजी, मिमरान मिस्त्री सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का राज्यस्तरीय टीम ने किया निरीक्षण



**गिद्धौर/जमुई(निसं)।** जिले के दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यस्तरीय टीम द्वारा एक्सटर्नल असेसमेंट किया गया। जिसमें राज्य स्वास्थ्य समिति से दीपक कुमार एवं डॉ विकास पाण्डेय मौजूद रहे ।इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया गया ।निरीक्षण टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का जायजा लिया ।साथ ही कायाकल्प चेकलिस्ट के अनुसार असेसमेंट किया और स्वच्छता,बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन,शौचालय की स्थिति,पेयजल सुविधा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को कुछ आवश्यक सुधारों के लिए सुझाव भी दिया ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार किया जा सके ।अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम के तहत अस्पताल को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि निरीक्षण के बाद मिलने वाले सुझावों के आधार पर अस्पताल को और अधिक सक्षम और जनहितैषी बनाया जाएगा ।इस मूल्यांकन के क्रम में अस्पताल की प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी डॉ अजीमा निशात,प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका कुमारी, जिला से डॉ. ताबिश हयात एवं पीरामल स्वास्थ्य से पीएल रौशन कुमार मौजूद थे।

### शिविर का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे: सीओ



**बरहट (एप्र)।** जिलाअधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेर्शानुसार मंगलवार को बरहट प्रखंड के कटौना पंचायत भवन में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन अंचलाधिकारी मयंक अग्रवाल ,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी शंभूनथ सुधाकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। पश्चात पदाधिकारीयों ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी हर -घर नल -जल, जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, आंगनवाड़ी, श्रम परिवर्तन के अलावा कई योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक से जानकारी दी तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया ।वहीं ग्रामीणों ने सड़क, नली, गली, स्वास्थ्य, जनवितरण, शिक्षा, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना राशन कार्ड, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित अन्य समस्या से पदाधिकारी को अवगत कराया ।वहीं पदाधिकारी ने लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर समस्या जल्द निवारण हेतु आश्वासन दिए ।कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट भी सुलझाया गया ।मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है ।जिसके लिए आज सभी विभाग के पदाधिकारी सहित कर्मी आपके द्वार तक आए हैं ।मौके पर प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी निधि कुमारी,प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी बिंदु मुखिया कपिलदेव प्रसाद ,समाजसेवी अभिनव सिंह के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट आवेदनों का हो रहा निपटारा




**जमुई(निसं)।** आम लोगों को सामान्य समस्याओं को लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। जिसको लेकर आज समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन आपके द्वार पहुंचा है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्दश के आलोक में जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत परिसर में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं उनसे उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिए गए। कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटान किया गया तो कुछ आवेदन को कठिनाई दूर करने के लिए नामित विभाग भेजे गए ।उक्त कार्यक्रम में आमजनों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों से लोगों का अधिक से अधिक आवेदन लेने पर जोर दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम आवास, मनरेगा, आपूर्ति, पेंशन, हर घर नल का जल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, कृषि, परिवहन, उद्योग, श्रम आदि विभागों से जुड़े कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और इसके संबंध में उपस्थित जनों को वांछित जानकारी देकर उनका क्षमतावर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हितकारी कार्यों के लिए सरकार कटिबद्ध है। फ्लैक्स के जरिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मद्य निषेध, समाज कल्याण, आईसीडीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, उद्योग, श्रम आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए है, जरूरतमंद लोग वहां जाकर वांछित जानकारी हासिल करें और आवेदन के जरिए अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर उसका निदान कराएं। इस अवसर पर समेकित बाल विकास परियोजना के तहत एनीमिया, पूरक पोषाहार, पोषण भी पढ़ाई भी, पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इसका लाभ लेने का संदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से केंद्र पर एनीमिया जांच के लिए कैंप लगाने का भी निर्देश दिया। शिविर में सभी सम्बंधित प्रखंड स्तरीय व अंचल स्तरीय पदाधिकारी समेत पंचायत जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी की इस पहल की जमकर सराहना की जा रही है।

## देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बरहट (एप्र)।** बरहट थाने की पुलिस ने 25 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के पेंघी भूमिदान मुसहरी टोला निवासी कानू मांझी पिता भगीरथ मांझी के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के जावातरी के रास्ते से एक शराब तस्कर देसी शराब लेकर गुजरने बाला है। सूचना के आधार पर त्वरित करवाई करते हुए दल बल के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार करने पहुंचे। वहीं पुलिस जब युक्त स्थान पर पहुंचे तो एक बाइक पर सवार होकर एक व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया। वहीं पुलिस को देख कर वे भागने लगा। तभी जवानों ने उसे खदेड कर पकड़ा और हिरासत में लेकर का तलाशी ली गई तो एक गैलन से 25 लीटर देशी शराब जप्त किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर थाना ले आया गया। थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने बताया शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गंगरा के माधवेंद्र पीपीयू में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस में टॉप 10 में शामिल



**गिद्धौर/जमुई(निसं)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस विभाग में वर्ष 2023-24 सत्र में टॉप 10 में छठे स्थान पर आकर कीर्तिमान बनाने वाले गिद्धौर प्रखंड के गंगरा गांव निवासी शंभू शरण पांडेय के पुत्र माधवेंद्र कुमार पांडेय को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्वविद्यालय के टॉपर्स को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में 2022-24 सत्र के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। कुल 33 विषयों के टॉपर में 14 लड़के और 19 लड़कियां शामिल थे। माधवेंद्र पांडेय के टॉप 10 में सम्मिलित होने और डिग्री ग्रहण करने पर पूरे गंगरा गांव सहित गिद्धौर और जमुई जिला में भी हर्ष का माहौल है। पिता शंभू शरण पांडेय, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि माधवेंद्र आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। माधवेंद्र ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के जमुई जिलाध्यक्ष भी हैं। वहीं माधवेंद्र की इस उपलब्धि पर गंगरा पंचायत की मुखिया अंजनी सिंह, पूर्व मुखिया विलायती सिंह, प्रो. डॉ. लखनलाल पांडेय, शिक्षक चुनचुन कुमार, मिलेनियम स्टार फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशांत साईं सुंदरम सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन की देवघर शाखा का गठन, डॉ. राजीव बने अध्यक्ष

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** स्थानीय आकाश वायरो हाल में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की हुई बैठक में एसोसिएशन की देवघर शाखा का गठन किया गया। साथ ही चयनित पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एनपी दास को संरक्षक, डॉ राजीव कुमार को अध्यक्ष, डॉ राजीव रंजन को सचिव, उपाध्यक्ष डॉ आरनव, संयुक्त सचिव डॉ अमरेश, कोषाध्यक्ष डॉ. अंजू बैंकर, सहायक सचिव डॉ. पूजा राय, कन्वेनर डॉ. राज वर्मा, डॉ सत्यम, जनरल संपादक डॉ कुमार हर्ष ने पदभार ग्रहण किया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. प्रवीर कुमार को मनोनीत किया गया। मौके पर 21 दंत चिकित्सक आईडीए के आजीवन सदस्य बने हैं। कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन देवघर शाखा के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. धनवंतरि तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, सदर अस्पताल के उपाध्यक्ष सह जिला झासा के सचिव डॉ. प्रभात रंजन, आईएमए के सचिव डॉ गौरी शंकर, डॉ. आरके चौरसिया, रीता चौरसिया, डॉ आरएन प्रसाद, डॉ राजीव पांडेय, डॉ अर्पित गांधी, डॉ जीपी बरनवाल, डॉ एनसी गांधी, डॉ सतीश कुमार, डॉ नेहा प्रिया, डॉ विनीत, डॉ प्रियंका, डॉ संजय कुमार सहित अन्य चिकित्सक व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी ताराचंद जैन, डॉ अमरेंद्र एम्स प्रिंसिपल, डॉ बीके सिंह डिप्टी डायरेक्टर स्वास्थ्य झारखंड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन, एसबीआई ब्रांच मैनेजर बाजार समिति, ब्रांच एसबीआई पीबीबी ब्रांच मैनेजर में उपस्थित थे।

## विकास सिंह ने नव नियुक्त छात्र नेता अमन को खिलाई मिठाई



**जमुई(निसं)।** विगत दिनों केकेएम कॉलेज मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वार्षिक चुनाव मे छात्रों के बीच संघ का चुनाव किया गया ।जिसमे छात्र नेता अमन कुमार पुनः नगर मंत्री नियुक्त कोई गए,और नगर अध्यक्ष के रूप मे आशुतोष कुमार सिंह का चयन हुआ। काफी दिनों बाद केकेएम कॉलेज मे छात्र संघ के हुए चुनाव मे विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता सभी पदों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज किया था ।चुनाव मे नगर मंत्री नियुक्त होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास सिंह के आवास पर पहुँचकर छात्र नेताओं ने आशीर्वाद लिया, भाजपा नेता विकास सिंह ने सभी नव नियुक्त छात्र नेताओं को मिठाई खिलाकर जीत कि बधाई दिए ।विकास सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व के सबसे बड़े छात्र का संगठन है,जिस तरह जमुई मे भी आप सब छात्र कि समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षशील रहते है इससे संघ के प्रति छात्र छात्राओं का विश्वास और भरोसा जीतते चले जा रहे है ।हम सबकी परिषद को इसी तरह संघ के कार्यों को छात्रों से सीधे जोड़े रखने के लिए शुभकामना देता हूँ ।परिषद के नगर अध्यक्ष एवं मंत्री सहित अन्य पदों पर छात्रों की नियुक्ति पर एबीभीपी के पूर्व नेता व पूर्व सिनेट सदस्य शैलेश भारद्वाज, भाजमुयों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ठाकुर डुगडुग सिंह,युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल राठौर,कुंदन यादव,अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य ने बधाई दिया है।

## रायपुरा पंचायत में प्रशासन आपके द्वार शिविर का आयोजन
### एडीएम ने सुनी जनसमस्या, दिया निदान का आश्वासन



**खैरा/जमुई(निसं)।** खैरा प्रखंड के रायपुरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हडियाडीह गांव में मंगलवार को प्रशासन आपके द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षाविभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज, राजस्व, जीविका, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, लोहिया स्वच्छ बिहार, बाल विकासपरियोजना, विद्युत विभाग, मेडिकल कैंप, मनरेगा आदि से संबंधित स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता सुभाष कुमार पंचायत के मुखिया प्रभु यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एडीएम सुभाष कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गांव के विकास के लिए कटिबंध है ।और इसके लिए प्रत्येक योजनाओं में पर्याप्त राशि भी उपलब्ध है। हम लोगों का प्रयास है कि सरकार की योजनाओं धरातल पर उतरना है इसके लिए हम लोग दिन-रात लगे हुए हैं और निगरानी कर रहे हैं कि कहां पर विकास कार्य बाधित है। सभी पदाधिकारी को एडीएम ने आदेश दिया कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर शीघ्र पूर्वक उतारे उन्होंने कहा कि अस्पताल में जांच की व्यवस्था है और दवाई भी उपलब्ध है अगर आप लोगों को किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत हो तो शिविर में लगे स्टॉल पर अपनी शिकायत दर्ज करें ताकि आप लोगों की समस्या निदान किया जाये सके। वहीं दूसरी और शिविर में बीडीओ, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, अंचलाधिकारी अनुपस्थित थे। शिविर में पहुंचे फरियाद लोगों का कहना था कि इस शिविर में जब स्थानीय पदाधिकारी नहीं पहुंचे तो शिविर का क्या मतलब ।जो भी समस्या को लेकर हम लोग यहां पहुंचे हैं उसका निदान क्या निकलेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने बीडीओ एवं अन्य पदाधिकारी पर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है मौके पर सीडीपीओ प्रेरणा कुमारी, पंचायत सेवक ओम प्रकाश साह, रोजगार सेवक मनीष कुमार आवास सहायक दिवाकर कुमार, निलेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# जमुई जलसा में सामाजिक समरसता को बढावा देने का प्रयास: प्रभात कुमार चंद्रवंशी




**जमुई(निसं)।** जिले में सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 'जमुई जलसा' का आयोजन किया जाएगा। श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए अनुमंडल कार्यालय,जमुई ने औपचारिक अनुमति प्रदान कर दी है। आयोजनकर्ता प्रभात कुमार चंद्रवंशी द्वारा अनुमंडल कार्यालय को दिए गए आवेदन के आलोक में यह अनुमति दी गई। अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष जमुई ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अपनी सकारात्मक अनुशंसा प्रस्तुत की थी। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने तय शर्तों के तहत कार्यक्रम को स्वीकृति दी है। अनुमंडल कार्यालय द्वारा जारी अनुमति पत्र में कार्यक्रम के सुचारू और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिसमें लाउडस्पीकर का उपयोग केवल सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ही किया जा सकेगा। ध्वनि कर्कश नहीं होनी चाहिए और इसे नियंत्रित सीमा के भीतर रखा जाएगा। वहीं आयोजनकर्ता को कार्यक्रम के दौरान शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही आयोजन के दौरान कोई ऐसा प्रदर्शन या गतिविधि नहीं होनी चाहिए, जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुई और थानाध्यक्ष जमुई को निर्देश दिया गया है कि वे कार्यक्रम के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहें। अनुमति मिलने के बाद जमुई जलसा कोर कमिटी की दसवीं और अंतिम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार के चर्चित शिक्षक जितेंद्र कुमार ने की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जमुई की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने का माध्यम बनेगा। बैठक में आयोजन की पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रतियोगिताओं के आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में कला विभाग के सुभाष कु सिंह,रंजीत कमल,सिद्धार्थ कुमार,अंजली डुंडो, खेल प्रभारी अभिषेक राज, कवि सम्मेलन समिति की सरिता दीप, क्विज प्रतियोगिता समिति के निशांत स्वराज और संतोष सिंह सहित अन्य प्रमुख सदस्य शामिल हुए।

आयोजन के दौरान जमुई के विशिष्ट नवरत्नों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें राजनेता, शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी, अर्थशास्त्री, खिलाड़ी, कृषि वैज्ञानिक, समाजसेवी, संविधान विशेषज्ञ और भारतीय सेना से जुड़े व्यक्ति शामिल हैं। कार्यक्रम में जमुई एंथम, आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य-नाटिका और दक्षिण भारतीय संस्कृति की चिकी-चिकी छम नृत्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। इनका कोरियोग्राफी चंपा कर रही हैं। जमुई जलसा को लेकर जिले में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। आयोजन की चर्चा न केवल जमुई बल्कि पूरे बिहार में हो रही है। आयोजक प्रभात कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि यह कार्यक्रम जमुई की पहचान को एक नई ऊंचाई देगा। आयोजनकर्ता प्रभात कुमार चंद्रवंशी ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'जमुई जलसा' जिले में सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। यह कार्यक्रम लोगों के बीच सांस्कृतिक विरासत की जागरूकता लाने और समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल मनोरंजन बल्कि ज्ञान और जागरूकता का भी माध्यम बनेगा। अनुमंडल कार्यालय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और थानाध्यक्ष जमुई को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम के दौरान हर स्थिति पर नजर रखें। खासतौर से कार्यक्रम स्थल के आसपास ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## 15594 पीएम आवास में 11331 पूरा

**बैद्यनाथधाम(निसं)।** देवघर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक चार अंतर्गत बन रहे आवासों के प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें शेष बचे आवासों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश सभी वार्ड सर्वेयर को दिया गया। साथ ही सभी सर्वेयर को प्रति सप्ताह कम से कम 35 जियोटैग करने को कहा गया है। साथ ही वर्क प्लान बनाते हुए शेष बचे आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह सभी सर्वेयर का समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नगर निगम में कुल 15594 आवास स्वीकृत है। जिसमें 11331 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवास विभिन्न स्टेज पर बचे है। बैठक में नगर प्रबंधक, तकनीकी विशेषज्ञ, जेई, वार्ड सर्वेयर आदि उपस्थित थे।

## मधुपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू



**मधुपुर (निसं)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी और अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मोहम्मद शाहिद ने फीता काट कर शुरूआत किया। साथ ही बच्चों को कृमि की दवा एल्बेंडाजोल की गोली भी खिलाई गई। मौके पर मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि यह अभियान बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमि नियंत्रण हेतु एल्बेंडाजोल की दवा सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क खिलाई जाएगी। अगर कोई बच्चा गैर पंजीकृत और स्कूल नहीं जाने वाला है तो यह दवाई नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र में खिलाया जा रही है।

जसीडीह और तुलसीटांड़ स्टेशनों के बीच प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद किए जाने की सूचना

सीतारामपुर-झाझा शाखा में जसीडीह और तुलसीटांड़ स्टेशनों के बीच हावड़ा से किमी.327/03-05 पर प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट नं.31/एसपीएल/ई को दिनांक 15.01.2025 से सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। सड़क यातायात को निकट में स्थित नवनिर्मित लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) के माध्यम से पथ परिवर्तित किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024



संक्षिप्त समाचार

## सबरीमला मंदिर में 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, रेवेन्यू भी बढ़ा



**सबरीमला, एजेंसी।** केरल के सबरीमला मंदिर में 29 दिनों में 22.67 लाख से अधिक भक्तों ने भगवान अयप्पा के दर्शन किए, जो पिछले साल से 4.5 लाख ज्यादा हैं. त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के अध्यक्ष पीएस. प्रशांत ने बताया, इस दौरान मंदिर का रेवेन्यू 163.89 करोड़ रुपये से अधिक रहा. जिसमें से लगभग आधा हिस्सा अरावन की बिक्री से आया, जो भगवान अयप्पा के भक्तों को दिया जाने वाला प्रसाद है. पिछले साल की तुलना में अरावन की बिक्री से आय में 15 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है. त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के अध्यक्ष पी एस प्रशांत ने कहा कि, इस साल मंदिर में तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू दर्शन के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है. साथ ही उन्होंने पुलिस सहित सभी विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए देवस्वोम बोर्ड के साथ सहयोग किया. त्रावणकोर देवस्वोम के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने बताया कि, सबरीमला मंदिर तक पहुंचने के लिए पुल्लुमेदु और एरुमेली के पारंपरिक वन मार्गों से पैदल लंबी दूरी तय करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए जल्द ही दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने बताया कि, वन विभाग के सहयोग से इन मार्गों का उपयोग करने वाले तीर्थयात्रियों को एक विशेष टैग प्रदान किया जाएगा. त्रावणकोर देवस्वोम के अध्यक्ष ने बताया कि, तीर्थयात्री स्वामी अय्यप्पन रोड के माध्यम से पम्पा से मंदिर तक पहुंच सकते हैं, और जो लोग नीलिमाला मार्ग से जाना चाहते हैं, वे भी ऐसा कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, इन तीर्थयात्रियों के पास मरककोट्टम में सरमकुथी मार्ग को दरकिनार करते हुए चंद्रनंदन रोड के माध्यम से मंदिर में प्रवेश करने का विकल्प होगा. उन्होंने यह भी बताया कि नई प्रणाली जल्द ही लागू की जाएगी.

### भारत में 1,065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 साल पुराने, 224 बांध एक सदी से अधिक पुराने : राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि भारत में 1,065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 साल पुराने हैं जबकि 224 बांध ऐसे हैं जो एक सदी से अधिक पुराने हैं. सरकार के मुताबिक, देश में कुल 6,138 निर्मित और 143 निर्माणाधीन बांध हैं. राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि सरकार ने पुराने बांधों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और बांध की विफलताओं से उत्पन्न होने वाली आपदाओं को रोकने के लिए बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 लागू किया है. उन्होंने कहा कि बांध, सिंचाई और बिजली उत्पादन उद्देश्यों के अलावा बाढ़ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संयुक्त रूप से संकलित बड़े बांधों के राष्ट्रीय रजिस्टर (2023 संस्करण) के अनुसार, 6,138 निर्मित और 143 निर्माणाधीन बांध हैं, जो कुल मिलाकर 6,281 होते हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इनमें से केवल 224 बांध 100 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 1065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 वर्ष पुराने हैं. चौधरी ने कहा कि सरकार ने बांध सुरक्षा कानून लागू किया है और बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (डीआरआईपी) के दूसरे और तीसरे चरण को भी लागू किया जा रहा है जिसका मकसद 19 राज्यों और तीन केंद्रीय एजेंसियों के 736 बांधों का पुनर्वास करना है।

### सौर ऊर्जा से रोशन होंगे 35 स्टेशन और कॉलोनियां, 1.82 करोड़ की बचत होगी


**लखनऊ, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सभी 35 रेलवे स्टेशन, कॉलोनियों, क्रॉसिंग को सौर ऊर्जा से रोशन करेगा। इससे हर साल बिजली खर्च के रूप में करीब 1.82 करोड़ की बचत होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशन भवन, कार्यालय भवन की छतों, सर्विस भवन, चिकित्सालय, प्रशिक्षण केंद्र, कोचिंग कॉम्प्लेक्स, कारखाना, अतिथि गृह, विश्रामगृह, प्रेक्षागृह फाटक आदि पर सोलर पैनल लगाये जा रहे हैं। अभी तक पूर्वोत्तर रेलवे में कुल 6.58 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। इससे इस साल नवंबर तक 36.25 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ है। इसकी मदद से करीब 1.37 करोड़ के राजस्व की बचत हुई है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अब तक लालकुआं व रामनगर स्टेशनों पर 50 टनकपुर पर 30, कासगंज व बदायूं पर 20, फर्रुखाबाद पर 15, कन्नौज, गंजडुंडवारा, रावतपुर, मथुरा कैंट, पीलीभीत, फतेहगढ़, रूद्रपुर सिटी, हल्द्वानी, काठगोदाम व खटीमा स्टेशनों पर 10 समेत कुल 16 स्टेशनों पर 285 किलोवाट क्षमता के रूफ टॉप सोलर पैनल लगाये जा चुके हैं। लखनऊ के अलावा वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाये जाने की प्रक्रिया चल रही है। पूर्वोत्तर रेलवे सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ मंडल के 35 स्टेशनों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसमें सरकारी दफ्तर और कॉलोनियां भी शामिल हैं।

# हिमाचल में अब सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को नहीं मिलेगी बिजली सब्सिडी, आदेश 1 जनवरी से लागू?

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के सरकारी अधिकारियों को नए साल से बिजली पर कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। यह निर्णय प्रदेश सरकार के वित्तीय सुधारों के हिस्से के रूप में लिया गया है। इससे राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया।

**ग्रेड-1 और ग्रेड-2 अधिकारियों पर लागू :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैठक के दौरान ऐलान किया कि 1 जनवरी 2025 से प्रदेश सरकार के ग्रेड-1 और ग्रेड-2 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली सब्सिडी नहीं दी जाएगी। इस निर्णय के पीछे मुख्य कारण प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत बोर्ड की वित्तीय स्थिति को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड के सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और यह कदम उसी दिशा में उठाया गया है।

**500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय :** मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने हाल ही में उद्योग और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए विद्युत दरों में युक्तिकरण किया है जिससे लगभग 500 करोड़ रुपये की वार्षिक अतिरिक्त आय सुनिश्चित हुई है। यह कदम प्रदेश सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विद्युत बोर्ड की कार्यप्रणाली में सुधार के



उद्देश्य से उठाया गया है।

**विद्युत बोर्ड के लिए अतिरिक्त फंड :** सीएम सुक्खू ने यह भी घोषणा की कि प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड के लिए 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कॉरप्स फंड प्रदान करेगी। यह कदम बोर्ड की वित्तीय स्थिति को और भी मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बोर्ड के कार्यों में नवोन्मेषी उपायों का समावेश करें ताकि विद्युत सेवा में सुधार और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**नई भर्तियों से सुधार की दिशा में कदम :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बोर्ड की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए नवोन्मेषी उपायों को लागू करें। इसके साथ हीउन्होंने यह भी कहा कि विद्युत बोर्ड में लाइनमैन और टी-मेट की भर्तियां की जाएंगी। ताकि फील्ड स्टाफ की कमी को दूर किया जा सके। फील्ड स्टाफ की सही तैनाती से विद्युत आपूर्ति सेवा में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी।

**अमीर उपभोक्ताओं को दी जा रही सब्सिडी बंद :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस साल जुलाई में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया था कि राज्य के धनाढ्य उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली सब्सिडी को समाप्त किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों का सही उपयोग करना और सब्सिडी का लाभ जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है।

**एक परिवार-एक मीटर नीति के तहत सस्ती बिजली :** प्रदेश सरकार ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में यह भी तय किया कि सस्ती बिजली केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को दी जाएगी। जो एक परिवार-एक मीटर नीति के तहत अपने विद्युत कनेक्शन का उपयोग करेंगे। इसके तहत 300 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी दी जाएगी, जबकि 300 यूनिट से अधिक खपत करने पर कोई सब्सिडी नहीं मिलेगी।

**300 यूनिट तक वालों को सब्सिडी :** 1 अक्टूबर 2024 से यह व्यवस्था लागू की गई थी कि 300 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 1 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी बंद कर दी जाएगी। वहीं, 300 यूनिट से कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को स्लैब के अनुसार 1.83 से 3.53 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जा रही है।

### गोबिंद सागर झील में सुरंग बनाने पर विचार, हिमाचल के मंत्री बोले- फोर लेन से जुड़ेगा बिलासपुर

**बिलासपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को कहा कि सरकार बिलासपुर शहर को कीरतपुर और मनाली के बीच फोर लेन सड़क से जोड़ने के लिए गोबिंद सागर झील में पानी के नीचे सुरंग बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लुहणू मैदान से फोर-लेन सड़क तक सुरंग बनाई जाएगी। यदि योजना फलीभूत हुई तो यह न केवल बिलासपुर शहर के लिए जीवनरक्षक साबित होगी बल्कि झील के अंदर बनने वाला देश का पहला सुरंग भी होगा। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के ऊना और बिलासपुर जिलों में गोविंद सागर झील की लंबाई लगभग 56 किमी और चौड़ाई 3 किमी है। कीरतपुर-मनाली फोर लेन सड़क बनने के बाद बिलासपुर शहर का मुख्य सड़क से संपर्क टूट गया है। इससे यहां आर्थिक गतिविधियां धीमी हो गई हैं। सुरंग के निर्माण से व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी नई राह मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंडर वॉटर टनल ब्रिज न सिर्फ शहर को सीधे फोर लेन सड़क से जोड़ेगा बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। अगर पुल निर्माण की संभावनाएं हैं तो इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जर्मनी से विशेषज्ञों और सलाहकारों को काम पर रखा जाएगा।

## बहन के बाद भाई पर भी भ्रष्टाचार की आंच, पूर्व सीएम के बेटे केटीआर पर फॉर्मूसा-ई रेसिंग मामले में जांच

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में सियासत एक बार फिर गरमा गई है। भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और



पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के बेटे के.टी. रामा राव (केटीआर) एक बार फिर विवादों में हैं। फॉर्मूसा-ई रेसिंग मामले में 55 करोड़ रुपये के फंड के कथित गबन पर जांच की मांग ने नया तूफान खड़ा कर दिया है। केटीआर पर आरोप है कि उन्होंने बतौर नगर प्रशासन मंत्री यह राशि बिना कैबिनेट की मंजूरी के डायवर्ट की। हालांकि, केटीआर ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे कांग्रेस सरकार का ध्यान भटकाने वाला खेल बताया। उन्होंने कहा, मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं। यह सब कांग्रेस के चुनावी वादों की नाकामी से ध्यान हटाने की कोशिश है। यह बयान तब आया है जब हाल ही में उनकी बहन और बीआरएस नेता के. कविता भी शराब घोटाले में ईडी की जांच का सामना कर रही हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में केटीआर ने स्पष्ट किया कि तेलंगाना की राजनीति में फिलहाल कांग्रेस उनकी पार्टी के लिए मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने भाजपा को छोटा प्रतिद्वंद्वी करार देते हुए कहा, बीजेपी का यहां संगठनात्मक ढांचा मजबूत नहीं है। उनके मंत्री तो कांग्रेस के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के सबसे बड़े समर्थक बन गए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमृत योजना के टेंडरों में गड़बड़ी की और अपने रिश्तेदारों को अनुबंध दिए। केटीआर ने इसे पद के लाभ का मामला बताते हुए इसे कर्नाटक और झारखंड के विवादों जैसा बताया। बीआरएस के भीतर उठापटक पर केटीआर ने कहा, हमारे 10 विवादित विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। लेकिन अब यह सिलसिला रुक गया है। हालिया विधानसभा चुनावों में हार पर उन्होंने परसेप्शन मैनेजमेंट और कम्युनिकेशन की कमजोरियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों- जैसे 1.60 लाख युवाओं को रोजगार और सरकारी कर्मचारियों के लिए 73प्रतिशत वेतन वृद्धि को जनता तक सही तरीके से पहुंचाने में नाकाम रही। केसीआर की विधानसभा से गैरमौजूदगी पर केटीआर ने कहा, अभी के लिए हम रेवंत रेड्डी का सामना करने के लिए पर्याप्त हैं।

## बुजुर्ग दंपति ने 44 साल बाद लिया तलाक, पति ने जमीन बेचकर 3 करोड़ में किया समझौता

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में तलाक का एक दिलचस्प केस आया है। राज्य के करनाल जिले के एक दंपति ने जीवन के 7वें दशक में तलाक लिया है। दोनों ने अपनी 44 साल पुरानी शादी को तोड़ दिया है और पति ने 3 करोड़ रुपये सेटलमेंट के तौर पर 73 साल की महिला को दिए हैं। जीवन के अंतिम पड़ाव में चल रहे बुजुर्ग दंपति ने 18 साल की कानूनी लड़ाई के बाद अलगाव का फैसला लिया है। 70 साल के पति का कहना था कि उनकी 73 वर्षीय पत्नी मानसिक क्रूरता करती है और वह उससे तंग आ चुके हैं।

सेटलमेंट की रकम चुकाने के लिए पति ने अपनी खेती की जमीन बेच दी और 3 करोड़ रुपये अदा कर दिए। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में दोनों के तलाक पर मुहर लगाई गई। दोनों की 27 अगस्त, 1980 में शादी हुई थी। उनके दो बेटियां और एक बेटा हैं। करीब 25 साल तक यह संबंध अच्छा चला, लेकिन फिर कड़वाहटें पैदा होने लगीं। 8 मई, 2006 का दिन वह था, जब उनके रिश्ते ने अलग ही मोड़ लिया और वे अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद पति ने मानसिक क्रूरता का आरोप लगाते हुए 2013 में तलाक का केस फाइल कर दिया था। वहां से अर्जी खारिज हुई तो फिर हाई कोर्ट पहुंचे।

# छगन भुजबल को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से हैं नाराज

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नए मंत्रियों की शपथ के बाद सियासी गलियारों में फिर तनाव दिखाई दे रहा है। शिवसेना और एनसीपी के दिग्गज नेता भी बगावत पर उतारू हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम एनसीपी के छगन भुजबल का है। अजित पवार ने जब एनडीए से नाता जोड़ने का फैसला किया तो उनका साथ देने में सबसे आगे छगन भुजबल दिखाई दे रहे थे। छगन भुजबल इस समय महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से काफी नाराज हैं। छगन भुजबल राज्य विधानमंडल के सत्र के पहले दिन उपस्थित रहने के बाद वापस चले गए। मंत्री पद न मिलने पर छगन भुजबल ने खुलकर नाराजगी जाहिर की है। छगन भुजबल ने संकेत दे दिया है कि वह अब विकल्प की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे के कदम के बारे में वह कार्यकर्ताओं से सलाह करेंगे। जानकारों का कहना है कि छगन भुजबल के पास सबसे आसान विकल्प शरद पवार के पास वापस जाना है। चर्चा हो रही है कि 80 के दशक से महाराष्ट्र की राजनीति में कई अहम पदों पर रहे और राज्य में एक प्रमुख ओबीसी चेहरा रहे छगन भुजबल को कैबिनेट से बाहर करने की हिम्मत आखिर अजित पवार ने की कैसे। जानकारों का कहना है कि इसके पीछे दो वजहें हैं। पहला कारण यह है कि मराठा आंदोलन के समय छगन भुजबल और उनके समर्थकों का जो रुख था वह अजित पवार के लिए समस्या पैदा करने वाला था। छगन भुजबाल मनोज जरांगे के सख्त खिलाफ थे जिससे एनसीपी को नुकसान हो सकता था। इसके बाद भी छगन भुजबल अपने पर अडिग थे। कई बार छगन भुजबल ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ऐसे में अजित पवार और छगन भुजबल के बीच भी कई मौकों पर असहमति नजर आई। मनोज जारांगे के आंदोलन के दौरान



छगन भुजबल ने स्वतंत्र रुख अपनाया। जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का कोई भी व्यक्ति मनोज जारांगे के खिलाफ नहीं बोल रहा था, वहीं छगन भुजबल तीखी आलोचना कर रहे थे। इसके चलते छगन भुजबल एनसीपी में अकेले पड़ गए थे।

अजित पवार को ऐसा लगने लगा कि छगन भुजबल उनके लिए मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में ओबीसी वोटों के नुकसन के डर से उन्हें किनारे करने का फैसला चुनाव से पहले नहीं किया गया। वहीं जब चुनाव में अजित पवार की पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा तो उनमें छगन भुजबल को किनारे लगाने का कॉन्फिडेंस भी आ गया।

खबरे गिरिडीह की

## 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह आउटरीच कैंपेन के तत्वाधान में निकाली गई जागरूकता रैली

**गिरिडीह (निस)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में आज 1 दिसंबर सोमवार को 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर, गिरिडीह से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली का नेतृत्व सचिव सीमा कुमारी मिंज के द्वारा किया गया जिसमें सचिव महोदय के द्वारा बालश्रम, बाल विवाह, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। सचिव के द्वारा यह बताया गया कि यह कार्यक्रम 17 दिसंबर से 16 मार्च 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों सभी पंचायतों में पीएलवी, बालश्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी लगातार



जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय धनंजय कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सौरभ कुमार गौतम एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सचिव ने सभी मीडिया साथीयो से अपील की है कि इस कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक आम जनों तक पहुंचाएं ताकि लोगों को इसका लाभ दिया जा सके। इस कार्यक्रम मे लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सभी विद्वान अधिवक्तागण, सभी विद्वान मध्यस्थ, पीएलबी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार,शालिनी प्रिया ,सुनील कुमार तथा न्यायालय कर्मी राजेश कुमार, नवनीत कुमार दराद, ताबिश जहूर उपस्थित रहे।

## अरुण कुमार सिन्हा को अजरबैजान में मिला बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड

**गिरिडीह (निस)।** गिरिडीह से अपने बिजनस की शुरूआत करने वाले झारखंड के नामी बिजनेसमैन अरुण कुमार सिन्हा को विदेश की धरती अजरबैजान में बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड मिला है। राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन



अरुण कुमार सिन्हा ने 27 वर्षों के अपने सफर में कंपनी को कई सफलताएं दिलाई है। आज ईनकी कंपनी में हजारों लोग कार्यरत है।बताया गया कि रेडियो ऑरेंज की ओर से अजरबैजान में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया था। जिसमें देश के चुनिंदा लोगों को सम्मानित किया गया। अरुण कुमार सिन्हा भी इनमें से एक थे जिन्हें उनकी उत्कृष्ट सफलता के लिए बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दे के अरुण कुमार सिन्हा की कंपनी देश के विभिन्न शहरों में कार्यरत है और यह मैन पावर सप्लाई की एक विश्वसनीय कंपनी है।अरुण की सफलता पर झारखंड के कई प्रमुख लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गिरिडीह (निस)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गिरिडीह जिले के आकांक्षी प्रखंड जमुआ में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन माननीया विधायक जमुआ, प्रमुख, बी सूत्री, उप प्रमुख, बीडीओ और सीडीपीओ जमुआ, नीति आयोग के ब्लॉक फेलो, रितेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें हो रही परेशानियों से अवगत हुआ गया। इस दौरान दिव्यांगजनों के लिए ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी आदि के संबंध में पूछताछ कर जल्द ही उन्हें उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस शिविर के माध्यम से 175 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की परेशानियों का मूल्यांकन किया गया।

## प्रिंसिपल के घर दिन-दहाड़े हुई चोरी

**गिरिडीह (निस)।**

शहर के मकतपुर एसबीआई रोड स्थित पतरातु बीएनएस डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल मनीष सिन्हा के घर मंगलवार को दिन दहाड़े चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए करीब 15 हजार नगद सहित करीब पांच लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना के वक्त मनीष सिन्हा का पुत्र घर की छत पर था, जबकि मनीष सिन्हा पतरातू और उनकी पत्नी स्कूल में मामले की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालना शुरू कर दिया। सीसीटीवी में कैद फुटेज के अनुसार एक महिला अपने दो बच्चों के साथ प्रिंसिपल मनीष सिन्हा



के घर में घुसी और एक कमरे में अलमारी के अंदर रखे 15 हजार नगद सहित सारे जेवरात लेकर चलती बनी। बताया जाता है कि गृह स्वामी मनीष की पत्नी श्वेता सिन्हा भी ड्यूटी के लिए बुलाकी रोड स्थित बी एन एस डी ए वी स्कूल गई हुई थी। जबकि बेटा घर की छत पर था। इसी दौरान अपने दो बच्चों के साथ घर में घुसी महिला ने घटना को अंजाम दिया। जब बेटा छत से नीचे आया तो देखा कि आलमारी खुली हुई है तो उसने अपनी मां को कॉल किया। बेटे की बात सुनकर मां श्वेता सिन्हा घर लौटीं और मामले की सूचना पुलिस को दी।

## सोनासिति पुल के समीप सड़क हादसे में दो की मौत

**गिरिडीह (निस)।**

सरिया थाना क्षेत्र के सोनासिति पुल के समीप मंगलवार को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतक दोनों युवक आपस में ममेरे फुफेरे भाई थे। घटना की जानकारी मिलते ही सरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगोदर ट्रामा सेंटर भेज दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन भी बगोदर पहुंचे। मृतकों में रोहित पासवान जहां सरिया के कंचनपुर गांव का रहने वाला था। वहीं मोहन पासवान धनवार थाना क्षेत्र के राजुडीह गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार दोनो भाई एक ही बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सोनासीटी पुल के समीप बाइक एक गड्ढे में जा गिरा, गड्ढा बड़ा होने के कारण दोनों भाई



बाइक के साथ गिर पड़े। जिससे दोनों की मौत हो गईं। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक विनोद सिंह भी बगोदर के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### ठंड के दस्तक देने के साथ ही बाजारों में गीजर, हीटर और ब्लोअर की मांग बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ठंड के दस्तक देने के साथ ही बाजारों में गीजर, हीटर और ब्लोअर की मांग बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि इस साल इनकी कीमतों में करीब 10 फीसदी का इजाफा हुआ है। खासतौर पर 15 लीटर का गीजर की सबसे ज्यादा डिमांड है। हालांकि, हीटर की बिक्री अभी धीमी है लेकिन ठंड बढ़ने पर इसमें उछाल हो सकता है। दिल्ली के बाजारों में वर्तमान में गीजर के तीन वैरायटी 15, 25 और 35 लीटर की बिक्री हो रही है। इस बार मार्केट में आधुनिक फीचर के साथ गीजर आए हैं। इसकारण दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों के मुताबिक, 6 हजार से लेकर 15 हजार के रेट में गीजर बिक रहे हैं। दिल्ली के अलावा एनसीआर से भी गीजर की डिमांड बढ़ी है। इलेक्ट्रीक बाजार के दुकानदार के अनुसार, फिलहाल गीजर की मांग ज्यादा है, लेकिन हीटर की बिक्री भी बढ़ने लगी है। बाजार में मुख्य रूप से दो प्रकार के हीटर उपलब्ध हैं, जिसमें ऑयल हीटर की मांग अधिक है। ऑयल हीटर सामान्य इलेक्ट्रिक हीटर से थोड़ा महंगा जरूर होता है लेकिन इसके कई फायदे ग्राहकों की पसंद बना रहे हैं। ऑयल हीटर हीटिंग ऑयल के जरिए गर्मी उत्पन्न करते हैं। इसमें करंट से ऑयल गर्म होता है और धीरे-धीरे पूरे कमरे में गर्मी फैलती है। इनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये कमरे को लंबे समय तक गर्म रखते हैं और हवा को शुष्क नहीं बनाते। इससे स्किन को भी किसी तरह का नुकसान नहीं होता, जो सर्दियों में एक आम समस्या है। इनकी कीमत लगभग 1200 रुपए है। इसके अलावा अन्य प्रकार के हीटर भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 200 रुपए से शुरू होकर 1500 रुपए तक जाती है। अलग-अलग जरूरत और बजट के हिसाब से ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं।

### बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने का ऐलान किया। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 58वीं बैठक में 52 इकाइयों के 28,881.55 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। 35 इकाइयों के 609.26 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति दी गई। बोर्ड में शामिल उद्योग सचिव और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा सरकार ने राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। हाल ही में खाद्य प्रसंस्करण निवेश बैठक और उद्यमी पंचायत का आयोजन किया गया। उद्यमी योजनाओं के लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त की राशि का वितरण भी किया गया। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बिहार बिजनेस कनेक्ट की घोषणा की है, जो 19-20 दिसंबर को पटना में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में निवेशकों को राज्य के उद्योग विकास प्रस्तावों के बारे में जानकारी और व्यापारिक संपर्क साधने का मौका मिलेगा। बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के इस प्रयास से राज्य के औद्योगिक विकास को सुनना मिलेगा और नौजवानों को रोजगार के नए अवसरों की साधना होगी।

### ताइवान की लैपटॉप कंपनी चेन्नई संयंत्र के साथ भारत में विनिर्माण करेगी शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ताइवान की लैपटॉप विनिमार्ता कंपनी एमएसआई भारत में अपना विनिर्माण परिचालन शुरू कर रही है। इसके अनुसार एमएसआई भारत में अपनी दो लैपटॉप मॉडल एमएसआई मॉडर्न 14 और एमएसआई थिन 15 के स्थानीय रूप से विनिर्मित संस्करण पेश करेगी। इन लैपटॉप की कीमत क्रमशः 73,990 रुपये और 52,990 रुपये से शुरू होगी। एमएसआई ने अपने बयान में कहा कि भारत एमएसआई के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और ब्रांड अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की मांग बढ़ रही है और इसलिए उन्होंने वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले स्थानीय रूप से विनिर्मित उपकरणों की पेशकश करने का निर्णय लिया है। एमएसआई इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की महत्वपूर्णता को मानते हुए इस नए पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से एमएसआई के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है और उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हम विनिर्माण की प्रक्रिया भारत में शुरू कर रहे हैं। एमएसआई की इस पहल से भारतीय प्रौद्योगिकी सेक्टर में नई ऊर्जा और उत्साह भरने की संभावनाएं बढ़ेंगी और लोगों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा।

### डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की

**मुंबई (एजेंसी)।** डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने चीनी मोबाइल फोन विनिमार्ता वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की है, जिसमें डिक्सन वीवो के लिए और अन्य निमार्ताओं के लिए भी फोन बना सकती है। इस संयुक्त उद्यम से होम इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस कंपनी (ईएमएस) को देश के मोबाइल फोन असेंबली बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल हो सकती है। डिक्सन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सौदा डिक्सन को 22-23 फीसदी की हिस्सेदारी मिलने में मदद करेगा और वीवो को स्मार्टफोन और फीचर फोन बाजार में भी 20 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल हो सकती है। डिक्सन की सालाना स्मार्टफोन उत्पादन क्षमता है और कंपनी इस वर्ष लगभग 3 करोड़ फोन असेंबल कर रही है। दूसरी ओर वीवो जो हर साल लगभग 3 करोड़ स्मार्टफोन बेचती है, कुछ प्रतिशत माइक्रोमैक्स से लाती है।

# भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट

**मुम्बई (एजेंसी)।**



भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी बाजार टूटा है। दिग्गज कंपनयों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर में गिरावट से भी भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले ब्याज दरों में कटौती की संभावना को देखते हुए भी सतर्क रुख अपनाते दिखे । इससे भी बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 1.30 फीसदी तकरीबन 1064.12 अंक की बड़ी गिरावट के साथ ही 80,684.45 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.35 अंक तकरीबन 332.25 अंक की गिरावट के साथ ही 24,336.00 पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 48 के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स की सभी कंपनियों के शेयर मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। भारती एयरटेल का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 फीसदी गिरा। इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस , रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी बैंक, एलएडंटी, बजाज फिनसर्व,अल्ट्रा सीमेंट के शेयरों में अधिकतर गिरावट रही। वित्तीय और उर्जा शेयरों में भारी बिकवाली की वजह से भी शेयर बाजार नीचे आया। साथ ही निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 दिसंबर की बैठक से पहले ब्याज दरों में कटौती के संकेतों को लेकर सतर्क रुख अपना रहे हैं। इसकी वजह भी बाजार में आज बिकवाली देखने को मिल रही है। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह भी बाजार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंकों की गिरावट लेकर खुला जबकि निफ्टी 24,600 से नीचे आ गया। खुलने के बाद बाजार में गिरावट बढ़ गई। सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा टूट गया। निफ्टी 50 भी करीब 250 अंक फिसलकर 24500 के नीचे आ गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली हावी रही। दक्षिण कोरिया में बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे क्योंकि देश में राजनीतिक अनिश्चितताओं का निवेशकों की भावनाओं पर असर पड़ रहा है।

## सोने के सबसे सस्ते स्रोत के रूप में उभरा भूटान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आपको यह जानकर हैरानी होगी कि हमारा छोटा सा पडोसी देश भूटान अब सोने के सबसे सस्ते स्रोत के रूप में उभरा है। भूटान में सोने की कीमतें अन्य देशों की तुलना में बहुत कम हैं और इसके पीछे कुछ अहम कारण हैं। सबसे बड़ी वजह यह है कि भूटान में सोना टैक्स-फ्री है। इस देश में सोने पर कोई कर नहीं लगता, जिससे सोने की कीमतें बहुत सस्ती हो जाती हैं।

इसके अलावा, भूटान में आयात शुल्क भी बहुत कम है, जो सोने की कीमतों को और भी सस्ता बना देता है।

इसके कारण, यहां सोने की कीमत अन्य देशों के मुकाबले काफी कम होती है। भूटान की मुद्रा और भारत की मुद्रा की कीमत समान होने के कारण, भारतीय पर्यटकों के लिए यहां सोना खरीदना और भी सुविधाजनक हो जाता है। लेकिन अगर आप भूटान से सोना खरीदने का सोच रहे हैं, तो आपको कुछ नियमों का पालन करना पड़ेगा। सबसे पहले, आपको भूटान में सोना खरीदने के लिए सरकारी प्रमाणित होटल में कम से कम एक रात रुकना होगा। इसके अलावा, आपको सोने की खरीदारी के लिए अमेरिकी डॉलर लाना पड़ेगा। भारतीय पर्यटकों को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 1,200 से 1,800 रुपये की सस्टेनेबल डेवलपमेंट फीस का भुगतान भी करना होता है। सोना केवल भूटान के ड्यूटी-फ्री दुकानों से खरीदा जा सकता है, जो आम तौर पर विलासिता की वस्तुएं बेचती हैं और इनका स्वामित्व भूटान के वित्त मंत्रालय के पास होता है। इन दुकानों में सोना खरीदने पर आपको एक रसीद लेनी जरूरी होती है, ताकि आपके द्वारा की गई खरीदारी वैध मानी जाए। हालांकि, भूटान में सोने की कीमतें सस्ती हैं, लेकिन इसकी खरीदारी के लिए कुछ नियम और प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है।

## भारत, न्यूजीलैंड ने व्यापार बढ़ाने के उपायों पर की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय व्यापार के बढ़ावे की दिशा में समझौते पर हुई चर्चा में दोनों देशों की मंत्रियों ने व्यापार और निवेश समेत अन्य क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के विचारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि इस चर्चा में सहयोग और व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने की चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2023-24 में 87.34 करोड़ डॉलर था, जो पिछले साल की तुलना में कम था। समझौते को लेकर 2013 से बातचीत रुकी हुई थी, लेकिन इस चर्चा से उम्मीद है कि दोनों देश व्यापार समझौते को फिर से सकारात्मक दिशा में ले जाएंगे। इस चर्चा से साझेदारी को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पिछले 10 वर्षों में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है। 2024 में फलों की उपलब्धता में 7 किलोग्राम और सब्जियों की उपलब्धता में 12 किलोग्राम का इजाफा हुआ है। यह दावा किया गया है भारतीय स्टेट बैंक की ताजा रिपोर्ट में। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 227 किलोग्राम फल और सब्जियां उगाई जाती हैं, जबकि प्रति व्यक्ति की आवश्यकतानुसार 146 किलोग्राम का उत्पादन पर्याप्त है। इसका मतलब यह है कि भारत में फलों और सब्जियों का उत्पादन आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है। कुछ राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ा है, लेकिन कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादन में गिरावट भी देखी गई है। हालांकि, इस बढ़ोतरी के बावजूद, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 30 से 35 प्रतिशत फल और सब्जियां जल्दी खराब होने वाली होती हैं, और कटाई, भंडारण, परिवहन तथा पैकेजिंग के दौरान भी इनका एक हिस्सा नष्ट हो जाता है, जिससे खपत प्रभावित होती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, हाल के वर्षों में मौसम की खराब स्थितियां जैसे गर्मी और शीतलहर ने कृषि उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। उदाहरण के लिए, गेहूं की फसल पर 1 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से 3-4 प्रतिशत पैदावार में कमी हो सकती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि नवंबर 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई है, जो अक्टूबर के 6 प्रतिशत से घटकर 5.48 प्रतिशत हो गई। इसका प्रमुख कारण सब्जियों की कीमतों में तेजी से आई गिरावट थी। अक्टूबर में सब्जियों की मुद्रास्फीति 42.2 प्रतिशत थी, जबकि नवंबर में यह घटकर 29.3 प्रतिशत हो गई।


## नगर परिषद् कार्यालय, साहिबगंज

ज्ञापांक–3182./रा0 दिनांक–16.12.2024

शुद्धि– पत्र
(PRN NO – 341861)

कार्यालय ज्ञापांक–3116/स0, दिनांक 11.12.2024 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन डाक/सैरात बन्दोवस्ती सूचना में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| पैकेज क्रमांक | महालों (सैरातों) का नाम | वित्तीय वर्ष 2024–25 (तीन माह) एवं 2025–26 (12 माह) की सुरक्षित जमा राशि (Base Price) | जमानत की राशि रू.(round off) | बट्टी वसूली हेतु निर्धारित संशोधित दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | सहिबगंज नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत सभी चौक चाराहो, गोलम्बर आदि स्थलो पर होडिंग लगाने का अधिकार, माइकिंग से प्रचार –प्रसार (Pol Hording) शुल्क। | 91,750.00 (तीन माह) | 46000.00 | 40 रू0 प्रति वर्ग फीट/वर्ष (प्रतिमाह– 3.35रू0 प्रति वर्ग फीट) |
| | | 3,67,000.00 (बारह माह) | | |
| | | कुल– 4,58,750.00 | | |

नोट :– विस्तृत जानकारी के लिए http:/www.udhd.jharkhand.gov.in /कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी–सह–प्रशासक, नगर परिषद् साहिबगंज।

PR.NO.342202 Urban Development and Housing(24-25):D



## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल करियर सेन्टर दुमका

भर्ती कैम्प सूचना

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत दिनांक :–20 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका द्वारा भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 20 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार ) को प्रातः 10:00 से 3.00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका में आयोजित भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Birsa Security and super service | 20-12-2024 | Security Guard | 220 | 8th Pass | Male | 18-40 | 10000-18000 | Jharkhand & W. Bengal |
| | | | Helper | 70 | 8th Pass | Male | 18-40 | 12000-15000 | |
| | | | Gun Man | 2 | 10th Pass | Male | 18-45 | 18000-21000 | |
| 2 | SBI Life Insurance Dumka | | Life Mitra | 30 | 10th Or Above | M/F | 18-45 | Commision Based | Dumka |

नोट :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल & www.jharniyojan.jharkhand.gov.in के होम पेज के New Jobseeker में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका

PR 342201 (Labour Employment and Traning)24-25*D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़

अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

सूचना सं0–.WRD/IRR.DIV.PAKUR--- Re-F2-14/2024-25 (3rd Call) Date-17.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़। |
| 2 | बेवसाईट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 20/12/2024 के 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| 3 | निविदा अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 26/12/2024 के संध्या 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 28/12/2024 01:00 बजे अपराहन में। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़ |
| 6 | योजना मद का नाम | DMFT |
| 7 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9931811963 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 8294086758 |

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क सं | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्रखंड का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 में | अग्रधन की राशि रु0 में | परिमाण विपत्र की राशि रु0 मे | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | पंचायत बासेतकुण्डी,ग्राम– भिण्डीबोना ग्रामीण पथ पर अल्फ्रेड टुडू के घर से एलियस टुडू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पाकुड़िया | 22,36,672.00 | 45000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 02 | 05 | पंचायत बासेतकुण्डी,ग्राम– भिण्डीबोना ग्रामीण पथ से इसराईल टुडू के घर से तीन सीमाना मोड़ तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | पाकुड़िया | 17,15,167.00 | 34500.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 03 | 15 | बाजलापाड़ा में रानीला किस्कू के घर से कल्भर्ट तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | पाकुड़िया | 22,67,420.00 | 46000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 04 | 18 | पंचायत केन्दुवा ,ग्राम– केन्दुवा में PWD सड़क से धर्मपुर सड़क तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | हिरणपुर | 12,20,700.00 | 25000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 05 | 21 | ग्राम रामनाथपुर में मेन रोड से घुडु टुडू के जमीन तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | हिरणपुर | 24,81,800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 06 | 22 | घाघरजानी में मेन रोड से स्कुल होते हुए घाघरजानी फुटबॉल मैदान तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | हिरणपुर | 7,09000.00 | 15000.00 | 5000.00 | 90 दिन। |
| 07 | 23 | धोवाडंगाल में माँझीथान से लेकर प्रा0 विद्या0 धोवाडंगाल थाना तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | हिरणपुर | 14,13,000.00 | 28500.00 | 5000.00 | 90 दिन। |

नोट:–9. सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार किये जाएंगे ज्यादा जानकारी http://jharkhandtender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
10. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार्य होगा। प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकता है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
11. विभागीय पत्रांक–430 दिनांक–19.11.2020 के अनुसार निविदित दर अनुमान्य दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे दिये जाने पर 10 प्रतिशत से नीचे के दर पर Additional performance security देय होगी।
12. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल Online माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल पाकुड़

PR 342185 Irrigation(24-25)#D



ज्ञापांक......811......../डी0सी0बी0

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, देवघर, झारखण्ड
## जिला अपराध ब्यूरो

आम सूचना

रौशन कुमार, उम्र करीब–04 वर्ष, (वर्तमान लगभग–6 वर्ष) पे0– कन्हैया कुमार सा0+थाना–इस्लामपुर, जिला–नालंदा, का अज्ञात के द्वारा अपहरण करने के आरोप में प्रतिवेदित हुआ है। जिसका बरामदगी हेतु स्थानीय/राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करना अति आवश्यक है। गुमशुदा बच्चा का हुलिया निम्न प्रकार है:–

पहचान–



1. नाम रौशन कुमार उम्र करीब–04 वर्ष, (वर्तमान लगभग–6 वर्ष)
2. पिता– कन्हैया कुमार सा0+थाना–इस्लामपुर, जिला–नालंदा,
3. रंग–गोरा
4. उँचाई– करीब–3 फीट
5. संपर्क नंबर–6201777582, 7070631155, 8340347316
6. जसीडीह रेल थाना संपर्क नंबर–7004435402, 9471194974

अतः उक्त अपहृत बच्चा का प्रकाशन फोटो के साथ स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा की जाए।

इसे उच्च प्राथमिकता दी जाए।

पुलिस अधीक्षक,
देवघर

PR 342174 Deoghar (24-25)_D



## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पाकुड़

Email Id – dho-pakur@jharkhandmail.gov.in / dho-pakur@nic.in

अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु अति अल्पकालीन
आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25

PR NO - 341474 Agriculture (24-25)#D के द्वारा प्रकाशित अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) के आलोक में संस्था के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा चयन के प्रक्रिया के दौरन मात्रा एकल संस्था द्वारा ही तकनीकी रूप से सक्षम पाया गया। उक्त कारणों से PR NO - 341474 Agriculture (24-25) #D के द्वारा प्रकाशित अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) को रद्द करते हुये पुनः वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | अवयव/मात्रा/सं0/अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति | Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों, फलों तथा साज– सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय की सूची एवं विवरणी कार्यालय के सूचना पट्ट में प्रकाशित |

नोट:– 1. निविदा की शर्ते एवं पूर्ण विवरणी पूर्ववत् रहेगी।
2. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, पाकुड़ से प्राप्त किया जा सकता है।
3. इच्छुक निविदादाता दिनांक 23-12-2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, पाकुड़ में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
4. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 23-12-2024 के अपराह्न 04:00 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, पाकुड़ के कार्यालय प्रकोष्ठ में उद्यान निदेशालय द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकरी, पाकुड़।

PR.NO.342173 Agriculture(24-25):D



## नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर

आम सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद, मधुपुर के गृहधारक जिन्हें 03 नोटिस निर्गत करने के बावजूद भी अपना धृति कर (Holding Tax) जमा नहीं किये हैं। उन्हें इस सूचना के माध्यम से अंतिम रूप से निर्देश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करवा दें अन्यथा उनके विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धारा के तहत् अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

| Sl. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | '0110000111000X1 | MD KAMAR SEKH | LORD SINHA ROAD | 69641.52 |
| 2 | 1 | '0010000254000J1 | SHAHELA SARFARAZ | DOON PUBLIC SCHOOL, N. G. ROAD | 54831 |
| 3 | 8 | '0080000030000D1 | MANORAMA DEVI | RAMJUS ROAD | 44642 |
| 4 | 19 | '0190000459000M0 | RAMSHRAN YADAV | NAYA BAZAR PATHARCHAPTI | 40056 |
| 5 | 15 | '0150000133000M0 | SHYAMA CHARAN GUPTA | PASIYA ROAD, NEAR KODIYA HOSPITAL | 30390.52 |
| 6 | 15 | '0150000132000M0 | SHYAMA CHARAN GUPTA | PASIYA ROAD, NEAR KODIYA HOSPITAL | 30390.52 |
| 7 | 15 | '0150000401000M0 | MRINAL KANTI RAY | S.R D ROAD LALGAR | 30050.28 |
| 8 | 6 | '0060000056000M0 | SAROJ DEVI CHAMARIA | MACHUATAND | 25821.96 |
| 9 | 7 | '0070000368000X1 | SARITA DEVI | KUNDU BANGLOW NEAR DUBAY BABA MANDAIR | 23076 |
| 10 | 18 | '0180000239000M0 | KANCHAN DUTTA OTHERS | KUNDU BANGLA, | 20387.92 |
| 11 | 1 | '0010000337000A1 | MD HUSSAIN ANSARI | LAKHNA MOHALLAH | 20375.6 |
| 12 | 8 | '0080000250000X1 | RIZWANUL HAQUE | THANA ROAD | 20294.2 |
| 13 | 5 | '0050000127000M0 | MD ANAMUL HODA AND MD SANAUL HODA | PANAHKOLA | 20042.4 |
| 14 | 22 | '0220000410000M0 | FULWA DEVI URF SHANTI BHUNIYA | BARA SEKHPURA | 19744 |
| 15 | 15 | '0150000497000M0 | M K BROTHERS & CO. | S R D ROAD NEAR PATEL MILL | 19728 |
| 16 | 1 | '0010000265000X1 | SAJID HAMID | N.G GHATAK ROAD | 19668 |
| 17 | 7 | '0070000245000X1 | MD NASIM | BARI MASJID THANA ROAD MADHUPUR | 19492.8 |
| 18 | 22 | '0220000453000A4 | NAUSHAD ALI KHAN | COLLAGE ROAD PATHARCHAPTI | 19179 |
| 19 | 7 | '0070000260000M0 | VIKASH DALMIA | YOGESH BABU ROAD MADHUPUR | 16312 |
| 20 | 20 | '0200000173000A1 | ANJALI DEVI | NAPIT PARA MEENA BAZAR | 15306 |
| 21 | 20 | '0200000463000X1 | SHIV SHANKAR RAWANI UMA SHANKAR RAWANI DAYA SHANKAR RAWANI AND MADHU DEVI | COLLAGE ROAD GLASS FACTORY MORE | 15080 |
| 22 | 22 | '0220000320000X4 | SHAMSHER ALI KHAN | PATHARCHAPTI | 14696 |
| 23 | 15 | '0150000219000A1 | SHASHI BHUSHAN SINGH | S R D ROAD MADHUPUR | 14117 |
| 24 | 18 | '0180000676000A4 | Devkala devi | Panch Mandir Road, Dwarika Lodge | 13972.44 |
| 25 | 1 | '0010000255000M0 | SARFARAZ AHMED | BEHIND DOON PUPLIC SCHOOL | 13309.72 |
| 26 | 18 | '0180000349000X1 | DEVKI DEVI | KUNDU BANGLOW | 13052.28 |
| 27 | 5 | '0050000145000D4 | UJJWAL KUMAR & OTHERS | RAJBAR ROAD | 12526.44 |
| 28 | 21 | '0210000071000M0 | LALITA DEVI DALMIA | PATHARCHAPTI | 12416.36 |
| 29 | 15 | '0150000680000X1 | Bina Pandey | S R D ROAD | 12268 |
| 30 | 3 | '0030000227000X4 | ABDUL RAJJAK | PANHIKOLA | 12236 |
| 31 | 6 | '0060000335000K1 | RAMKRISHNA MATH MANDIR | PANAHAKOLA | 11958 |
| 32 | 8 | '0080000343000A1 | SHOBHA DEVI | RAM CHANDRA BAZAR HATIA ROAD | 11905.44 |
| 33 | 3 | '0030000042000A1 | ARIJIT SEN GUPTA | HARLATAND | 11396.8 |
| 34 | 10 | '0100000464000A1 | ZAKIYA PRAWEEN | BELPARA ROAD | 11392 |
| 35 | 21 | '0210000259000A1 | MADHURI DEVI | BANK COLONY HOUSE NO 68A MEENA BAZAR | 11095.08 |
| 36 | 21 | '0210000285000M0 | REYAZUDDIN HASHMI | SADHU SANGH PATHARCHAPTI NEAR POKHAR | 11005.12 |
| 37 | 10 | '0100000234000A1 | MD IQBAL & BROTHERS | NABI BOX ROAD | 10984 |
| 38 | 1 | '0010000233000A1 | RAUSHAN ARA | SAPAHA | 10961.44 |
| 39 | 8 | '0080000344000X1 | AJIT KUMAR KESHRI | THANA ROAD | 10874 |
| 40 | 5 | '0050000178000X4 | BINAY KUMAR SHARMA , PANKAJ KUMAR SHARMA, UMESH KUMAR SHARMA AND USHA DEVI | RAJBARI ROAD | 10604.4 |
| 41 | 8 | '0080000274000A1 | SEHDEV DAS | RAILWAY FOOTBALL GROUND HAJI GALI | 10556.08 |
| 42 | 19 | '0190000161000M0 | BISWAJIT GHOSHAL & MRINMOY GHOSHAL | BARA SEKHPURA NEAR RAMLILA MAIDAN | 10519.6 |
| 43 | 1 | '0010000494000A1 | SAMIR ALAM FARID ALAM AND MD MAZID ALAM | MADINA MOHALA | 10470 |
| 44 | 18 | '0180000487000H1 | SANTOSH KUMAR HAZAM | NAYA BAZAR | 10440 |
| 45 | 2 | '0020000353000A4 | MANISHA AGRAWAL | KALIPUR TOWN | 10252 |
| 46 | 6 | '0060000122000A1 | NOORJAHAN KHATOON | PANAH KOLA | 10169.2 |
| 47 | 2 | '0020000050000A1 | RAMESH KUMAR YADAV | KALIPUR TOWN, | 10019.72 |
| 48 | 18 | '0180000473000M0 | LALITA DEVI DALMIA | PANCHMANDIR ROAD | 9968.4 |
| 49 | 22 | '0220000372000M0 | ANIL KUMAR SAW | BARA SHEKHPURA | 9800 |
| 50 | 14 | '0140000173000X1 | ZAHIDA KHATOON | S R DALMIA ROAD | 9739.6 |

PR.NO.342197 Deoghar(24-25):D

ह0/– प्रशासक, नगर परिषद, मधुपुर।

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्जिया के पर्वतीय रिसॉर्ट गुदौरी के रेस्तरां में 12 भारतीय मृत मिले : भारतीय मिशन



**त्बिलिसी, एजेंसी।** जॉर्जिया के पर्वतीय रिसॉर्ट गुदौरी के एक रेस्तरां में 12 भारतीय नागरिक मृत पाए गए. यहां स्थित भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी. जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुरुआती जांच में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले. स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि सभी पीड़ितों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से हुई है. त्बिलिसी में स्थित भारतीय मिशन ने कहा कि सभी 12 पीड़ित भारतीय नागरिक थे. हालांकि, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मृतकों में 11 विदेशी हैं जबकि एक उसका नागरिक था. बयान के मुताबिक, सभी मृतक उक्त भारतीय रेस्तरां में बतौर कर्मचारी काम कर रहे थे और उनके शव दूसरी मंजिल पर स्थित शयन कक्षों में पाए गए. भारतीय मिशन ने यहां जारी एक बयान में कहा, ''मिशन को अभी-अभी जॉर्जिया के गुदौरी में 12 भारतीय नागरिकों की मौत की जानकारी मिली है. शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना. मिशन मारे गए भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है. हर संभव सहायता दी जाएगी. स्थानीय पुलिस ने जॉर्जिया की आपराध संहिता की धारा 116 के तहत जांच शुरू की है. यह धारा लापरवाही से मौत से जुड़ी है. पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, शयन कक्षों के पास एक बंद स्थान में विद्युत जनरेटर रखा गया था, जिसे संभवतः शुक्रवार रात को विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद चालू किया गया था.उसने बताया कि 'मौत का सटीक कारण' जानने के लिए फोरेंसिक जांच भी की जा रही है.

### कनाडाई पीएम ट्रूडो को झटका, वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड का इस्तीफा

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दे दिया है. कनाडा के पीएम



जस्टिन ट्रूडो की सबसे शक्तिशाली मंत्री थीं. फ्रीलैंड ने सोमवार को घोषणा की कि वह कैबिनेट से इस्तीफा दे रही हैं, क्योंकि ट्रूडो लोकप्रियता में गिरावट से जूझ रहे हैं. ट्रूडो सरकार की सबसे ताकतवर मंत्री फ्रीलैंड के इस्तीफे को तगड़ा झटका माना जा रहा है. फ्रीलैंड, जो उप प्रधानमंत्री भी थीं, ने कहा कि ट्रूडो ने उन्हें शुक्रवार को बताया था कि वह अब उन्हें वित्त मंत्री के रूप में काम करते हुए नहीं देखना चाहते हैं और उन्होंने मुझे कैबिनेट में एक और पद की पेशकश की. फ्रीलैंड ने कहा कि इस प्रस्ताव पर चिंतन करने के बाद मैंने निष्कर्ष निकाला है कि मेरे लिए मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना ही एकमात्र ईमानदारी वाला रास्ता है. फ्रीलैंड ने ट्रूडो को एक्स पर पोस्ट किए गए एक पत्र में कहा, पिछले कई हफ्तों से, आप और मैं कनाडा के लिए आगे बढ़ने के सर्वोत्तम रास्ते को लेकर असमंजस में हैं. वहीं स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि फ़रीलैंड और ट्रूडो अस्थायी कर छूट और अन्य व्यय उपायों के प्रस्ताव पर भिड़ गए थे. वहीं बताया जा रहा है कि फ्रीलैंड के स्थान पर बैक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी को नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है. कार्नी इससे पूर्व पीएम ट्रूडो के आर्थिक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं. हालांकि कार्नी को वित्त मंत्री बने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स के निर्वाचित सदन में एक सीट से चुनाव लड़ना होगा.

### अपार्टमेंट के ऊपर हाइवे, जहां धड़ल्ले से दौड़ती हैं गाड़ियां



**बीजिंग, एजेंसी।** विज्ञान के साथ ही इंसान ने काफी ज्यादा तरक्की कर ली है, अब इंसान के द्वारा ऐसे-ऐसे नमूने तैयार कर दिए जाते हैं जिस विश्वास नहीं होता है. लेकिन इन दिनों एक वीडियो सामने आया है जिसमें जहां घर की छत पर हाइवे बना हुआ है. इतना ही नहीं, इस पर गाड़ियां और बसें फर्राटा भरती नजर आ रही हैं. वायरल वीडियो में एक सड़क दिखाई पड़ रही है. इस पर वाहन तेजी से गुजर रहे हैं. लेकिन इस पर जरा सा नीचे देखने पर आपको दिखाई देगा कि बिल्डिंग्स हैं. इतना ही नहीं अपार्टमेंट के ठीक ऊपर ओवरब्रिज बना हुआ है, जिस प गाड़ियां दौड़ रही हैं. वहीं अपार्टमेंट भी खाली नहीं है बल्कि इसमें लोग परिवार के साथ रहते हैं. वायरल वीडियो चीन का बताया जा रहा है. इसको इंस्टाग्राम पर itschina.baby नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है. इस वीडियो को अब तक 9 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं और 19 हजार से अधिक लोग पसंद कर चुके है. इसको लेकर एक यूजर ने लिखा- वो तो सब ठीक है लेकिन छत पर कपड़े कैसे सूखेंगे? वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि यदि भूकंप आ गया तो? वहीं अधिकतर यूजर्स का कहना था कि चीन को ओवरब्रिज पर इतना अधिक भरोसा?

# प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने डोमिनिक लेब्लांक को कनाडा का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक रहे लेब्लांक ने सोमवार को ओटावा के रिड्यू हॉल में वित्त मंत्री पद की शपथ ली। नए वित्त मंत्री ने समारोह के बाद कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता कनाडाई लोगों के लिए जीवनयापन की लागत कम करना और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खास सहयोगी लेब्लांक हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रूडो संग रात्रिभोज में शामिल हुए थे। 57 वर्षीय न्यू ब्रंसविक पहली बार 2000 में चुने सांसद गए, वह पूर्व गवर्नर-जनरल रोमियो लेब्लांक के बेटे हैं। लेब्लांक ने कहा कि वह अंतर-सरकारी मामलों के मंत्री का पद अपने पास रखेंगे। इससे पहले क्रिस्टिया फ़्रीलैंड ने ट्रूडो को लिखे एक पत्र में सोमवार सुबह अचानक वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वे देश के लिए सर्वोत्तम रास्ते को लेकर असमंजस में हैं। लिबरल सरकार का आर्थिक अपडेट सोमवार दोपहर जारी किया गया, जिससे पता चला कि घाटा 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष के लक्ष्य से बहुत बड़ा था। अपने त्याग पत्र में फ्रीलैंड ने खुलासा किया कि ट्रूडो ने उन्हें पिछले सप्ताह सूचित किया था कि वह अब उन्हें इस भूमिका में नहीं देखना चाहते हैं और इसके बजाय उन्हें एक और कैबिनेट पद की पेशकश की थी। ट्रूडो ने इस्तीफे पर तुरंत कोई



प्रतिक्रिया नहीं दी। ट्रूडो सरकार कथित तौर पर प्रतिक्रिया में बढ़ी हुई सीमा सुरक्षा और निगरानी में निवेश करने की योजना विकसित कर रही है, लेकिन ट्रंप के सख्त रुख का दबाव भी महसूस कर रही है। फ्रीलैंड द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक अपडेट में सरकार सोमवार को कनाडा की संसद में सीमा योजना का विवरण पेश करने वाली थी। फ्रीलैंड का भी सरकारी खर्च को लेकर ट्रूडो के साथ मतभेद था और उनके इस्तीफा देने के बाद अपडेट का विवरण सामने आया। ये अपडेट तब आए हैं, जब ट्रूडो की लिबरल पार्टी चुनाव की तैयारी कर रही है जो अगले साल अक्टूबर के अंत से पहले होना चाहिए। ट्रूडो ने कहा है कि उनकी योजना पार्टी के शीर्ष पर बने रहने की है। उदारवादियों के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, यदि सहयोगी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी अपना समर्थन खींच लेती है तो इससे किसी भी समय एक नया चुनाव हो सकता है। इस बीच ट्रंप की जीत ने घरेलू चिंताओं को जन्म दिया है कि कनाडा वैश्विक सत्ता-विरोधी रुझानों के अधीन हो सकता है, जो लोकलुभावन पियरे पोइलिव्रे के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी को 2015 के बाद पहली बार सत्ता में देख सकता है। लगभग एक दशक तक सत्ता में रहने के बाद सितंबर में ट्रूडो की अनुमोदन रेटिंग घटकर केवल 33 प्रतिशत रह गई। कौन हैं डोमिनिक लेब्लांक 2015 में लिबरल पार्टी की जीत के बाद से लेब्लांक कई प्रमुख कैबिनेट पदों पर काम कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने सरकार के सार्वजनिक सुरक्षा प्रमुख और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में कनाडा के अरबों डॉलर के बॉर्डर प्रोग्राम को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। डोमिनिक लेब्लांक पिछले महीने कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ फ्लोरिडा में भावी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने भी गए थे। इससे पता चलता है कि वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वह कनाडा-अमेरिका कैबिनेट समिति का भी नेतृत्व करेंगे, जो पद पहले फ्रीलैंड सम्भाल रही थीं। क्रिस्टिया फ्रीलैंड का इस्तीफा इस बीच वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद देश में राजनीतिक अराजकता फैल गई है और प्रधानमंत्री ट्रूडो के नेतृत्व के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। फ्रीलैंड ने कई मुद्दों पर ट्रूडो की नीतियों का विरोध किया था। उन्होंने कहा है कि वह इसलिए इस्तीफा दे रही हैं क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे दूसरा पद संभालने के लिए कहा था। गौरतलब है कि 56 साल की फ्रीलैंड देश की उप प्रधानमंत्री के रूप में भी काम कर चुकी हैं।

### रूसी बलों के साथ मिलकर लड़ रहे उत्तर कोरिया के करीब 30 सैनिक मारे गए

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में सप्ताहांत यूक्रेनी सेना के साथ युद्ध में उत्तर कोरिया के करीब 30 सैनिक या तो मारे गए या फिर गंभीर रूप से घायल हो गए। 'जीयूआर' नामक एजेंसी ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक कुर्स्क के तीन गांवों के आसपास मारे गए। कुर्स्क वह सीमावर्ती क्षेत्र है, जहां रूस पिछले चार महीने से कब्जा करके बैठी यूक्रेनी सेना को खदेड़ने की कोशिश कर रहा है। 'जीयूआर' ने बताया कि कुर्स्क के एक अन्य गांव के आसपास कम से कम तीन उत्तर कोरियाई सैनिक लापता हो गए। यूक्रेनी के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। लगभग तीन वर्ष से जारी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौत की यह पहली खबर है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने दावों से संबंधित सवाल रूसी रक्षा मंत्रालय को भेजे हैं हालांकि अब तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। अमेरिका के रक्षा विभाग और यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, उत्तर कोरिया ने युद्ध में मदद के लिए लगभग 10,000 सैनिक रूस भेजे हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने पारस्परिक रक्षा समझौते के तहत रूस को युद्ध के लिए अटूट समर्थन का वचन दिया था।

### जेलेंस्की और पुतिन से नरसंहार रुकवाने के लिए बात करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से



लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए बात करेंगे। ट्रंप के मुताबिक वो इस नरसंहार को रुकवाने की कोशिश करेंगे। जनवरी में ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश से पहले ही दोनों पक्षों में जंग में बढ़त हासिल करने की होड़ लगी है। हालांकि अमेरिका से समर्थन प्राप्त करने वाले देश यूक्रेन को इस बात की भी चिंता है कि उसे क्षेत्र की शांति के बदले कुछ रियायतें देने को मजबूर होना पड़ सकता है।

दरअसल ट्रंप, जो बाइडेन प्रशासन द्वारा मास्को के खिलाफ कीव को प्रदान की गई अरबों डॉलर की सहायता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। दोनों देश के राष्ट्रपतियों से बात कर नरसंहार को रोकने की बात डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। ट्रंप ने कहा, हम राष्ट्रपति पुतिन से बात करेंगे साथ ही हम जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रतिनिधियों से भी बात करेंगे। उन्होंने युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, हमें इसे रोकना होगा, यह नरसंहार है। टिप्पणी ऐसे समय में की गई है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में अपनी सेना के आगे बढ़ते रहने के कदम की सराहना करते हुए कहा था कि ये वर्ष ऐतिहासिक रहा। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि वह संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने पर काम करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा कैसे करेंगे।

ज्ञात हो कि ट्रंप ने इस महीने पेरिस में फ्रांसीसी नेता इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक बैठक में जेलेंस्की से मुलाकात की थी, जिसके बाद यूक्रेनी नेता ने दावा किया था कि कीव एक स्थायी शांति और सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है। यूक्रेन के मित्र और पड़ोसी देश पोलैंड ने सोमवार को अपील की कि कीव को शांति वार्ता के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा कि ऐसा करने के लिए पीड़ित को नहीं बल्कि हमलावर को प्रोत्साहित और मजबूर किया जाना चाहिए।


### अमेरिका : विस्कॉन्सिन के स्कूल में गोलीबारी में तीन की मौत, हमलावर भी मारा गया

**विस्कॉन्सिन, एजेंसी।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन के मैडिसन में एक क्रिश्चियन स्कूल में सोमवार को गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गोलीबारी के कारणों का पता नहीं चल सका है. हमलावर स्कूल का नाबालिग छात्र बताया जा रहा है. उसकी भी मौत हो गई. मैडिसन पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स के अनुसार गोलीबारी करने वाला संदिग्ध नाबालिग स्कूली छात्र भी घटनास्थल पर मृत पाया गया. संदिग्ध हमलावर स्कूल का स्टूडेंट मालूम पड़ता है. अग्निशमन प्रमुख क्रिस कार्बन के अनुसार सोमवार को विस्कॉन्सिन के मैडिसन स्थित एक स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद कम से कम सात लोगों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया. उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 10:57 बजे (स्थानीय समयानुसार) स्कूल भेजा गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस गोलाबारी में छह अन्य लोग घायल हो गए. इसमें दो छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है. चार छात्र अन्य क्षेत्र के अस्पतालों में भी हैं. पहले चार लोगों को बचाव दल द्वारा सेंट मैरी अस्पताल ले जाया गया और तीन अन्य को विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय के अस्पतालों में ले जाया गया।

# जस्टिन ट्रूडो को छोड़ना पड़ेगा पीएम पद? पार्टी के 60 सांसद चाहते हैं विदाई; इस्तीफा दे चुके हैं 5 मंत्री

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। उपप्रधानमंत्री और वित्त मंत्री क्रिस्टिना फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद जस्टिन ट्रूडो बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। अब उनकी पार्टी के ही सांसद उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री बताने लगे हैं। कनाडा की मीडिया के मुताबिक ट्रूडो ने अभी निर्णय नहीं लिया है कि वह इस्तीफा देंगे या फिर पद पर बने रहेंगे। हाउस ऑफ कॉमन्स में 153 सीटों के साथ लिबरल पार्टी की सरकार थी। इनमें से 60 सांसद चाहते हैं कि जस्टिन ट्रूडो पद छोड़ दें। सोमवार को कॉकस की बैठक में जस्टिन ट्रूडो को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह भले ही जस्टिन ट्रूडो के लिए मुश्कील घड़ी हो लेकिन कनाडा के लिए अच्छा समय आने वाला है। उन्होंने कहा, शुक्रवार को ही ट्रूडो ने कह दिया था कि वह उन्हें वित्त मंत्री के तौर पर नहीं रखना चाहते बल्कि कोई और पद देने को तैयार हैं। ऐसे में मैंने ईमानदारी का रास्त चुना और इसलिए इस्तीफा दे दिया।

जस्टिन ट्रूडो ने अपने करीबी डॉमिनिक लेब्लांक को नया वित्त मंत्री बनाने का फैसला किया है। इस बीच जस्टिन ट्रूडो ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, प्रधानमंत्री के रूप में आपकी सेवा करना मेरे लिए गर्व की बात है। इसलिए मैं रोज सुबह उठकर सबसे पहले यही विचार करता हूं कि कनाडा के लोगों के लिए इस देश को कैसे बेहतर बनाया जाए। यहां भी जस्टिन ट्रूडो ने कोई



संकेत नहीं दिया कि वह पद पर बने रहेंगे या फिर इस्तीफा दे देंगे।

कनाडा का विपक्ष मांग करने लगा है कि तुरंत चुनाव करवाए जाएं। विपक्ष के नेता पियरे पाइलिवरे ने कहा, ट्रूडो में किसी का भरोसा नहीं बचा है, यहां तक कि उनके कैबिनेट मंत्री भी उनपर भरोसा नहीं करते हैं। केवल जगमीत सिंह को ही उनपर भरोसा है। बता दें कि हाउस ऑफ कॉमन्स में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ने जस्टिन ट्रूडो का ही साथ दिया था। इस बारे में जगमीत सिंह ने कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन उन्होंने अगली बार अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जस्टिन ट्रूडो का साथ देने की बात भी नहीं कही है।

बता दें कि फ्रीलैंड का अचानक इस्तीफे का ऐलान कर देना जस्टिन ट्रूडो के लिए बड़ा झटका है। इस साल ट्रूडो के पांच कैबिनेट मिनिस्टर इस्तीफा दे चुके हैं। इनमें से चार ने यह भी कह दिया है कि वे अगले आम चुनाव में मैदान में नहीं उतरेंगे। इसके अलावा कनाडा अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भी चुनौती का सामना कर रहा है। जस्टिन ट्रूडो को ही इसके लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को 25 फीसदी टैरिफ लगाने की वॉर्निंग दे दी है। इसके अलावा भारत से भी कनाडा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

जस्टिन ट्रूडो की बढ़ती अलोकप्रियता की वजह से पार्टी के अंदर से उनके इस्तीफे की मांग उठ रही है। 2025 में ही कनाडा में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पार्टी के सांसदों को लगता है कि नेतृत्व में बदलाव जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आम चुनाव में पार्टी को झटका लग सकता है।

## कंगाल पाकिस्तान पर कर्ज का बोझ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, 70.36 ट्रिलियन पीकेआर की देनदारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बढ़ते आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान का कर्ज मौजूदा वित्तवर्ष के पहले आठ महीनों में पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) 4,304 अरब तक बढ़ गया है. एआरवाई न्यूज ने आधिकारिक दस्तावेजों का हवाला देते यह रिपोर्ट दी. रिपोर्ट के अनुसार जो लोन फरवरी में 64.810 ट्रिलियन पीकेआर से अधिक था वह अक्टूबर में बढ़कर 69.114 ट्रिलियन पीकेआर तक पहुंच गया. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में टैक्स ईयर एक जुलाई से 30 जून तक होता है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि के दौरान डोमेस्टिक लोन में 4,556 अरब पाकिस्तानी रुपये की वृद्धि हुई जबकि फॉरेन लोन में 251 अरब पाकिस्तानी रुपये की कमी आई. परिणामस्वरूप डोमेस्टिक लोन अक्टूबर तक 47.231 ट्रिलियन पीकेआर रहा जो फरवरी में 42.675 ट्रिलियन पीकेआर था. दूसरी ओर फॉरेन लोन उसी अवधि के दौरान 22.134 ट्रिलियन पीकेआर से घटकर 21.884 ट्रिलियन पीकेआर हो गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले सप्ताह विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दिए जाने वाले 500 मिलियन




अमेरिकी डॉलर से अधिक के बजट सहायता ऋण को रद्द कर दिया था. इसका कारण बताया गया कि इस्लामाबाद चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत बिजली खरीद समझौतों में संशोधन सहित प्रमुख शर्तों को समय पर पूरा करने में विफल रहा था. वाशिंगटन के लोन प्रदाता ने यह भी घोषणा की है कि वह चालू वित्त वर्ष के दौरान कोई नया बजट सहायता ऋण उपलब्ध नहीं कराएगा. इससे पाकिस्तान को और बढ़ झटका लगा है. उसके दो बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए लोन को पाने की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस निर्णय का मुख्य कारण यह है कि पाकिस्तान ने अपना ऋण कोटा काफी हद तक समाप्त कर लिया है. रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में पाकिस्तान सरकार का कर्ज पाकिस्तानी मुद्रा (पीकेआर) 70.36 ट्रिलियन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जो एक चौंका देने वाला आंकड़ा है. इससे देश की आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं. स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में ही संघीय ऋण में 1,448 बिलियन पाकिस्तानी रुपये की वृद्धि हुई।

## पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने की प्रियंका की तारीफ, फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने पर दिया बयान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने के कदम की पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने तारीफ की है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने एक्स पर प्रियंका गांधी के बैग के साथ तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा कि जवाहर लाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पोती से क्या उम्मीद की जा सकती है? प्रियंका बौने लोगों के बीच तनकर खड़ी हुई हैं। यह बेहद शर्मनाक है कि किसी पाकिस्तानी सांसद ने आज तक ऐसा साहस नहीं दिखाया। फलस्तीन लिखा लेकर बैग संसद आई थीं प्रियंका कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं थी, जिस पर फलस्तीन लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा था। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर फलस्तीन शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखाई दिए, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप





में देखा जाता है।

**इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा चुकी हैं प्रियंका :** प्रियंका गांधी वाड्रा गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और उन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इससे पहले जून महीने में, प्रियंका गांधी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि इस्राइल सरकार गाजा में नरसंहारकारी कार्रवाई कर रही है, और उन्होंने उन पर और उनकी सरकार पर बर्बरता का आरोप लगाया था।

# ब्राजील के राष्ट्रपति ने तख्तापलट का लगाया आरोप, कहा- देंगे कड़ी सजा

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ब्रेन सर्जरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं. उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और 2022 में तख्तापलट की कोशिश में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का ऐलान किया है. लूला के डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद सिरियो लिबनेस अस्पताल में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई जो पिछले सप्ताह हुई सर्जरी के बाद से उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी. उनकी मेडिकल टीम और प्रथम महिला रोसांगेला डा सिल्वा उनके साथ मौजूद थीं. लूला ने हिरासत में लिए गए रिटायर जनरल वाल्टर ब्रागा नेट्टो का जिक्र करते हुए कहा, मेरा मानना ??है कि जनरल ब्रागा को निर्दोष होने का पूरा अधिकार है. ब्रागा ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के अधीन रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया था. जांच में हस्तक्षेप करने के प्रयास के आरोपी ब्रागा नेट्टो को सुप्रीम फेडरल कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को गिरफ्तार कर किया गया. फेडकरल पुलिस के अनुसार, बोल्सोनारो कथित तौर पर 2022 में लूला को राष्ट्रपति पद संभालने से रोकने के लिए तख्तापलट की योजना बना रहे थे. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लूला ने कहा कि राष्ट्रपति की हत्या की साजिश में उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों का शामिल होना अस्वीकार्य है. छुट्टी मिलने के बाद लूला गुरुवार तक साओ पाओलो स्थित अपने आवास पर काम करेंगे. उसके बाद उन्हें राजधानी ब्रासीलिया की यात्रा के लिए परमिट प्राप्त करने के लिए सीएटी स्कैन कराना होगा, ताकि वे प्लानाल्टो पैलेस में अपना काम फिर से शुरू कर सकें. 79 वर्षीय लूला ने गंभीर



सिरदर्द की शिकायत की थी, जब उनके मस्तिष्क और मेनिन्जियल झिल्ली के बीच हेमेटोमा पाया गया तो उन्हें इमरजेसी सर्जरी के लिए भर्ती किया गया था. डॉक्टरों ने पुष्टि की कि हेमेटोमा से कोई चोट या अन्य बीमारियां नहीं हुई हैं.

यह मामला अक्टूबर महीने के अंत में राष्ट्रपति निवास, पैलेसियो डा अलवोराडा में लूला के गिरने से जुड़ा था, जब उनके सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी थी और पांच टांके लगे थे, जिसके कारण उन्हें रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने की अपनी यात्रा को ऐन मौके पर कैंसिल करना पड़ा था. ब्राजील के सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेंटा ने पुष्टि की है कि डा सिल्वा 2026 में फिर से चुनाव लड़ेंगे. सीएनएन ब्राज़ील के साथ एक इंटरव्यू में, पिमेंटा ने आश्वासन दिया कि दिमाग में हुए रक्तस्राव के उपचार के बाद राष्ट्रपति का स्वास्थ्य अच्छा है. उन्होंने कहा कि वह देश का नेतृत्व जारी रखने के लिए सबसे योग्य और तैयार व्यक्ति हैं।

**छात्रों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि हिंसा, स्कूल में गोलीबारी पर भड़के राष्ट्रपति बाइडन : वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विस्कोंसिन में एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की। बाइडन ने कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि बंदूक चलाना और हिंसा करना। बाइडन ने देश में बढ़ रही बंदूक संस्कृति को लेकर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि देश की संसद को इस बारे में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। स्कूल में गोलीबारी की घटना पर हैरानी और दुख जताते हुए बाइडन ने कहा कि ऐसी घटनाएं बिल्कुल अस्वीकार्य हैं और हम अपने बच्चों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया कि आज विस्कोंसिन के मेडिसन के परिवार अपनों को खोने के दुख में हैं। हम चाहते हैं कि संसद इस पर तुरंत कोई कदम उठाए। बयान में कहा गया कि न्यूटन से लेकर उवाल्डे, पार्कलैंड और मेडिसन तक स्कूलों में गोलीबारी की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# कॅरियर के अंतिम दौर में कोहली!

## महान क्रिकेटर की भविष्यवाणी से सब हैरान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली के लिए साल 2024 लगभग हर दृष्टि से बहुत खराब रहा है. अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी बेकार बैटिंग के बीच महान क्रिकेटर एलन बॉर्डर ने कोहली को लेकर चिंता प्रकट की है. बता दें कि कोहली ब्रिसबेन टेस्ट में ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंद को खेलकर आउट हुए थे. एलन बॉर्डर अनुसार कोहली अब उन गेंदों को खेलने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वो आमतौर पर खाली जाने देते हैं. इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि कोहली या तो मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं या फिर उनका करियर अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है. एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया चैनल अनुसार एलन बॉर्डर ने कहा, कोहली ब्रिसबेन में जिस तरह आउट हुए, वो अगर बढ़िया फॉर्म में होते तो इस तरह की गेंद को खाली जाने देते हैं. मैं नहीं जानता कि विराट अभी मानसिक रूप से कैसा महसूस कर रहे हैं या फिर अब उनके पास वो स्किल नहीं हैं, जो पहले हुआ करती थीं. विराट कोहली को इसलिए भी आड़े हाथों लिया जा रहा है क्योंकि वो लगातार एक ही गलती को दोहराते जा रहे हैं. वो ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंदों पर बल्ला अड़ा कर खुद मुसीबत मोल ले रहे हैं.



### एक और दिग्गज ने जताई चिंता

एलन बॉर्डर के अलावा इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी माइकल वॉन भी विराट कोहली के लिए कुछ ऐसा ही बयान दे चुके हैं. माइकल वॉन ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड, जहां गेंद में मूवमेंट और बाउंस देखने को मिलता है. ऐसी जगहों पर विराट कोहली जब अपनी बेस्ट फॉर्म में होते हैं तो ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को खाली छोड़ देते हैं. उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली अधिकांश मौकों पर ऐसी ही गेंदों पर आउट हुए हैं जिन्हें वो खाली जाने दे सकते थे. माइकल वॉन ने कहा, मुझे लगता है कि अब उनका टच पूरी तरह खत्म हो चुका है.

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्टः

# इंडिया ने फॉलोऑन बचाया, पहली पारी में स्कोर 252/9

- **बुमराह-आकाश की जोड़ी नाबाद लौटी**

ब्रिस्बेन, एजेंसी। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने नाबाद 39 रनों की साझेदारी करके इंडिया को फॉलोऑन से बचाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है। मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था। रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की।


भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।



## नॉर्वे शतरंज में कार्लसन से होगा विश्व चैंपियन गुकेश का सामना

### इस तारीख से खेला जाएगा टूर्नामेंट

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता।





सबसे युवा विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्माराजू का सामना अगले साल नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। टूर्नामेंट यहां 26 मई से छह जून तक खेला जाएगा। 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता। गुकेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ फिर नॉर्वे में भिड़ने को लेकर रोमांचित हूं। आर्मागेडोंस मजेदार होगा।
गुकेश पिछले साल यहां तीसरे स्थान पर रहे थे लेकिन इस बार विश्व चैम्पियन के रूप में कार्लसन को उनके घर में चुनौती देंगे। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक जेल मेडलैंड ने कहा, यह मुकाबला शानदार होगा । देखना दिलचस्प होगा कि विश्व चैम्पियन का सामना नंबर एक खिलाड़ी से कैसा रहता है । पूरी दुनिया की इस पर नजरें होंगी। नॉर्वे शतरंज में दुनिया के शीर्ष पुरूष और महिला खिलाड़ी छह खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलेंगे।

## रोहन जेटली फिर बने अध्यक्ष, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की बेटी बनी उपाध्यक्ष

नईदिल्ली, एजेंसी। रोहन जेटली को दिल्ली जिला क्रिकेट संघ का एक और कार्यकाल के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने डीडीसीए के विभिन्न पदों के लिए चुनावों में भारत के पूर्व खिलाड़ी कीर्ति आजाद को हराया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन जेटली ने शीर्ष पद की दौड़ में आजाद के 777 वोटों की तुलना में 1,577 वोट हासिल किए। कुल 2,413 वोट डाले गए और जीतने के लिए 1,207 वोटों की आवश्यकता थी।



2020 में रोहन निर्विरोध डीडीसीए अध्यक्ष चुने गए और एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार (1,246 वोट) ने राकेश कुमार बंसल (536) और सुधीर कुमार अग्रवाल (498) को हराकर उपाध्यक्ष पद हासिल किया।
डीडीसीए चुनाव : अन्य पदों के परिणाम
डीडीसीए के अन्य पदों के लिए चुनाव परिणाम की बात करें तो अशोक शर्मा (893) सचिव बने, जबकि हरीश सिंगला (1328) कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए और अमित ग्रोवर (1189) ने संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की। ??अन्य लोगों में आनंद वर्मा (985), मंजीत सिंह (1050), नवदीप एम (1034), श्याम शर्मा (1165), तुषार सहगल (926), विकास कत्याल (1054), विक्रम कोहली (939) डायरेक्टर बने।




## अंकित राजपूत ने अचानक किया संन्यास का ऐलान

### 31 साल की उम्र में लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। सीरीज के दो मुकाबले हो चुके हैं और तीसरा मैच गाबा के मैदान पर हो रहा है। इसी बीच विदेशी टी20 लीग में संभावनाएं तलाशने के लिए भारतीय गेंदबाज अंकित राजपूत ने संन्यास का ऐलान किया है। जबकि वह अभी सिर्फ 31 साल के ही हैं। घरेलू क्रिकेट में वह उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हैं और हाल ही में वह रणजी ट्रॉफी में नजर आए थे।

### फर्स्ट क्लास क्रिकेट में हासिल किए 200 से ज्यादा विकेट

अंकित राजपूत भारतीय टीम के लिए एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल पाए थे। लेकिन उनका घरेलू रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 80 फर्स्ट क्लास मैचों में 248 विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा 50 लिस्ट –ए मैचों में उन्होंने 71 विकेट चटकाए। टी20 क्रिकेट में उन्होंने कुल 105 विकेट हासिल किए।

**सोशल मीडिया पर दी जानकारी**– अंकित राजपूत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं आज बेहद विनम्रता के साथ भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। साल 2009 से 2024 तक मेरी क्रिकेट यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार समय रहा है। मुझे अवसर प्रदान करने के लिए मैं भारतीय क्रिकेट बोर्ड, उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ और कानपुर क्रिकेट संघ का आभार व्यक्त करता हूं।

### आईपीएल में पांच टीमों का रहे हिस्सा

अंकित राजपूत ने पांच आईपीएल टीमों चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का भी आभार व्यक्त किया जिनका वह हिस्सा रहे हैं।

टेबल टेनिस

## मनिका की टीम एशिया बनी वाल्डनर कप चैंपियन, टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया

**ओस्लो, एजेंसी।** टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा सितारों से सजी 'टीम एशिया' का हिस्सा थीं जिसने वाल्डनर कप के पहले आयोजन में 'टीम वर्ल्ड' को हराया। टीम एशिया में मनिका के अलावा टेबल टेनिस के दिग्गज चीन के मा लोंग, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन मेंग, दक्षिण कोरिया के शिन युबिन और कजाकिस्तान के किरिल गेरासिमेंको शामिल थे। टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। स्वीडन के महान खिलाड़ी जान-ओवे वाल्डनर ने टेबल टेनिस को शीर्ष वैश्विक खेल बनाने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट की स्थापना की है।



# सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स 18 दिसंबर से बेंगलुरु में

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक रोमांचक घरेलू सत्र, जिसमें युवा चुनौती देने वाले उभरे और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई, का समापन 77वीं इंटर-जोनल और 86वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के साथ होगा, जो 18-24 दिसंबर तक बेंगलुरु में कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन कोर्ट में खेली जाएगी। चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान के बावजूद अपने-अपने खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप घरेलू सर्किट का शिखर है और हमारे घरेलू सर्किट में प्रतिस्पर्धा के बढ़े हुए स्तर को देखते हुए, बेंगलुरु में बैडमिंटन प्रशंसकों को अगले सात दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले मैच देखने को मिलेंगे और हम युवा खिलाड़ियों के बीच से कुछ नए सितारों के उभरने का इंतजार कर रहे हैं जो अपने स्थापित साथियों को चुनौती देंगे। यह साल का अंतिम बाई टूर्नामेंट होगा, इसका मतलब है कि हमारा कैलेंडर बीडब्ल्यूएफ कैलेंडर के साथ संरेखित है। पिछले कुछ वर्षों में सीनियर नेशनल कितने प्रतिस्पर्धी रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2006-07 में चेतन आनंद द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने के बाद से कोई भी पुरुष एकल खिलाड़ी खिताब बरकरार नहीं रख पाया है और साइना नेहवाल (2006-07 और 2017-18) इसी अवधि के दौरान लगातार खिताब जीतने वाली एकमात्र महिला एकल खिलाड़ी हैं। टीम स्पर्धाओं में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, क्योंकि मौजूदा पुरुष और महिला चैंपियन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र, क्षेत्रीय स्तर पर बाहर होने के बाद इस साल अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में, सेन को दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज, पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट एम. थारुन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रणय शेट्टीगर की अगुआई वाली युवा ब्रिगेड से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।



न्यूजीलैंड इंग्लैंड

# इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी हार

## न्यूजीलैंड क्लीन स्वीप से बची, टिम साउदी की शानदार विदाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कप्तान बेन स्टोक्स मंगलवार (17 दिसंबर) को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बल्लेबाजी करने में असमर्थ रहे। इससे इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट के चौथे दिन चाय से पहले न्यूजीलैंड के हाथों 423 रनों से हार का सामना करना पड़ा। स्टोक्स को तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया और वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इससे इंग्लैंड की टीम 658 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रनों पर आउट हो गई। रन की लिहाज से इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी बार है। न्यूजीलैंड ने रन की लिहाज से संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। 2018 में श्रीलंका को भी उसने 423 रनों से हराया था। कीवी टीम ने इंग्लैंड को सीरीज में वाइटवॉश करने से रोक दिया। इसके साथ ही दिग्गज क्रिकेटर टिम साउदी की टेस्ट क्रिकेट से शानदार विदाई हुई।इंग्लैंड ने पहला टेस्ट8 विकेट से और दूसरा 323 रनों से जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी।



**जो रूट ने 54 और जैकब बेथेल ने 76 रन बनाए**– इंग्लैंड ने मंगलवार को अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 18 रन से शुरू की। तीसरे दिन ही बेन डकेट और जैक क्रॉली आउट हो गए थे। जो रूट ने 54 और जैकब बेथेल ने 76 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। लंच के बाद गस एटकिंसन ने 41 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। ओली पोप ने 17 रन बनाए, लेकिन विकेट लगातार गिरते रहे।

**मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान**– न्यूजीलैंड की जीत में मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने नंबर 8 पर बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाए और मैट हेनरी, टिम साउथी और विल ओ'रुर्के के साथ मिलकर न्यूजीलैंड के आखिरी तीन विकेट के लिए 116 रन जोड़े। इससे न्यूजीलैंड टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के बाद 347 रन तक पहुंच सका।

## विश्व क्रिकेट में पाकिस्तान की किरकिरी, अब नेपाल ने चटाई धूल, हर तरफ हो रही थू-थू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला अंडर–19 एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज 15 दिसंबर को हुआ था. इस बीच सोमवार को ग्रुप बी के मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना–सामना हुआ, जिसमें नेपाल ने 6 विकेट से जीत दर्ज करके क्रिकेट जगत को हैरत में डाल दिया है. अब नेपाल ने अंडर–19 एशिया कप के सुपर–4 में जगह बना ली है, वहीं पाक टीम ग्रुप स्टेज में अपने दोनों मैच हारने से टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 104 रन बनाए थे. जवाब में नेपाल टीम ने एक ओवर शेष रहते 6 विकेट से इस मुकाबले को जीता है.



नेपाल की कप्तान पूजा महातो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. पहले उन्होंने अपने 4 ओवर के गेंदबाजी स्पेल में 27 रन देकर 2 विकेट लिए. वहीं जब बैटिंग की बारी आई तो पूजा ने 47 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाने में बहुत बड़ा योगदान दिया.